
THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 2020 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ . 14, 2079 सोमवार, 24 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 12+8 मूल्य : 8 रुपये



# सहारा ग्रुप के मालिक सुब्रत राय सहारा समेत 11 लोगों पर मामला दर्ज



ग्रेटर नोएडा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय सहारा समेत उनकी कंपनी के 11 अफसरों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा की दादरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में जमा किया गया पैसा वापस नहीं मिलने पर यह केस दर्ज हुआ है। अदालत के आदेश पर दर्ज हुए मुकदमे में निवेशक ने धोखाधड़ी, जालसाजी और अमानत में खयानत का आरोप लगाया है। दादरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दादरी के हनुमान पुरी रेलवे रोड पर रहने वाली कांता देवी पत्नी रतन लाल ने सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में पैसा जमा किया था। कांता देवी ने 26 अप्रैल 2014 को 20,000 रुपये और 26 जुलाई 2018 को 1,08,000 रुपये एफडी के रूप में जमा किए थे। अवधि पूरी होने के बाद कांता ने पैसों के लिए एजेंट से संपर्क किया। कांता देवी ने कंपनी के एजेंट पीके शर्मा के साथ-साथ कर्मचारी जय सैनी व गणेश से भी मुलाकात की और उनसे पैसा वापस दिलाने का अनुरोध किया। कांता का आरोप है कि इन लोगों ने उसे धमकाकर भगा दिया और पैसे देने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह पुलिस में गईं और रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया। पुलिस ने जब उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो कांता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) की अदालत को पूरी जानकारी दी। कांता देवी ने बताया कि इन लोगों से दादरी कार्यालय के बाहर मुलाकात हुई। जमा धनराशि वापस मांगी, लेकिन उन्होंने पैसा नहीं दिया। कांता ने बताया कि ये लोग गिरोह बनाकर ठगी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अदालत ने मामले को सुनने के बाद दादरी कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद दादरी कोतवाली पुलिस ने शनिवार को सराहा ग्रुप के संस्थापक सुब्रत राय समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# छत्तीसगढ़: जंगल में मिला हथिनी का शव

### दूसरी हाथी के साथ हुई लड़ाई में मौत ?

कोरबा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज यानी 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ से एक खबर आई कि कुल 13 लोगों ने मिलकर एक हाथी के बच्चे का मार डाला। मारने के बाद उन लोगों ने हाथी के बच्चे को खेत में गाड़ दिया। वन विभाग ने उन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सब के बीच एक और खबर छत्तीसगढ़ से आ रही है। वन विभाग को छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक हथिनी का शव मिला है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें आशंका है कि हथिनी की मौत किसी अन्य हाथी के साथ लड़ाई में हुई है। प्रतापपुर के अनुमंडल अधिकारी (वन) आशुतोष भगत ने बताया कि शनिवार को प्रतापपुर वन क्षेत्र में टुकुडांड गांव के निकट एक तालाब के किनारे हथिनी का शव देखा गया।

उन्होंने बताया कि पेंडारी जंगल में शुक्रवार की रात वनकर्मियों ने लगभग 35 हाथियों के झुंड के घूमने की आवाज सुनी थी। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथियों के झुंड के बारे में जानने के लिए वन विभाग की टीम पेंडारी जंगल पहुंची। वहां वन विभाग की टीम को एक मृत अवस्था में हथिनी मिली। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 'प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि समूह में अन्य हाथियों के साथ लड़ाई के बाद हथिनी की मौत हो गई। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।' बता दें कि छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से भी एक हाथी के मौत की खबर आई थी। कुल 13 लोगों ने मिलकर एक हाथी के बच्चे मार कर उसे जमीन में गाड़ दिया था। बताया जा रहा है कि इससे नाराज हाथियों की झुंड ने मारने वाले के गांव पर हमला कर दिया था। एक युवक सहित कई जानवरों की जान चली गई।

# पैरेंट्स से चंदा वसूलने को लेकर बैकफुट पर कर्नाटक सरकार

बेंगलुरु, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्राइमरी और हाई स्कूल के प्रबंधन के लिए पैरंट्स पर चंदा देने का नियम कर्नाटक सराकार ने वापस ले लिया है। सरकार ने पैरंट्स से हर महीने स्कूल के विकास के नाम पर 100 रुपये वसूलने का नियम लागू किया था। हालांकि विपक्ष और लोगों की आलोचना के बाद इस फैसले को वापस ले लिया गया। यह नियम 20 अक्टूबर को लागू किया गया था। शनिवार को डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एजुकेशन की तरफ से कहा गया कि तत्काल प्रभाव से 20 अक्टूबर 2022 को जारी किया गया आदेश वापस लिया जाता है। इससे पहले विपक्ष के नेता सिद्धारमैया न भाजपा सरकार पर इस फैसले को लेकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक की भाजपा सरकार स्कूल के गरीब छात्रों को परेशान कर रही है। सरकार के विभाग छात्रों से भी 40 फीसदी कमीशन ले रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार छात्रों को खाना, दूध, यूनीफॉर्म, जूते और हॉस्टल की सुविधा बिना किसी शुल्क के देती थी। यह भाजपा की सरकार है जो कि छात्रों का पैसा भी ले लेना चाहती है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार चलाने के लायक ही नहीं बची है। उन्होंने कहा, स्कूल चलाने के लिए पैसे भी पैरंट्स से ही लेने पड़ रहे हैं।










THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 12+8 मूल्य : 8 रुपये




# पीएम मोदी ने रामलला के दर्शन किए:आरती उतारी

## अयोध्या धाम में पुष्पक विमान यानि हेलीकॉप्टर से प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण पहुंचे।

अयोध्या, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भगवान राम के राज्याभिषेक के लिए अयोध्या सजधज कर तैयार है। पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच गए हैं। पीएम ने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए। आरती उतारने के बाद परिक्रमा की। उन्होंने अपनी जेब से रुपए निकालकर दान पात्र में डाले। इसके बाद वह सरयू किनारे दीपोत्सव में शामिल हुए। पुष्पक विमान से भगवान राम, मां सीता और लक्ष्मण के साथ पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अगवानी की। तिलक लगाकर आरती उतारी।



पीएम मोदी ने पहला दीपक जलाया। इसके बाद 50 लाख दीये जला कर अयोध्या को जगमग कर दिया।

पीएम रामलला में पंचतत्व के प्रतीक 5 दीये जलाए। इसके बाद राम की पैड़ी पर 15 लाख दीये जलाए गए। पूरी अयोध्या की बात करें तो घरों, मंदिरों, चौराहों को मिलाकर कुल 50 लाख दीये जगमग होंगे। सरयू घाटों पर दीयों की जगमगाहट से पूरा वातावरण राममय हो गया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक समेत अन्य नेताओं ने भव्य स्वागत किया। पुष्पक विमान से पुष्प वर्षा भी की गई।

शाम 5 बजे से दीप प्रज्वलन हूटर के संकेत के साथ शुरू हुआ। रामकथा पार्क और सरयू तट पर पीएम का भव्य स्वागत हुआ। शैलेंद्र शास्त्री की अगुवाई में वैदिक मंत्रोच्चार करने के लिए 51 वैदिकों ने सस्वर पाठ किया। रामलला की चौखट से लेकर जगमोहन और परिक्रमा मार्ग पर चारों ओर रंगोली और फूलों की दीवार बनाई गई है। जगह जगह राम-राम लिखा गया है।

रामलला के पीछे राम मंदिर के दोनों ओर जय श्रीराम लिखा गया है। रामलला से लेकर मंदिर निर्माण स्थल तक राममय वातावरण किया गया है। अलग-अलग स्कूल और कॉलेज से 18 हजार स्टूडेंट्स दीया जलाने पहुंचे हैं। सभी कॉलेज के लिए अलग-अलग घाट बांट दिया गया है। अयोध्या में 6 झांकियां निकाली गईं। श्रीराम के जन्म के समय से लेकर उनके राज्याभिषेक तक सभी प्रसंग दिखाए जा रहे हैं। रामलला का दरबार भी सज गया है। सोने का मुकुट और गुलाबी वस्त्र में प्रभु श्रीराम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और हनुमानजी विराजमान हैं।

दीपोत्सव पर रामलला को ये खास कपड़े पहनाए गए हैं। रामलला और उनके भाई भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न एक जैसे कपड़े पहनते हैं, इसलिए चारों भाइयों के लिए एक तरह के कपड़े तैयार किए गए हैं। शाम को पुष्पक विमान रूपी हेलिकॉप्टर से माता सीता और भगवान श्रीराम तीनों भाइयों के साथ उतरे।

### अवकाश सूचना

दीपावली के पावन पर्व पर 24 अक्टूबर को 'स्वतंत्र वार्ता' कार्यालय में अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 26 अक्टूबर को प्रकाशित होगा। (प्रबंधक)




### शुभकामनाएं

पवित्र दीपावली के अवसर पर 'स्वतंत्र वार्ता' के सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकरों तथा सभी हितैषियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

-प्रधान संपादक डॉ. गिरीश कुमार संघी


# हजरत निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे संघ नेता इंद्रेश कुमार

## कहा- सभी धर्मों का सम्मान जरूरी, तभी देश शुक्रवार को पत्थरवार बनाने वालों से मुक्त होगा

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता इंद्रेश कुमार शनिवार को हजरत निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे। दरगाह पहुंचकर उन्होंने चादर चढ़ाई और मिट्टी के दीये जलाए। उन्होंने कहा- निजामुद्दीन दरगाह में 'मिट्टी के दीये' जलाना शांति, समृद्धि और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देता है। इंद्रेश कुमार आरएसएस के राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संरक्षक हैं। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक ने कहा- किसी को भी धर्म परिवर्तन और हिंसा करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। सभी अपने धर्म और जाति का पालन करें। दूसरे के धर्म की आलोचना या अपमान न करें। जब देश में सभी धर्मों का सम्मान किया जाएगा, तो देश शुक्रवार को पत्थरवार बनाने वाले कट्टरपंथियों से मुक्त होगा।

इंद्रेश कुमार ने कहा- दीपावली का त्यौहार भारत समेत दुनियाभर में मनाया जाता है, जो सभी मतभेदों को मिटा देता है। भारत तीर्थों, त्योहारों और मेलों की भूमि है। सभी त्योहार गरीबों को रोटी देते हैं और आपस में भाईचारा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि हर त्योहार हमें सिखाता है कि हमें कट्टरता, द्वेष, नफरत, दंगे या युद्ध नहीं चाहिए। हम शांति, सद्भाव और भाईचारा चाहते हैं। इससे पहले इंद्रेश सितंबर में संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ अखिल भारतीय इमाम संगठन के चीफ इमाम डॉ. उमर अहमद इलियासी से मिलने गए थे। उस दौरान मोहन भागवत को चीफ इमाम डॉ. उमर ने राष्ट्रपिता कहा था। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रवादी मुस्लिमों का संगठन है। यह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़ा है। इसका गठन 2002 में हुआ है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक मुहम्मद अफजल हैं एवं मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार हैं।



दिपावली की शुभकामनाएँ
चोलाराम हाम्बड़ (प्रकाश हाम्बड़)
* अध्यक्ष श्री आईजी गौशाला
* अध्यक्ष सीरवी समाज पारसीगुटा
जे.सी.ज्वैलर्स, पॉट मार्केट

दिपावली की बधाई
बाबूलाल चोयल
पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज जीडिमेटला
चौधरी ज्वैलर्स शापुरनगर

दिपावली की हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ
अमरचन्द अडाणीया
सरंक्षक कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम
श्री गुरुकृपा इलेक्ट्रीकल्स एंड हार्डवेयर
बंडलागुडा रोड नागोल एक्स रोड

दिपावली की हार्दिक बधाई
श्रवणकुमार मालीवाड़
अध्यक्ष कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम
न्यु गणेश किराणा जनरल स्टोर
सब्जी मार्केट उप्पल मैन रोड, हैदराबाद

दिपावली की शुभकामनाएँ
राजु, भोमाराम चौधरी (सेपटा)
: Authorized Distributors :
SYSKA LED V-GUARD
प्रबंधक : गणेश मार्केटिंग
राज ज्वैलर्स एंड पॉन ब्रोकर्स, चिंतलबस्ती, मल्काजगिरी 9700108633, 9441224006

दिपावली की शुभकामनाएँ
रमेश अडाणीया
सहसचिव कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम
कृष्णा कुमावत गौभक्त (समाज सेवी)
मातेश्वरी इलेक्ट्रीकल, हार्डवेयर एंड पेन्टस्
मन्सूराबाद, एल.बी.नगर, हैदराबाद 9000680122

दिपावली की हार्दिक बधाई
शंकरसिंह राजपुरोहित (Dilsuknagar)
कार्यकारी अध्यक्ष तेलंगाना पॉन ब्रोकर्स एंड ज्वैलर्स एसोशिएशन सिकंदराबाद
डायरेक्टर दी ए.पी. महाजन कांरपोरेटिव अर्बन बैंक लि. घासमंडी रोड सिकंदराबाद

दिपावली की हार्दिक बधाई शुभकामनाए
गुलाबसिंह राजपुरोहित
टी.आर.एस.युवा नेता
त्रिभुवन ज्वैलर्स अमीरपेट

दिपावली की हार्दिक बधाई
श्री चौधरी टेक्सटाईल (होलसेल एंड रिटेल)
राजस्थानी वेश, औरणा, फैन्सी साड़ियां, न्यू ड्रेस मटेरियल, शुटिंग-शर्टिंग, जयपुर बेडशीट, सोलापुर चद्दर, टुवाल, राजस्थानी चुन्दड़ी साफा, धोती करोड़पती लहंगा
बाटा शोरुम के पीछे, सुभाष रोड, सिकंदराबाद
9440491077, 9502631077
सुरेश चौधरी

दिपावली की हार्दिक बधाई
कैलाश सारण
उपाध्यक्ष जाट समाज ट्रस्ट
दिव्या ज्वैलर्स एंड पॉन ब्रोकर्स
एन.टी.आर.नगर हैदराबाद

दिपावली की हार्दिक बधाई
गौरीदेवी काग
पंचायत समिति सदस्या, अध्यक्षा महिला मोर्चा बाबरा मंडल पाली (राज.), अध्यक्षा रायपुर पंचायत समिति विकास एवं उत्पादन समिति
चेलाराम काग
हेमा ज्वैलर्स राजेन्द्रनगर

दिपावली की हार्दिक बधाई
पुसाराम काग
अमित, भरत काग गौभक्त (समाज सेवी)
* बालाजी ज्वैलर्स * * ए. एम. फैशन *
फतेहनगर, हैदराबाद

दिपावली की हार्दिक बधाई
गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित
अध्यक्ष, श्री खेतेश्वर गौशाला सेवा समिति निम्बोल
बालाजी डेयरी प्रोडक्टस्, सिकंदराबाद

दिपावली की हार्दिक बधाई
पारसमल शर्मा
(राजू शर्मा, जयप्रकाश शर्मा)
अध्यक्ष श्री पंच द्रविड़ औदिच्य (आमेटा) ब्राह्मण समाज मंडल तेलंगाना
पारस ज्वैलर्स कुशाईगुडा
SHUBH Diwali

दिपावली की हार्दिक बधाई
ढगलाराम सेपटा
उपाध्यक्ष
श्री आईजी गौशाला
बालाजी ज्वैलर्स, अशोकनगर

दिपावली की हार्दिक बधाई
हुक्माराम सनपुरा
(कैलाश सनपुरा)
सहसचिव श्री आईजी गौशाला
महालक्ष्मी ज्वैलर्स नेरेडमेट

दिपावली की हार्दिक बधाई
कानाराम काग
पूर्व अध्यक्ष
श्री आईजी गौशाला
श्री बालाजी ज्वैलर्स, धम्माईगुडा

दिपावली की शुभकामनाएँ
अमरचन्द हाँटवा
सहसचिव
प्रजापति समाज काँटेदान
महालक्ष्मी हार्डवेयर
लक्ष्मीगुडा काँटेदान

दिपावली की हार्दिक बधाई
जगदीश देवासी (लितरिया)
पूर्व अध्यक्ष देवासी समाज संघ-हैदराबाद-सिकंदराबाद

दिपावली की बधाई
नेमीचन्द गोयल
महालक्ष्मी इलेक्ट्रीकल्स
ईश्वर इलेक्ट्रीकल्स
अलवाल हैदराबाद

दिपावली की बधाई
चन्द्रप्रकाश कुमावत
अध्यक्ष कुमावत सेवा समिति चंगीचेरला, उप्पल तेलंगाना
श्री लक्ष्मी हार्डवेयर एंड पेन्टस्, चंगीचेरला

दिपावली की शुभकामनाएँ
दिलीपकुमार लोहार
प्रबंधक
नवदीप सिल्वर पैलेस
पोट मार्केट, तकारा बस्ती, सिकंदराबाद

दिपावली की बधाई
बाबुसिंह राजपुरोहित
(महिलावास)
गौभक्त 9441163288
Prabhu Opticals
Hanuman Tekdi, Hyderabad.

दिपावली की बधाई
Happy Diwali
बन्सीलाल प्रजापत
अध्यक्ष
प्रजापति समाज धम्माईगुडा
सी.बन्सीलाल ज्वैलर्स एंड पॉन ब्रोकर्स
गाजुलारामारम, शापुरनगर

दिपावली की बधाई
मंगलाराम पंवार
सचिव, श्री आईजी गौशाला
श्री लक्ष्मी ज्वैलर्स,
चिरयाल

दिपावली की बधाई
नेमाराम पंवार
सचिव, राजस्थानी मित्र मंडल धम्माईगुडा
गणेश ज्वैलर्स धम्माईगुडा

दिपावली की बधाई
मांगीलाल काग
अध्यक्ष
सीरवी समाज जीडिमेटला
(कालूराम काग गौभक्त)
भवानी सिल्वर पैलेस राजु कॉलनी बालानगर

दिपावली की शुभकामनाएँ
नारायणलाल वरपा
सचिव
सीरवी समाज जीडिमेटला
नरेन्द्र हार्डवेयर, ओल्ड बोइनपल्ली

दिपावली की बधाई
भंवरलाल काग
कोषाध्यक्ष
सीरवी समाज जीडिमेटला
श्री माताजी ज्वैलर्स एंड पॉन ब्रोकर्स
नेहरूनगर जगतगिरीगुट्टा

सभी सीरवी समाज, प्रवासी बन्धुओं को
दिपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सोहनलाल परिहार
सलाहकार सीरवी समाज जीडिमेटला
श्री पद्मा ट्रेडर्स
चिंतल, हैदराबाद

दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
लाबुराम पंवार
( सुरेश, महेन्द्र )
सलाहकार सीरवी समाज पारसीगुट्टा
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, सनतनगर, हैदराबाद
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, के.पी.एच.बी. हैदराबाद

दिपावली की बधाई
पुनाराम हाम्बड़
पूर्व सचिव सीरवी समाज पारसीगुट्टा
रामदेव इलेक्ट्रीकल्स
चकरीपुरम, नागारम

दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
भैराराम काग
9490763858
कार्यकारिणी मेम्बर
सीरवी समाज पारसीगुट्टा
जय भवानी हार्डवेयर, इलेक्ट्रीकल्स हायतनगर

दिपावली की शुभकामनाएँ
शेषाराम परिहारियाँ
गौभक्त
श्री जगदम्बा ज्वैलर्स एंड पॉन ब्रोकर्स
मैन रोड मेडचल तेलंगाना 8499817043

Happy Diwali
विष्णु रामावत
अध्यक्ष तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल सिकंदराबाद
विपुल इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग कम्पनी
ओल्ड भोईगुडा सिकंदराबाद

समाज बंधुओ को दिपावली की बधाई
बाबूलाल वैष्णव
उपाध्यक्ष : तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल
बालाजी बाबुलाल पॉन ब्रोकर्स
सुभाषनगर हैदराबाद

सभी समाज बंधुओ को दिपावली की बधाई
संतोष कुमार वैष्णव
महासचिव : तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल
बालाजी संतोषकुमार ज्वैलर्स
येलम्माबंडा, कुकटपल्ली

दिपावली की शुभकामनाएँ
Happy Diwali
पारसनाथ चौहान
सामाजिक कार्यकर्ता
अलवाल हैदराबाद तेलंगाना

दिपावली की शुभकामनाएँ
हनुमान छिणंग (बिरडावास)
प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आंर्दश जाट महासभा तेलंगाना

दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
सतपाल ढाढिया
अ.भा.आंर्दश जाट महासभा
यदाद्रि भुवनगिरी जिला अध्यक्ष
श्री धनलक्ष्मी ज्वैलर्स आलेर 9866942307

दिपावली की शुभकामनाएँ
गोविन्द सागुंण
* सहसचिव जाट समाज ट्रस्ट तेलंगाना
* लॉयन्स चेयरमेन उपाध्यक्ष आलेर
* अ.भा आंर्दश जाट महासभा यदाद्रि भुवनगिरी जिला उपाध्यक्ष
श्री बालाजी ज्वैलर्स आलेर

दिपावली की शुभकामनाएँ
शंकरलाल सोलंकी
अध्यक्ष संत श्री राजारामजी कलबी समाज ट्रस्ट हैदराबाद-सिकंदराबाद (तेलंगाना)
परमेश्वरा बैंगल्स
बेगम बाजार 9440024878
Deepavali

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
धर्माराम कड़वा
कोषाध्यक्ष
वीर तेजा नवयुवक मंडल भोनगिरी
सलाहकार जाट समाज ट्रस्ट हैदराबाद
जय गणेश ज्वैलर्स
मैन रोड़ भोनगिरी

दिपावली की बधाई
गोविन्द कागट (लहर)
पूर्व कोषाध्यक्ष वीर तेजा नवयुवक मंडल भुवनगिरी
पूजा ज्वैलर्स भोनगिरी

दिपावली की शुभकामनाएँ
चेतन बिजवाण
पूर्व कोषाध्यक्ष वीर तेजा नवयुवक मंडल भुवनगिरी
प्रकाश ज्वैलर्स भोनगिरी

दिपावली की शुभकामनाएँ
जगदीश काग
सहसचिव सीरवी समाज शमशाबाद
गणेश ज्वैलर्स, राजेन्द्रनगर

दिपावली की बधाई
पप्पूलाल प्रजापति
(मुकेश कुमार)
चेयरमैन
प्रजापति समाज कॉटेदान
विमला ज्वैलर्स-पॉन ब्रोकर्स चम्पापेट

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
तेजाराम बेतेड़िया
(रवि, लोकेश प्रजापति)
अध्यक्ष प्रजापति समाज कांटेदान
PRAJAPATHI & ASSOCIATES
ATTAPUR, HYDERABAD.

दिपावली की हार्दिक बधाई
रामसिंह चौहान
अध्यक्ष राजस्थानी राजपूत संघ हैदराबाद-सिकंदराबाद (तेलंगाना)
Happy Deepawali

दिपावली की बधाई
रिड़मलसिंह परिहार
पूर्व अध्यक्ष, राजस्थानी राजपूत समाज हैदराबाद-सिकंदराबाद
एस.आर.एन.इंटरप्राईजेस
सी.टी.सी, पार्कलेन

दिपावली की हार्दिक बधाई
हंसाराम आगलेचा
(अध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा)
श्री बाबा रामदेव ट्रेडिंग कम्पनी करमनघाट

दिपावली की हार्दिक बधाई
हीरालाल सेणचा
(सचिव सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा )
Devi Electricals
Saroornagar

दिपावली की शुभकामनाएँ
दीपाराम काग
कोषाध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
चौधरी ट्रेडर्स, बडंगपेट हैदराबाद

दिपावली की शुभकामनाएँ
गोपलसिंह चौहान
गोपाल मेटल इंडस्ट्रीज
फतेहनगर हैदराबाद 9949899208

दिपावली की बधाई
Sri Jagdish Jewellers
X Roads L.B.Nagar 9440059373
जगदीशप्रसाद काग
अध्यक्ष, सीरवी समाज
एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन

दिपावली की शुभकामनाएँ
प्रकाश सेपटा
सचिव सीरवी समाज
एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन
श्री गणेश एजेन्सीज
एल.बी.नगर, रिंग रोड़ के पास, हैदराबाद

दिपावली की शुभकामनाएँ व हार्दिक बधाई
मोहनलाल चोयल
पूर्व सचिव, सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन
हनुमान प्लाईवुड, चन्द्रा ज्वैलर्स एल.बी.नगर

Happy Diwali
भंवरलाल मुलेवा
पूर्व अध्यक्ष, श्री आईजी गौशाला
श्री राजलक्ष्मी ज्वैलर्स
कीसरा, हैदराबाद

दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
सुनिलकुमार सीरवी
भाजपा युवा नेता व मारवाड़ विधानसभा, लोकसभा पाली (राजस्थान)

दिपावली की बधाई
चेनाराम चोयल
पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज जीडिमेटला
विकास प्लाईवुड
बापूजीनगर

Happy Deepawali
पवनकुमार सांगर
पूर्व अध्यक्ष कृष्णा कुमावत समाज बडंगपेट
लक्ष्मी शॉपिंग मॉल, वनस्थलीपुरम

समस्त सीरवी समाज व प्रवासी बंधुओं को
दिपावली
की शुभकामनाएँ
ओंकारलाल हाम्बड
9966221229
पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज मल्लापुर, बडेर, हैदराबाद
बालाजी ज्वैलर्स, एचएमटी नाचारम

HAPPY DIWALI
प्रकाश सोयल
(गौभक्त)
प्रकाश इन्टरप्राईजेस
नेरडमेट हैदराबाद

Diwali
श्री BALAJI GIFTS & NOVELTIES
RAMDEV PACKAGING
RAMDEV AGENCIES

दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
रमेश चौधरी
(युवा भाजपा नेता)
रमेश इलेक्ट्रीकल्स कुशाईगुडा

दिपावली की बधाई
प्रकाश जाट
किशनलाल, नारायणलाल
भरखादेवी आईसक्रीम एंड मावा कुल्फी, नार्गाजुना नगर कॉलनी, कुशाईगुडा

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022

# आबादी नियंत्रण का विभिन्न पक्ष



रघु ठाकुर

संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत ने फिर एक बार जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दे को देश में चर्चा में ला दिया है। जनसंख्या नियंत्रण का मसला वैसे भी देश में चर्चा व चिंता का विषय हमेशा से रहा है, भले ही इसके पीछे राजनैतिक कारण या उद्देश्य हो परन्तु समाज व देश को इसके होने वाले प्रभावों की चिंता भी स्वाभाविक है। 1947 में जब हम आजाद हुये तब देश की जनसंख्या लगभग 36 करोड़ थी और आज हम 140 करोड़ के पास पहुँच गये हैं। यानि लगभग 4 गुना वृद्धि, इसका प्रभाव प्रद्धति, द्धषि, पानी, वायु पर भी हो रहा है, और कानून व्यवस्था से लेकर कोई क्षेत्र इससे अछूता नहीं बचा है जिस पर इसका प्रभाव न पड़ता हो। बढ़ती आबादी की भूख मिटाने के लिये या तो देश में द्धषि उत्पादन बढाने के लिये केमिकल रसायन का उपयोग खाद के प्रयोग के रूप में बढ़ रहा है और खेती में बढ़ता मशीनीकरण का प्रयोग, जिसका परिणाम देश के 22 करोड़ खेतिहर मजदूरों के रोजगार पर विपरीत प्रभाव के रूप में भी पड़ रहा है। बिगड़ते पर्यावरण और प्रदूषण के लिये जनसंख्या भी एक बड़ा कारण है। निरंतर बढ़ रहे वाहन धुंआ के रूप में जहर उगल रहे हैं। कानून व्यवस्था पर भी बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव होता है। बढ़ती आबादी के कारण कहीं नैतिक मूल्यो के पतन व समाज में बढ़ती अराजकता की घटनायें भी बढने लगी है। हम और हमारी समाजवादी पार्टीष जनसंख्या नियंत्रण के लिये कानून बनाने व उसे सभी पर समान रूप से लागू करने के लिये लगातार मांग कर रही है। आबादी की इस वृद्धि से एक प्रकार का वैश्विक असंतुलन भी पैदा हो रहा है । क्योंकि आज हम दुनिया की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत है। जबकि दुनिया की तुलना में हमारे पास पानी मात्र 4 प्रतिशत और जमीन मात्र 2.4 प्रतिशत है। बहुत सारे यौन अपराधों का कारण भी आबादी की वृद्धि होना है। परन्तु जनसंख्या नियंत्रण को लेकर संघ प्रमुख की नियत पर कुछ सवाल उठे है जो कि उठना स्वभाविक भी है। एक तो इसलिये भी कि यह एक मान्य तथ्य है कि भाजपा और भाजपा की सरकार को संघ नियंत्रित करता है । पिछले वर्षो में लगभग 14-15 वर्ष केन्द्र में भाजपा सरकार रह चुकी है, लगभग 6 वर्ष स्व. अटल जी प्रधानमंत्री रहे और अब 8 वर्षो से मोदी जी प्रधानमंत्री है परन्तु अटल जी से लेकर मोदी जी तक किसी भी भाजपा सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण के लिये कोई कानून संसद में नहीं लाया । बल्कि इसके विपरीत पूर्व सर संघ संचालक स्व. सुदर्शन जी ने तो अनेक बार सार्वजनिक बयान देकर अपील की थी कि हिन्दू अधिक बच्चे पैदा करें। उनके दबाव में म.प्र. में कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाये गये नियम की पंचायतो और स्थानीय संस्थानों में केवल वहीं व्यक्ति चुनाव लड़ने के लिये पात्र होगा जिसके 2 से अधिक बच्चे न हो तथा स्व. सुदर्शन के बयानों के बाद म.प्र.में भाजपा सरकार ने इस आबादी नियंत्रण के दो बच्चों के प्रावधान को समाप्त कर दिया। इसलिये आबादी नियंत्रण के बारे में संघ



और भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है यह आम धारणा है । दूसरे वर्तमान सरसंघ संचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने यह भी कहा कि इसके लिये सामाजिक जागरूकता जरूरी है और अगर कानून बन जाये तो फिर सभी के ऊपर समान रूप से लागू होना चाहिये। यह तो कोई महत्वपूर्ण बात नहीं हैं क्योंकि भारतीय संविधान किसी धर्म या समूह विशेष को कोई प्रथक से छूट देने का प्रावधान बनाने की अनुमति नही देता। जहाँ तक ताकत के इस्तेमाल करने का सवाल है तो हम लोग यह प्रस्ताव देते रहे है कि सरकार यह नियम बनायें कि सरकारी सुविधाओं, सरकारी नौकरियों में व सरकार से मदद प्राप्ति का लाभ केवल उन्ही को दिया जायेगा जो परिवार नियंत्रण नियम का पालन करें अन्यथा उन्हें अपात्र माना जायेगा। यानि राशन, मतदान, नौकरी शिक्षा, चिकित्सा की विशेष सुविधायें उन्ही को मिल सकेगी जो परिवार नियोजन के सरकारी नीतियों और कानून को मानेगे। हालांकि संघ प्रमुख ने अपने बयान में एक और नया जुमला जोड़ा है जो कई प्रकार से अनावश्यक बहस और विवाद पैदा करेगा। उन्होने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ जनसंख्या में पंथ संतुलन को भी कायम करना होगा । उन्होंने कहा कि पंथ संतुलन के आधार पर जनसंख्या के सवाल को देखना और फिर तद्नुसार व्यवस्था बनाना होगी । क्योंकि जनसंख्या असंतुलन होने से देश टूट जाते है जैसे पूर्वी तिमोर इंडोनेशिया आदि। साथ ही उन्होनें धर्म परिवर्तन और सीमा पर से होने वाली घुसपैठ को भी जनसंख्या असंतुलन का कारण बताया। यद्यपि उन्होंने यह स्वीकार किया कि, वगैर किसी कानून के केवल सामाजिक जागरूकता के द्वारा, आबादी वृद्धि की दर 2.3ः से घटकर 2.1ः पर आ गई है । मेरी राय में दुनिया में देशो के टूटने के पीछे अनेक कारण होते हैं। कुछ देश आबादी के असंतुलन से टूटे है तो कुछ भाषा, शोषण और साम्राज्यवाद के कारण भी टूटे हैं। पाकिस्तान और बंगलादेश तो एक ही मजहब के देश थे उनमें आबादी का कोई कारण नही था परन्तु भाषा के प्रश्न ने उन्हें तोड़ दिया । यूरोप के कई देश भाषा के आधार पर अलग हुये। आयरलैंड, तो ब्रिटिश वर्चस्व के खिलाफ ही अलग हुआ । इसलिये यह कहना कि आबादी वृद्धि ही पंथ असंतुलन का एकमेव कारण बनता है उचित नहीं । फिर एक तरफ श्री मोहन भागवत जी कहते हैं कि सबको समान कानून बनाना चाहिये और दूसरी तरफ वे स्वतः पंथ आधारित असुंतलन के नाम पर कानून विभिन्नता चाहते है जो की असंवैधानिक और लगभग असंभव भी हैं । इससे ऐसा लगता हैं कि वे आबादी नियंत्रण व पंथिक संतुलन को केवल मजहबी कट्टरता फैलाने और वोट के खेल के लिये इस्तेमाल कर रहे हैं । अब वह यह भी बताये, कि पंथ नियंत्रण वह कैसे करेंगे ? उनके क्या सुझाव है? जहाँ तक धर्म परिवर्तन का सवाल तो अब आबादी के असंतुलन में इसकी कोई प्रमुख भूमिका नहीं बची और धर्म परिवर्तन लगभग रूक गया है । जहाँ तक सीमा पार से घुसपैठ का सवाल है तो इसे सरकार को शक्ति से रोकना चाहिये । यह संघ व भाजपा सरकार की नैतिक व वैधानिक जवाबदारी है । आजकल तो संघ स्वतः भी धमार्ंतरण को प्रोत्साहित कर रहा है । पिछले दिनों में कई घटनायें अखबारो में आई है जिनमें मुस्लिम भाई धर्म परिवर्तन कर हिन्दू बने है। स्व. दिलीप सिंह जूदेव तो घर वापसी अभियान दशकों तक चलाते रहे थे । वैसे भी इन दिनो संघ प्रमुख डा. भागवत जी मदरसों और कुछ जगह मस्जिदों में जा रहे है तथा सभी धर्म वालों को एक ही डी.एन.ए. का बता रहे है व यह आदर्श वाक्य भी बोल रहे हैं। तो यह पंथिक असंतुलन कहाँ से आ गया घ्जो भी हो पर जाने अनजाने में श्री मोहन भागवत जी ने धार्मिक कट्टरता को ही हवा दी है तथा जनसंख्या नियंत्रण के एक अच्छे लक्ष्य को छिपी साम्प्रदायिकता की भाषा से दूषित कर दिया है।

## बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार मेले की शुरुआत कर दी है। इस मेले के जरिए अगले अठारह महीनों में विभिन्न सरकारी विभागों में दस लाख लोगों को सरकारी नौकरी से जोडा जाएगा। मेले के पहले ही दिन प्रधानमंत्री मोदी ने पचहत्तर हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र थमा कर इसकी शुरुआत की है। पीएमओ के अनुसार चयनित युवाओं का अड़तीस सरकारी विभागों के विभिन्न पदों पर चयन किया गया है। जाहिर है सरकार पर जो दबाव नौकरियों में सृजन को लेकर पड रहा था उसका काफी हद तक निदान हो गया है। इससे सरकार पर दबाव भी कम पडेगा। देखने में आया है कि पिछले कुछ सालों में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में कुल स्वीकृत पदों में से करीब तेईस फीसद पद खाली थे। उन पर धीरे-धीरे भर्ती की प्रक्रिया चलती रही थी। नई भर्तियां शुरू होने से उन विभागों में भी काम का दबाव कुछ कम होगा। बता दें कि खाली पदों को भरने का आदेश जून में ही दे दिया गया था और सभी विभागों से कहा गया था कि वे मिशन के तौर पर खाली पदों को भरने का काम करें। उम्मीद की जा रही है कि सरकार की घोषणा के अनुरूप अगले डेढ़ साल में रिक्त पदों को भरने का काम पूरा हो सकेगा। लेकिन इस बीच फिर से काफी पद खाली हो जाएंगे तो उन पर भर्तियों के लिए अलग से प्रक्रिया शुरू करनी होगी। केंद्र सरकार की इस पहल से राज्य सरकारों को भी प्रेरणा मिलेगी और रोजगार के मोर्चे पर वे भी कुछ आगे बढ़ सकेंगी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद वह हर साल दो करोड़ रोजगार का सृजन करेगी, लेकिन इस मामले में वह लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। युवाओं की मांग लगातार बढ़ती जा रही थी कि खाली पड़े सरकारी पदों पर भर्तियां शीघ्र शुरू की जाएं, मगर सरकारी प्रक्रिया सुस्त पड़ी रही। नतीजतन लाखों सरकारी पद लंबे समय से रिक्त पड़े रह गए थे। उम्मीद तो यह की जाती है कि सरकारें काम के बढ़ते बोझ के मद्देनजर समय-समय पर पदों की संख्या में बढ़ोतरी करेंगी, लेकिन जब स्वीकृत पदों पर ही भर्तियां नहीं हो पा रहीं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन विभागों के कामकाज पर क्या असर पड़ता रहा होगा। एडहाक सेवा के आधार पर बीते सालों में काफी नियुक्तियां करने का चलन भी इसी वजह से शुरू हुआ। इस तरह का काम करने वाले भी स्थायित्व न होने से सामाजिक सुरक्षा को लेकर हमेशा आशंकित रहते हैं। इसलिए देर से ही सही, केंद्र सरकार ने खाली पड़े पदों में से दस लाख पर भर्तियों का सिलसिला शुरू किया है, तो युवाओं में रोजगार को लेकर आशा कि किरण दौड पडी है। जून में जब दस लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की गई थी, तब विपक्ष ने कहना शुरू किया था कि सरकार को यह काम ऐन उसी वक्त पूरा करने की याद क्यों आई। अब जैसे-जैसे आम चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है तो सरकार को रोजगार की चिंता सताने लगी है। कहां हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया गया था, अब दस सालों में केवल दस लाख नौकरियां देने की बात की जा रही हैं। इस पर भी विपक्ष तंज कसता नजर आ रहा है। हालांकि विपक्ष इस तर्क में यह भूल गया कि बीते सालों में भी खाली पदों को भरने की प्रक्रिया चलती रही है। लेकिन यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि देश में पढ़े-लिखे युवाओं की बढ़ती आबादी के अनुपात में दस लाख नौकरियां कहां तक सामाजिक सुरक्षा का भाव पैदा कर पाएंगी। उसमें भी अग्निवीर जैसी योजना को लेकर पहले से ही सवाल उठाए जाते रहे हैं। इसलिए सरकार अगर दस लाख पदों को भरने की बात को उत्सव की तरह पेश कर रही है, तो उस पर विपक्ष की आ रही तीखी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है।

## पर्व और त्योहारों का राजा दीपावली



रमेश कुमार बंग

पर्व और त्योहार किसी राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हुआ करते हैं, इनके द्वारा ही किसी राष्ट्र या जाति समूह की सभ्यता और संस्कृति की प्राचीनता, विराटता, जीवन्तता, मूल्य एवं संस्कार निष्ठता, वैज्ञानिकता, तार्किकता, आनन्दप्रियता, मनोरंजकता और सांगठनिक सक्षमता को जाना जाता है । वैसे प्रत्येक पर्व या त्योहार अपने भीतर किसी न किसी मान एवं मूल्य को अथवा सभी को संयोये रखता है किन्तु दीपावली का त्योहार सभी से अलग हटकर विशिष्टता लिए हुए है । सामूहिकता का कोई भी मान एवं मूल्य ऐसा नहीं है जो दीपावली पर्व में न दिखाई देता हो । इसीलिए दीपावली पर्व को भारतीय पर्व और त्योहारों का राजा माना जाता है । यदि हम दीपावली की ऐतिहासिकता पर दृष्टिगत करें तो हम पाते हैं कि इस त्योहार से मानव सभ्यता की सबसे बडी खोज अग्नि की खोज जो मानव विकास का आधार बनी, जुड़ी हुई है । देश में दीपावली मनाने के बारे में जो सर्वाधिक प्रचलित मत है वह भगवान श्रीराम के चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटने से जुड़ा हुआ है । जब भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास भोग कर वापिस अयोध्या आये तो अयोध्यावासियों ने घी के दीपक जला कर उनका स्वागत किया । उसी का स्मरण करने तथा अज्ञान, अंधकार एवं अन्याय-अत्याचार के विरुद्ध हमेशा संघर्ष करते रहने की चेतना बनाए रखने के लिए उस दिन से प्रत्येक भारतवासी इस दिन दीपक जलाते, प्रकाश करते, आतिशबाजी जलाकर हार्दिक उल्लास प्रकट करते और मिठाइयाँ खा-खिला कर अपनी प्रसन्नता का आदान-प्रदान किया करते हैं । जैन मतावलम्बी इस दिन को भगवान महावीर स्वामी का अवतरण दिवस मानते है और घी के दीपक जलाते हैं । आर्य समाज के प्रवर्तक स्वामी दयानन्द ने इस दिन निर्वाण प्राप्त किया था, उनके अनुयायी इस दिवस को निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं । यादि विज्ञान और तर्कवादियों की दृष्टि से विचार करें तो यह ऋतु परिवर्तन का सूचक पर्व है । राजहंस मानसरोवर में लौट आते हैं । नदियों-सरोवरों का जल इस समय तक निखर कर स्वच्छ निर्मल हो चुका होता है । उक्त समस्त प्राकृतिक घटनाक्रम प्रसन्न होने और प्रसन्नता को अभिव्यक्त करने के लिए पर्याप्त कारण होते हैं । निश्चित ही दीपावली खुशियों के पुनरागमन का पर्व ही है । व्यापारी प्रतिवर्ष आर्थिक समृद्धि के रूप में दीपावली के साथ खुशियों के पुनः आगमन की प्रतीक्षा करते हैं, गोवर्धन पूजा के रूप में अपनी पशुसम्पदा में वर्ष दर वर्ष अभिवृद्धि की कामना करते हैं, वहीं सामाजिक सुधार और शुचिता के समर्थक लोग दीपावली को सामाजिक सुधार के पर्व के रूप में स्मरण करना पसन्त करते हैं । प्रकृति प्रेमी लोग दीपावली को प्रकृति प्रदान खुशियों का उपहार मानते हैं । जहाँ महिलाएँ धनत्रयोदशी के रूप में भौतिक सम्पदा में बढोतरी देखती हैं, वहीं बच्चे इसे मिठाइयों, पटाखों और धूम धडाकों के पर्व के रूप में देखते हैं और इस पर्व का बेताबी से इंतजार करते हैं । कहने का तात्पर्य यही है कि इस पर्व के आने पर सभी के चेहरों पर एक अजीब सी प्रसन्नता दिखाई देती है और प्रत्येक को इसके आगमन की बहुत ही शिद्दत से प्रतीक्षा रहती है । दीपावली पर्व मनाने के पीछे एक संदेश भी छिपा रहता है कि यह पर्व समग्र सामाजिक विकास और समृद्धि का पर्व है । इसका मनाना तभी सार्थक है जब समाज के सभी सुखी एवं अभाव मुक्त हों । सभी इस त्योहार के आने पर नयी ताजगी, उत्साह, स्फूर्ति और सकारात्मकता का अनुभव करें । एक दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बने एवं बुराई, अनाचार, अत्याचार, पूर्ण

## ईश्वर उपस्थित है ! स्पर्श पाने के लिए श्रद्धा चाहिए !



श्रवण गर्ग

अमेरिका में ईस्ट कोस्ट पर वर्जीनिया के एक स्कूल के कोई सौ बच्चों ने आठ हज़ार मील दूर मनवाधिकारों की रक्षा की लड़ाई लड़ने के आरोप में चीनी सरकार द्वारा सख़्त पहरे के बीच हांगकांग की एक जेल में अगस्त 2020 से बंद एक अरबपति मीडिया मालिक को अपने आत्मीय समर्थन के पोस्टकार्ड लिखकर भेजे हैं। बच्चे मीडिया मालिक को नहीं जानते हैं। मीडिया मालिक धार्मिक वृत्ति के हैं और ईश्वर की उपस्थिति में गहरा यक़ीन रखते हैं।

मीडिया मालिक पर आरोप हैं कि उन्होंने हांगकांग में चल रहे चीन से आज़ादी के आंदोलन के दौरान बीजिंग के तियानमेन स्क्वायर पर साल 1989 में (15 अप्रैल से 4 जून तक) हुए विशाल छात्र-विद्रोह के शहीदों की स्मृति में मोमबत्ती जलाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की थी। मीडिया उद्योगपति हांगकांग की सर्वाधिक सुरक्षा वाली स्टेनली जेल की एक कोठरी के एकांतवास में बंद हैं। वे ख़ाली समय में रेखाचित्र बनाते रहते हैं। उनका बनाया ईसा मसीह का एक रेखाचित्र एक मानवाधिकार पत्रिका में प्रकाशित होने के बाद वर्जीनिया के स्कूल में पढ़ाई करने वाली एक छात्रा की माँ (एप्रिल पोन्नुरू )के ज़रिए बाक़ी बच्चों तक पहुँच गया। बच्चों ने फिर उसे पोस्टकार्डों पर प्रकाशित कर अपनी भावनाओं के साथ उन्हें हांगकांग की जेल के अधिकारियों के पास भिजवा दिया। दूसरे स्कूलों के बच्चे भी अब इस पोस्टकार्ड अभियान के साथ जुड़ रहे हैं। बच्चों को हाल ही में जानकारी दी गई कि अमेरिकी डाक सेवा को सौंपे जाने के कोई तीन महीनों में उनके भेजे गए पोस्टकार्ड उस कारागृह तक पहुँच गए जहां वे मीडिया मालिक बंद हैं। जेल अधिकारियों द्वारा मीडिया मलिक को एक दिन में सिर्फ़ एक ही पोस्टकार्ड पढ़ने की अनुमति दी गई है जिससे कि उनका बाहर की दुनिया से सम्पर्क बना रहे। उद्योगपति का नाम जिम्मी लाई है और उनकी उम्र पचहत्तर साल से अधिक की है। वे (अब) चीनी आधिपत्य वाले हांगकांग के एक बड़े मीडिया समूह के मालिक और मानवाधिकार आंदोलनों के समर्थक हैं। प्रसिद्ध दैनिक ‘एपल डेली’ के संस्थापक-प्रकाशक जिम्मी को अगस्त 2020 में गिरफ़्तार कर लिया गया था। उनके ख़िलाफ़ चीन द्वारा हांगकांग पर थोपे गए राष्ट्रीय सुरक्षा क़ानूनों के तहत मुक़दमे चल रहे हैं। बीच में उन्हें ज़मानत मिली थी पर उनकी रिहाई के पहले ही उसे निरस्त कर दिया गया। उन्हें कोई न्यायिक सहायता प्राप्त नहीं है। जिम्मी पर दबाव डाला जा रहा है कि वे अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को स्वीकार कर लें पर उन्होंने ऐसा करने से इंकार कर दिया। वे सजा भुगतने को तैयार हैं।(तियानमेन स्क्वायर के ऐतिहासिक युवा विद्रोह (1989) के बाद से ही मन में इच्छा बनी हुई थी कि क्या जीवन में कभी एक बार भी उस स्थल को देखने का अवसर प्राप्त हो सकेगा! छात्र-विद्रोह की घटना के कोई चौबीस साल बाद अवसर प्राप्त हो गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के साथ अक्टूबर 2013 में उनके मीडिया दल के एक सदस्य के रूप में पहले मॉस्को और फिर बीजिंग की यात्रा करने का मौक़ा मिला तो सबसे पहला काम तियानमेन स्कवायर को ठीक से देखने और उन क्षणों को जीने का प्रयास किया जब वहाँ सैंकड़ों छात्रों ने नागरिकों के समर्थन से एक क्रांति की शुरुआत की थी और अपना खून बहाया था। शी जिंगपिंग शायद उसी साल राष्ट्रपति बने थे। मॉस्को के भव्य क्रेमलिन में पुतिन को नज़दीक से देखने का अवसर प्राप्त हुआ था। दोनों ही नेता इस समय अपने मानवाधिकार दमनों के कारण दुनिया भर में चर्चा में हैं।) ईश्वर के प्रति आस्था और उससे उत्पन्न होने वाले चमत्कार को लेकर मैंने एक आलेख चार साल पहले दीपावली के अवसर पर ही लिखा था। आलेख थाईलैंड के छोटे बच्चों की एक स्थानीय फुटबॉल टीम के सदस्यों की व्यथा और उनके अप्रतिम साहस पर केंद्रित था जो भारी बरसात से बचने के प्रयासों के चलते एक गहरी गुफा में क़ैद हो गए थे और केवल भगवान बुद्ध के प्रति अपने समर्पण और उनकी प्रार्थनाओं के बल पर ही मौत के साथ भी विनम्रतापूर्वक संघर्ष करते रहे और अंत में विजयी होकर बाहर आ गए। जून 2018 में ग्यारह से सोलह साल की उम्र के बारह बच्चे और उनके एक पच्चीस-वर्षीय प्रशिक्षक उत्तरी थाईलैण्ड की थाम लुआंग गुफा में अठारह दिनों के लिए बंद हो गए थे।

बाहरी दुनिया से उनका पूरा सम्पर्क टूट गया था। दो किलोमीटर लम्बी और आठ सौ मीटर से ज़्यादा गहरी गुफा के अंदर भी जगह-जगह पानी भरा हुआ था। गुफा में अंधेरे का ऐसा साम्राज्य था कि मज़बूत से मज़बूत व्यक्ति भी बग़ैर किसी ईश्वरीय चमत्कार के जीवित नहीं बच सकता था। पूरी दुनिया के विशेषज्ञ तीन दिनों तक बच्चों और उनके प्रशिक्षक की जानें बचाने में जुटे रहे और फिर एक-एक करके सभी को सुरक्षित बाहर निकल लिया गया।

वह कौन सी ताक़त रही होगी जो बच्चों को गुफा के अंधकार से जीवन की रोशनी में बाहर ले आई होगी ? फ़ुटबॉल टीम के ये नन्हें खिलाड़ी बिना किसी आहार और रोशनी के भी अपने बुद्ध की प्रार्थनाओं में लीन रहे और गुफा के बाहर पूरा थाईलैंड और दुनिया भर के करोड़ों लोग उनके जीवन के लिए प्रार्थनाएँ करते रहे। इनमें शायद वे लोग भी शामिल रहे होंगे जिनका ईश्वर और उसके अस्तित्व में यक़ीन नहीं था।

थाई बच्चों और उनके प्रशिक्षक ने स्वास्थ्य परीक्षण सम्बन्धी तमाम औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद जो पहला काम किया वह बौद्ध मंदिर में जाकर अपनी प्रार्थनाओं से ईश्वर का धन्यवाद ज्ञापन करने का था।

हांगकांग की जेल में बंद जिम्मी को भी सारी शक्ति ईश्वर के प्रति उनकी असीम आस्था से ही प्राप्त हो रही है। उनके बनाए रेखाचित्र को ही पोस्टकार्ड पर प्रकाशित कर भेजने के पीछे बच्चों की इसी भावना का दर्शन होता है कि वे वर्जीनिया से आठ हज़ार मील की यात्रा कर उनके साहस का समर्थन करने भावनात्मक रूप से हांगकांग के कारावास तक पहुँचे हैं। एप्रिल पोन्नुरू का कहना है कि दया के इस अभियान में भागीदारी का अनुभव बच्चों के लिए भावुकता के क्षणों से भरा हुआ है। बच्चे अपने पोस्ट कार्ड के जवाब में जिम्मी के किसी नए रेखाचित्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

( चित्रः बचाव कार्य के दौरान गुफा के मुख्य द्वार और ज़िम्मी के रेखांकन का )

**http://shravangarg1717.blogspot.com**

## खुशियों और सौगातों का त्योहार है दीपावली




प्रियंका सौरभ

देश में रोशनी का त्योहार दिवाली के रूप में जाना जाता है। दीवाली, जिसे कभी-कभी दिवाली के रूप में लिखा जाता है, एक हिंदू, सिख और जैन धार्मिक उत्सव है जो अंधेरे के 13 वें दिन शुरू होता है। चन्द्रमा का आधा चक्र अश्विना और चन्द्र मास कार्तिक की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को समाप्त होता है। दीपावली, जिसका संस्कृत में अर्थ है रोशनी की पंक्ति, नाम का स्रोत है। यह आयोजन प्रकाश की अंधकार पर विजय का उत्सव है। दिवाली परंपराएं और समारोह क्षेत्र के अनुसार भिन्न होते हैं। सबसे आम हिंदू परंपरा है कि अमावस्या की रात को दीया जलाकर धन की देवी लक्ष्मी को आकर्षित किया जाए। यह पेपर दिवाली, इसके इतिहास, भारत में महत्व के बारे में तथ्यों को उजागर करेगा और कुछ दिलचस्प चीजें भी शामिल करेगा जो आपको दिवाली त्योहार के बारे में जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं के अनुसार रामायण भगवान विष्णु के अवतार भगवान राम और उनकी पत्नी सीता की कहानी है। राक्षस राजा रावण ने सीता को चुरा लिया और उन्हें अपनी भूमि लंका ले गए जब भगवान राम, उनके भाई लक्ष्मण और राम की पत्नी सीता सभी वनवास में थे। तब भगवान राम, उनके भाई लक्ष्मण, और हनुमान नाम के एक अविश्वसनीय वानर भगवान, जिनके पास बेजोड़ क्षमताएं थीं, ने लंका राजा रावण पर युद्ध किया और साथ ही उनका विनाश भी किया। जब भगवान राम चौदह वर्ष के वनवास के बाद अपने देश लौटे, तो पूरे राज्य में मिट्टी के दीये जलाए गए और पहली बार दिवाली मनाई गई। ये है दिवाली की कहानी दिवाली एक धार्मिक अवकाश है। यह भारत के सबसे प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है। अपनी मान्यताओं, कथाओं और ऐतिहासिक घटनाओं के अनुसार हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध इसे मनाते हैं। हालांकि उनकी मान्यताएं और तर्क भिन्न हो सकते हैं, दिवाली बुराई के खिलाफ अच्छाई की जीत, अज्ञान पर ज्ञान, अंधेरे के खिलाफ प्रकाश और दुख पर विश्वास का प्रतिनिधित्व करती है। दिवाली भगवान राम के 14 साल के वनवास के बाद अपने गृह नगर अयोध्या लौटने की याद दिलाती है और इसे व्यापक रूप से रोशनी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है। भगवान राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं। अपने निर्वासन के दौरान, उन्होंने लंका के राक्षस शासक रावण से युद्ध किया और उस पर विजय प्राप्त की। हर दिवाली समारोह का एक उद्देश्य और एक बैकस्टोरी होती है। दीवाली के आध्यात्मिक अर्थ में अंधकार पर प्रकाश की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत और अज्ञान पर ज्ञान की जीत होती है। दिवाली की रोशनी हमारी सभी अंधेरे आकांक्षाओं और विचारों के विनाश, अंधेरे छाया और बुराइयों के उन्मूलन, और शेष वर्ष के लिए हमारी दयालुता को जारी रखने की शक्ति और उत्साह का प्रतीक है। दिवाली एक ऐसा त्योहार है जो पूरे देश के सभी धर्मों और जातियों के लोगों को एक साथ लाता है। यह एक हर्षित और विनोदी समय होता है जब हर कोई एक दूसरे को गले लगाता है। त्योहार का स्वागत करने वाला माहौल है और इसके बारे में पवित्रता की भावना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, धन, शांति और समृद्धि के अधिग्रहण के लिए देवताओं की प्रशंसा के संकेत के रूप में, घरों को रोशनी से जलाया जाता है जबकि पटाखों से आसमान भर जाता है। पटाखों का विस्फोट पृथ्वी पर रहने वाले लोगों के साथ-साथ हमारे प्रचुर अस्तित्व के देवताओं की खुशी का प्रतिनिधित्व करने के लिए भी कहा जाता है। लोग अपने पर्यावरणीय प्रभावों के परिणामस्वरूप अपनी प्रसन्नता दिखाने के लिए बेहतर तरीकों की तलाश कर रहे हैं। जबकि दिवाली को व्यापक रूप से एक हिंदू त्योहार माना जाता है, यह सिख धर्म, जैन धर्म और विभिन्न लोक धर्मों सहित कई अलग-अलग धर्मों द्वारा भी मनाया जाता है।

और न केवल इन सभी धर्मों और संस्कृतियों में पूजा करने के लिए अलग-अलग दिवाली देवता हैं, बल्कि उनकी एक ही कहानी की विविध पौराणिक प्रस्तुतियां भी हैं। दिवाली रंगीन सजावट, नए कपड़ों और रंगों और रोशनी के उज्ज्वल प्रदर्शन के साथ मनाई जाती है क्योंकि आमतौर पर यह माना जाता है कि दिवाली वह अवसर है जब धन की हिंदू देवता, लक्ष्मी पृथ्वी पर घूमती है और लोगों को धन और खुशी देती है। भारत की छठी सबसे बड़ी आस्था, जैन धर्म के लिए दीवाली से जुड़ी एक और व्यापक मान्यता यह है कि यह उस दिन का प्रतीक है, जिस दिन 24 तीर्थंकरों में सबसे छोटे भगवान महावीर ने 'निर्वाण' प्राप्त किया था।

जबकि अधिकांश दिवाली रीति-रिवाज सैकड़ों सदियों पहले के हैं, सबसे हालिया में से एक सिख धर्म से जुड़ा हुआ है।

## मिलावटखोरों को फांसी क्यों नहीं?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इनदिनों बड़ी खबरों में कई खबरें हैं। जैसे नफरती भाषणों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय की फटकार। आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गुहार। इमरान खान के चुनाव लड़ने पर पांचवर्षीय प्रतिबंध आदि। लेकिन मेरा ध्यान चार खबरों ने सबसे ज्यादा खींचा। वे हैं- नकली प्लेटलेट, नकली जीरा, नकली घी और नकली तेल। दीपावली के मौके पर गरीब से गरीब आदमी भी खाने-पीने की चीजें दिल खोलकर खरीदना चाहता है लेकिन जो चीजें बाजार में उसे मिलती हैं, उनमें से कई नकली तो होती ही हैं, वे उसके लिए प्राणलेवा भी सिद्ध हो जाती हैं। प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत इसलिए हो गई कि डॉक्टरों ने उसकी नसों में प्लाज्मा चढ़ाने की बजाय मौसम्बी का रस चढ़ा दिया। इस नकली प्लाज्मा की कीमत 3 हजार से 5 हजार रुपये है। नकली प्लाज्मा ने मरीज की जान ले ली। प्रयागराज की पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लगभग इसी तरह का काम गोरखपुर में नकली तेल बेचने का, दिल्ली में नकली जीरा खपाने का और कुछ शहरों में नकली घी और दूध भी पकड़ा गया है। दीपावली के मौके पर पड़े इन छापों से पता चला है कि ये नकली चीजें, असली चीजों के मुकाबले ज्यादा बिकती हैं, क्योंकि उनकी कीमत लगभग आधी होती है और दुकानदारों को मुनाफा भी ज्यादा मिलता है। जो लोग इन चीजों को खरीदते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता है कि वे असली हैं या नकली हैं, क्योंकि उनके डिब्बे इतने चिकने-चुपड़े होते हैं कि उनके सामने असली चीजों के डिब्बे या पेकेट पानी भरते नजर आते हैं। कई नकली चीजें न कोई फायदा करती हैं न नुकसान करती हैं, लेकिन कुछ नकली चीजें उन्हें सेवन करनेवालों की जान ले लेती हैं और कई चीजें इतने धीरे-धीरे जान का खतरा बन जाती हैं कि उसके उपभोक्ताओं को उसका पता ही नहीं चलता। यह मामूली अपराध नहीं है। यह हत्या से भी भयंकर जुर्म है। यह सामूहिक हत्या है। यह कुकर्म सिर्फ खाने-पीने की चीजों में ही नहीं होता, यह अक्सर दवाइयों में भी बड़ी चालाकी से किया जाता है। इस तरह के मिलावटखोरों को पकड़ने के लिए सरकार ने अलग विभाग बना रखा है और ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कानून के कई प्रावधान भी हैं।

# दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन में रखें इन बातों का ध्यान, शुभ मुहूर्त

**जानिए दिवाली पूजा का मुहूर्त–**
**कार्तिक अमावस्या तिथि शुरू- 24 अक्टूबर 2022, शाम 05.27**
**कार्तिक अमावस्या तिथि समाप्त- 25 अक्टूबर 2022, शाम 04.18**
**लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त– 24 अक्टूबर को रात 7 बजकर 2 मिनट से रात 8 बजकर 23 मिनट तक**

हिंदू धर्म में वैसे तो कई सारे पर्व त्योहार मनाए जाते हैं लेकिन इन सभी में दिवाली को प्रमुख पर्व मनाया गया है यह त्योहार पूरे पांच दिनों तक चलता है इसकी शुरुआत धनतेरस से हो जाती है और इसका समापन भाई दूज से होता है दिपावली को रोशनी का त्योहार मनाया जाता है इस साल दिवाली 24 अक्टूबर को पड़ रही है दिवाली की रात पूरा देशभर दीपक की रोशनी से जगमगा उठता है इस दिन भगवान श्री हरि विष्णु की पत्नी देवी लक्ष्मी की विशेष पूजा आराधना की जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या के तिथि पर माता लक्ष्मी रात्रि में स्वंय भूलोक पर आती है और घर घर में विचरण करती है यही वजह है कि इस दिन लोग अपने घरों में चारों ओर दीपक जलाकर रोशनी करते हैं क्योंकि धन की देवी मां लक्ष्मी वहीं पर विराजमान होती है जहां पर साफ सफाई और प्रकाश की जगमगाहट होती है दिवाली की रात लक्ष्मी गणेश की पूजा करने का विधान है ऐसे में माता लक्ष्मी की पूजा में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए तो आज हम आपको लक्ष्मी पूजन से जुड़ी अहम बातें और नियम बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

**लक्ष्मी पूजन में रखें इन बातों का ध्यान**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धन की देवी मां लक्ष्मी को साफ सफाई बेहद प्रिय है ऐसे में दिवाली के दिन साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए जहां आप पूजा कर रहे हैं उस जगह को अच्छी तरह से धोकर साफ करें फिर गंगाजल छिड़कर पवित्र करें। दिवाली पर लक्ष्मी पूजन उत्तर पूर्व दिशा की ओर ही करना शुभ होता है

पूजा में साधक का मुख उत्तर दिशा की ओर होना उत्तम माना जाता है क्योंकि ये भगवान कुबेर की दिशा है। लक्ष्मी पूजन में तुलसी की मंजरी का प्रयोग वर्जित माना गया है इसके साथ ही पूजा में कोई भी सफेद सामग्री जैसे सफेद पुष्प या सफेद वस्त्र आदि देवी मां को अर्पित न करें। लक्ष्मी पूजन में मुहूर्त का ध्यान रखना जरूरी है इस दिन मां लक्ष्मी के साथ भगवान कुबेर, मां सरस्वती और श्री गणेश की पूजा जरूर करनी चाहिए।

## लक्ष्मी पूजन में करें लक्ष्मी माता की आरती

ओम जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशिदिन सेवत, हरि विष्णु विधाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तुम ही जग-माता।
सूर्य-चंद्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
दुर्गा रुप निरंजनी, सुख सम्पत्ति दाता।
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि-सिद्धि धन पाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
तुम पाताल-निवासिनि, तुम ही शुभदाता।
कर्म-प्रभाव-प्रकाशिनी, भवनिधि की त्राता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
जिस घर में तुम रहतीं, सब सद्गुण आता।
सब सम्भव हो जाता, मन नहीं घबराता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न कोई पाता।
खान-पान का वैभव, सब तुमसे आता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
शुभ-गुण मंदिर सुंदर, क्षीरोदधि-जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
महालक्ष्मीजी की आरती, जो कोई जन गाता।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता॥
ओम जय लक्ष्मी माता॥
सब बोलो लक्ष्मी माता की जय, लक्ष्मी नारायण की जय।

आरती पूरी होने के बाद तुलसी में आरती जरूर दिखाना चाहिए, इसके बाद घर के लोगों को आरती लेनी चाहिए.




**रोली, कुमुकम, अक्षत (चावल), कपूर, केसर, अबीर, गुलाल, अभ्रक, हल्दी, मेहंदी, चंदन, सिंदूर, धूप, अगरबत्तियां, सातमुखी दीपक, रूई, नाड़ा या कलावा, दूर्वा, जनेऊ, श्वेस वस्त्र, इत्र, मिट्टी का दीया, केल के पत्ते, पान, पान के पत्ते, सुपारी, नारियल, लौंग, इलायची, शहद, दही, गुड़, धनिया, फल, फूल, जौ, गेहूं, दूध, मेवे, खील, बताशे।**




## नरक चतुर्दशी? पूजा विधि शुभ मुहूर्त और महत्व



पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। नरक चतुर्दशी दिवाली के एक दिन पहले और धनतेरस के एक दिन बाद मनाई जाती है। लेकिन इस बार नरक चतुर्दशी और दीवाली एक ही दिन मनाई जाएगी। इसे छोटी दिवाली, रूप चौदस, नरक चौदस, रूप चतुर्दशी अथवा नरका पूजा के नामों से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा का विधान है। रूप चौदस के दिन संध्या के समय दीपक जलाए जाते हैं और चारों ओर रोशनी की जाती है। नरक चतुर्दशी का पूजन अकाल मृत्यु से मुक्ति और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए किया जाता है। एक पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक माह को कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन नरकासुर का वध करके देवताओं और ऋषियों को उसके आतंक से मुक्ति दिलवाई थी। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल नरक चतुर्दशी कब है...

**नरक चतुर्दशी 2022 तिथि और शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 अक्टूबर को शाम 06 बजकर 03 मिनट से हो चुकी है। वहीं चतुर्दशी तिथि का समापन 24 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 27 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार नरक चतुर्दशी 24 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

**नरक चतुर्दशी 2022 की पूजा विधि**

नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले स्नान करके साफ कपड़े पहन लें। नरक चतुर्दशी के दिन यमराज, श्री कृष्ण, काली माता, भगवान शिव, हनुमान जी और विष्णु जी के वामन रूप की विशेष पूजा की जाती है। घर के ईशान कोण में इन सभी देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित करके विधि पूर्वक पूजन करें। देवताओं के सामने धूप दीप जलाएं, कुमकुम का तिलक लगाएं और मंत्रो का जाप करें।

**क्या है मान्यता ?**

ऐसी मान्यता है कि नरक चतुर्दशी के दिन यमदेव की पूजा करने अकाल मृत्यु का भय खत्म होता है। साथ ही सभी पापों का नाश होता है, इसलिए शाम के समय यमदेव की पूजा करें और घर के दरवाजे के दोनों तरफ दीप जरूर जलाएं।

## दिवाली पर सूर्य ग्रहण, 27 साल बाद ऐसा संयोग, इन राशियों पर बुरा असर

ज्योतिष शास्त्र में सूर्य ग्रहण को काफी महत्व दिया जाता है। इसके लगने पर सभी 12 राशियों पर इसका असर पड़ता है। इस वर्ष 25 अक्टूबर को साल का अंतिम सूर्य ग्रहण लग रहा है। दिलचस्प बात ये है कि यह ग्रहण दिवाली के दिन लग रहा है। ऐसा दुर्लभ संयोग 27 साल बाद बन रहा है। इसके पहले साल 1995 में ऐसी ही स्थिति हुई थी।

बता दें कि यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण है। इसे वलयाकार सूर्य ग्रहण भी कहते हैं। इसमें सूर्य और पृथ्वी के मध्य की दूरी ज्यादा होती है। इसमें सूर्य की रोशनी धरती तक आने से पहले चन्द्रमा बीच में आ जाता है। इसके चलते सूर्य का कुछ हिस्सा ही हमे नजर आता है। तो इस सूर्य ग्रहण का आपके ऊपर कैसा असर होगा? चलिए जानते हैं।

**कब से कब तक रहेगा सूर्य ग्रहण?**

सूर्य ग्रहण 25 अक्टूबर 2022 को दोपहर 02 बजकर 29 मिनट से शुरू होगा और शाम 06 बजकर 32 मिनट पर खत्म हो जाएगा। मतलब इस सूर्य ग्रहण की अवधि 04 घंटे 3 मिनट रहेगी। चुकी इस बार दिवाली दो दिन 24 और 25 अक्टूबर रहेगी,



इसलिए यह दिवाली के दिन लगेगा।

कार्तिक अमावस्या इस बार 24 अक्टूबर को शाम 05 बजकर 27 मिनट से शुरू होगी और 25 अक्टूबर को शाम 04 बजकर 18 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। सूर्य ग्रहण के चलते सूतक काल भी लगता है। इस सूतक काल का समय 24 अक्टूबर रात 02 बजकर 30 मिनट से 25 अक्टूबर को शाम 04 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। बताते चलें कि सूतक काल सूर्य ग्रह के समय से 12 घंटे पूर्व लगता है।


सूतक काल में किसी भी शुभ काम को नहीं करना चाहिए। इस दौरान भोजन करने, दांत साफ करने, बालों में कंघी करने और गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर जाने की मनाही होती है। वहीं इस बार सूर्य ग्रहण तुला राशि और स्वाति नक्षत्र में लग रहा है। इसलिए स्वाति नक्षत्र में पैदा हुए लोगों को इस सूर्य ग्रहण को देखने से बचना चाहिए।

**सूर्य ग्रहण का आपके ऊपर असर**

सूर्य ग्रहण सभी 12 राशियों पर कुछ ना कुछ असर डालेगा। मेष राशि के जातकों को स्त्री की वजह से दुख झेलना होगा। हालांकि वृष राशि के जातकों को आराम और सुख प्राप्त होगा। वहीं मिथुन राशि के जातक चिंता और तनाव में रहेंगे। कर्क राशि की बात करें तो उन्हें दर्द और तकलीफ सहना होगी। सिंह राशि वालों को शुभ परिणाम मिलेंगे।

कन्या राशि के जातकों का कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। तुला राशि के लोगों को शत्रु से हानि होगी। वृश्चिक राशि के जातकों के लिए भी ये ग्रहण कोई बड़ा नुकसान लेकर आएगा। वहीं धनु राशि के लिए सूर्य ग्रहण लाभकारी सिद्ध होगा। इसी के साथ मकर राशि के जातकों को भी ढेर सारा सुख मिलेगा। कुंभ राशि के सम्मान में कमी आएगी। मीन राशि को बहुत कष्ट झेलने होंगे।

# केबीसी 14 के सेट पर हुआ अमिताभ बच्चन का 'एक्सीडेंट', पैर की नस कटी तो हॉस्पिटल लेकर भागी टीम



अमिताभ ने अपने फैंस को यह भी बताया है कि वह अब पूरी तरह ठीक हैं और फिक्र करने जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने अपने ब्लॉग में यह भी बताया कि उन्हें यह चोट कैसे लगी? बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में इस बात का खुलासा किया है कि हाल ही में रियलिटी टीवी शो केबीसी की शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। अमिताभ बच्चन ने बताया कि पॉपुलर गेम शो की शूटिंग के दौरान एक एक्सीडेंट में उनके पैर पर चोट लग गई थी। उनके पैर की नस कट गई जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### केबीसी के सेट पर हुई ये दुर्घटना

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में बताया है कि उनके जख्म पर कुछ टांके लगाए गए ताकि खून का बहना रोका जा सके। हालांकि अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को यह भी बताया है कि वह अब पूरी तरह ठीक हैं और फिक्र करने जैसी कोई बात नहीं है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में यह भी बताया कि उन्हें यह चोट कैसे लगी?

### अमिताभ बच्चन को कैसे लगी चोट?

बिग बी ने ब्लॉग में यह भी बताया है कि उन्हें यह चोट कैसे लगी? अमिताभ बच्चन ने बताया कि सेट पर अतिरिक्त रूप से निकला हुआ धातु का एक टुकड़ा उनके पैर की तिल्ली पर से घिस गया जिससे उनके पैर की नस कट गई। उनका एक छोटा सा ऑपरेशन करके टांके लगा दिए गए जिसके बाद खून का बहना रुक गया।

### 80 के हो चुके हैं अमिताभ बच्चन

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में यह भी बताया है कि वह जितना भी वक्त केबीसी के सेट पर बिताते हैं, उस दौरान उनका बहुत खास ख्याल रखा जाता है। मालूम हो कि हाल ही में अमिताभ बच्चन 80 साल के हो गए हैं और इस खास मौके पर केबीसी की टीम ने बहुत ही खास एपिसोड का आयोजन किया था। जिसमें अभिषेक बच्चन और जया बच्चन भी शामिल रहीं।

# स्वंयवर के बाद अब मीका-अकांक्षा नहीं करेंगे शादी!



करीब 3 तीन महीने पहले सिंगर मीका सिंह ने नेशनल टेलीविजन पर अपना स्वयंवर रचाया था। पंजाबी टिवी शो मीका दी वोटी में वाइल्ड कार्ड एंट्री लेकर आने वाली कंटेस्टेंट आकांक्षा पुरी को मीका ने अपनी पत्नी के तौर पर सिलेक्ट किया था। हालांकि, शो खत्म होने के तीन महीने बाद भी दोनों ने शादी नहीं रचाई, जिस काफी समय से बज बना हुआ था। अब हाल ही में इस मामले पर टीवी एक्ट्रेस अकांक्षा पुरी ने चुप्पी तोड़ते हुए बड़ा बयान दिया है।

### अकांक्षा को बताया सिर्फ अच्छा दोस्त

एक्ट्रेस ने ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा- 'मैं और मीका सिंह की बॉन्डिंग शो के मीका दी वोटी के बाद भी चेंज नहीं हुई है। दोनों पहले भी अच्छे दोस्त थे और अभी भी अच्छे दोस्त हैं।' एक्ट्रेस ने जब उनकी और मीका की शादी पर सवाल किया गया, तो इस पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया- हां ये स्वयंवर एक पार्टनर चुनने के लिए था, ऐसे में हमने एक-दूसरे को चुनना बेहतर समझा, क्योंकि कि हम पहले से भी एक-दूसरे को जानते थे। लेकिन हमने यह कभी नहीं कहा कि हम एक-दूसरे से प्यार करते हैं, इतना ही नहीं हमने कभी रोमांस किया।'

आगे एक्ट्रेस ने कहा- 'वो और मीका अच्छे दोस्त हैं और एक दूसरे की रिस्पेक्ट करते हैं। बात खत्म करते हुए अकांक्षा ने कहा- हम आभी अपने करियर की तरफ ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। दोने ने ही लाइफ से बहुत की खराब एक्सपीरिएंस लिए हैं, ऐसे में हम धीरे-धीरे आगे बढ़ना चाहते हैं। हम एक-दूसरे का हाथ नहीं पकड़ते और पब्लिक में कोई रोमांस नहीं करते हैं, क्योंकि हमें पता है कि हमारा रिश्ता क्या है।'

# 'कांतारा' में दिखाई गई भूत कोला परंपरा पर कन्नड़ एक्टर चेतन का विवादित बयान, एफआईआर दर्ज





कन्नड़ फिल्म कांतारा एक ओर जहां दर्शकों को पसंद आ रही है तो दूसरी ओर बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म की रिलीज के बाद से 'भूत कोला' की परंपरा पर चर्चा हो रही है, लेकिन इस बीच कन्नड़ एक्टर चेतन अहिंसा के खिलाफ हिंदुओं की भावनाएं आहत करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। चेतन ने इस पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी दी है।

### 'भूत कोला' पर आपत्तिजनक बयान

न्यूज एजेंसी एएनआई के ट्वीट के मुताबिक कर्नाटक पुलिस ने कन्नड़ एक्टर चेतन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। चेतन पर 'भूत कोला'परंपरा पर आपत्तिजनक बयान देने और उसके चलते हिंदुओं की भावनाएं आहत करने के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आरएसएस से जुड़े एक दक्षिणपंथी समूह हिंदू जागरण वेदिक ने फिल्म कांतारा में इस्तेमाल किए गए 'भूत कोला' की परंपरा पर बयान देते हुए एक्टर चेतन अहिंसा ने अपमानजनक टिप्पणी की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अभिनेता ने हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है।


### क्या था चेतन का बयान

कांतारा फिल्म के निर्देशक और एक्टर ऋषभ शेट्टी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चेतन अहिंसा ने कहा था कि भूत कोला की परंपरा हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं है और यह हिंदू धर्म के अस्तित्व में आने से पहले भी मौजूद थी। कांतारा की रिलीज के बाद चेतन ने सोशल मीडिया पर फिल्म में दिखाई गई भूत कोला परंपरा पर रिएक्ट किया था और अपने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'जैसे हिंदू भाषा को थोपा नहीं जा सकता, वैसे ही लोगों पर हिंदुत्व नहीं थोपा जा सकता। भूत कोला भूमि के मूल निवासियों की परंपरा है। यह हिंदू धर्म के तहत नहीं आएगा।'

### कांतारा को पसंद कर रही ऑडियंस

वहीं बात फिल्म कांतारा की करें तो ये 1847 के वक्त की कहानी है, जिस में कर्नाटक के तटीय क्षेत्र में एक काल्पनिक गांव दिखाया गया है। इस फिल्म में क्षेत्रीय परंपराओं को दिखाया गया है। फिल्म में लोगों की भावनाओं और नए वक्त की समस्याओं को थोड़ा बहुत जोड़ गया है। फिल्म में ऋषभ शेट्टी लीड रोल में हैं और उन्होंने काफी जबरदस्त काम किया है। फिल्म कन्नड़ में 30 सितंबर को रिलीज हुई, वहीं अच्छे रिस्पॉन्स के बाद फिल्म को तमिल, हिंदी, तेलुगु और मलयालम में 14 अक्टूबर को रिलीज किया गया।

# ब्रांड एंडोर्स नहीं करते प्रभास 6000 रिश्तों को किया इनकार



पैन इंडिया एक्टर प्रभास आज अपना 43वां जन्मदिन मना रहे हैं। प्रभास का जन्म फिल्म प्रोड्यूसर उप्पलापति सूर्य नारायण राजू के घर हुआ था। प्रभास अपने दो भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। बड़े पर्दे पर एक्शन और रोमांस से सभी का दिल जीतने वाले प्रभास हकीकत में काफी शर्मीले हैं और कभी एक्टर बनना ही नहीं चाहते थे। फिल्मों में आने के पीछे भी उनकी एक कहानी है।

### नहीं बनना चाहते थे एक्टर

वैसे आपको भी ये बात जानकार जरूर हैरानी होगी कि अपनी दमदार आवाज और बेहतरीन एक्टिंग से सभी का दिल जीतने वाले प्रभास कभी एक्टर बनना ही नहीं चाहते थे। प्रभास का परिवार सिनेमाई बैकग्राउंड रखता है और इस वजह से वो कभी भी एक्टर नहीं बनना चाहते थे। प्रभास को खाने-पीने का शौक है, ऐसे में वो होटल बिजनेस में जाने की इच्छा रखते थे। वहीं प्रभास के एक्टर बनने के पीछे भी एक किस्सा है, कहा जाता है कि प्रभास के चाचा एक फिल्म बना रहे थे और उस फिल्म की कहानी का हीरो,प्रभास के रियल लाइफ कैरेक्टर से काफी हद तक मिलता था। ऐसे में चाचा ने प्रभास को फिल्म के लिए मनाया और बस फिर तभी से प्रभास की बतौर एक्टर जर्नी शुरू हो गई।

### नहीं करते हैं ब्रांड एंडोर्स

एक ओर जहां सेलेब्स खूब सारे ब्रांड्स को एंडोर्स करते हैं तो दूसरी ओर प्रभास इनसे दूर रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रभास ने अभी तक सिर्फ एक ही ब्रांड को एंडोर्स किया है, जो 2015 में महिंद्रा टीयूवी 300 कार के लिए था। कहा जाता है कि 2020 में 150 करोड़ के ब्रांड एंडोर्समेंट को ठुकरा भी दिया था।

फिल्म बाहुबली ने एक ओर जहां प्रभास को पैन इंडिया स्टार बना दिया तो दूसरी ओर ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर इंडियन सिनेमा को भी एक नई पहचान देने में मदद की। फिल्म के बाद प्रभास को देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी पसंद किया जाने लगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रभास को अभी तक करीब 6000 प्रपोजल आ चुके हैं, जिन्हें वो इनकार कर चुके हैं। इसके अलावा एक ओर जहां स्टार्स फिल्म की रिलीज के पहले काफी परेशन रहते हैं तो प्रभास अपनी नींद पूरी जरूर करते हैं। उनका मानना है कि अगर फिल्म फ्लॉप भी हुई तो उनकी नींद पर इसका कोई असर नहीं होगा और अगर हिट हुई तो वो फ्रेस माइंड के साथ अपनी सक्सेस को सेलिब्रेट करेंगे।

# उर्फी जावेद ने खुद को बताया फीमेल रणवीर सिंह, बोलीं- सब तो देखा हुआ है, ऐसा क्या नया देख लोगे?

उर्फी जावेद अपने अतरंगी कपड़ों के लिए सुर्खियों में बनी रहती हैं। उर्फी जावेद के फॉलोअर्स कई बार उनकी तुलना रणवीर सिंह से कर देते हैं क्योंकि बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह भी अक्सर अतरंगी कपड़ों में नजर आ जाते हैं और वह न्यूड फोटोशूट भी करवा चुके हैं। लेकिन एक हालिया इंटरव्यू में उर्फी जावेद ने पहली बार खुद ही अपने आप को फीमेल रणवीर सिंह बताया है।

उर्फी जावेद से जब पूछा गया कि वह अगर एक शब्द में रणवीर सिंह को परिभाषित करना चाहें तो वह क्या कहेंगी? जवाब में उर्फी जावेद ने कहा- मुझे लगता है कि मैं फीमेल रणवीर सिंह हूं और वह मेल उर्फी जावेद हैं। बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में जब उर्फी जावेद से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी अपने किसी आउटफिट में बहुत असहज महसूस हुआ है? तो उर्फी का जवाब चौंकाने वाला था।

उर्फी जावेद ने कहा- मैं झूठ नहीं बोलूंगी, कई बार ऐसा होता है। लेकिन मैं अपनी बॉडी में बहुत कंफर्टेबल फील करती हूं। मुझे शर्म नहीं आती। अगर कभी कोई वार्डरोब मालफंक्शन हुआ भी तो मुझे घंटा कुछ फर्क नहीं पड़ता है। सबने तो सब देखा ही हुआ है। ऐसा कुछ नया तो दिख नहीं जाएगा। मेरे पास वही है जो तुम्हारे पास है, बस साइज का फर्क है।

### रणवीर से शादी करना चाहती हैं उर्फी!

बता दें कि एक तरफ जहां 'कॉफी विद करण' में रणवीर सिंह उर्फी जावेद का नाम लेकर सुर्खियां बटोर चुके हैं वहीं दूसरी तरफ उर्फी जावेद ने भी रणवीर सिंह के लिए शादी का प्रस्ताव रख दिया था। उर्फी जावेद ने कहा- अगर कभी रणवीर सिंह को दूसरी शादी करनी हो तो मैं तुम्हारे लिए तैयार हूं रणवीर।





# अर्जुन कपूर ने बोल्ड फोटो शेयर कर यूं किया गर्लफ्रेंड मलाइका को बर्थडे विश





बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आज अपना 50वां बर्थडे मना रही हैं। मलाइका अब बड़े पर्दे पर तो खास नजर नहीं आतीं लेकिन वह अपनी पर्सनल लाइफ और फिटनेस को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं। मलाइका अरोड़ा के बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पोस्ट करके उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। अर्जुन कपूर ने मलाइका अरोड़ा के साथ एक रोमांटिक फोटो शेयर की है।

### अर्जुन कपूर ने यूं किया मलाइका को विश

फोटो में मलाइका अरोड़ा बोल्ड अंदाज में नजर आ रही हैं और अर्जुन कपूर उनके ठीक पीछे खड़े हुए हैं। फोटो में अर्जुन कपूर इंटेन्स लुक देते दिखाई पड़ रहे हैं। अर्जुन कपूर ने इस फोटो के कैप्शन में लिखा- मेरे अंधेरे की रोशनी। हैप्पी बर्थडे बेबी। जैसी हो वैसी ही रहना, हमेशा खुश रहना, मेरी रहना।'

### खुलकर करते हैं इजहार-ए-इश्क

मालूम हो कि अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा पिछले काफी वक्त से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों ने शुरू में तो अपने रिश्ते को छिपाने की कोशिश की, लेकिन बाद में खुलकर मीडिया के सामने आ गए। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा को अपने रिलेशनशिप की वजह से बहुत ज्यादा ट्रोल भी किया जाता है।

### एज गैप के चलते ट्रोल होते हैं अर्जुन-मलाइका

अर्जुन और मलाइका को ट्रोल किए जाने की वजह है दोनों की उम्र का फर्क। अर्जुन कपूर जहां सिर्फ 37 साल के हैं वहीं मलाइका अरोड़ा की उम्र 50 साल है। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा को अब ट्रोल्स से खास फर्क नहीं पड़ता। वह सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक खुलकर अपने प्यार का इजहार करते दिखाई पड़ते हैं।

# सामने आई रीवा अरोड़ा की असली उम्र

## ग्लैमरस वीडियो वायरल होने के बाद मां ने ही कर दिया खुलासा



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन दिनों चाइल्ड एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा के खूब चर्चे हैं. 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग से सबके हैरान करने वाली रीवा ने अपने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से सबके चौंका दिया है. जी हां, रीवा के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसे लेकर उन्हें और उनके माता-पिता को निशाना बनाया जा रहा है. वहीं करण कुंद्रा और मीका सिंह के साथ भी उनके वीडियो की खूब आलोचना हो रही है. इन सब के बीच अब रीवा की मां ने पहली बार खुलकर अपना पक्ष सबके सामने रखा है.

रीवा अरोड़ा के ग्लैमरस वीडियो पर बवाल मचने के बाद उनकी मां निशा अरोड़ा अब अपना रिएक्शन दिया है. उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में रीवा की उम्र का भी खुलासा किया है. निशा ने अपनी पोस्ट में लिखा, "मैं शांत थी, लेकिन अब नहीं. मेरी बेटी की उम्र पर आरोप पूरी तरह से झूठे हैं और मीडिया रिपोर्ट्स में कही गई बातें बिल्कुल झूठी और निराशाजनक हैं. ऐसी रिपोर्ट्स लिखने से पहले आपको कम से कम मेरे साथ क्रॉस चेक करना चाहिए था. मेरी बेटी एक एक्ट्रेस है और वर्षों से इंडस्ट्री में काम कर रही है.'

'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रसिद्ध प्रकाशन बिना किसी सत्यापन के एक युवा लड़की के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं. मेरी बेटी अभी 10वीं क्लास में है. वह 13 साल से अधिक समय से इंडस्ट्री में काम कर रही है, उसने पूरी ईमानदारी और दृढ़ता के साथ सब कुछ हासिल किया है.' बता दें कि रिवा की उम्र को लेकर कई तरह की खबरें सामने आई, जिसमें उन्हें 12 साल की बच्ची कहा गया. हालांकि निशा के बयान के मुताबिक रीवा 12 साल की नहीं बल्कि उससे भी बड़ी हैं.

# नेकलाइन ब्लाउज और लहंगे में सुपरबोल्ड ईशा गुप्ता ने दिखाया दिलकश अंदाज



**अपनी बोल्डनेस** को लेकर सोशल मीडिया पर तहलका मचाने वाली एक्ट्रेस ईशा गुप्ता अपनी लेटेस्ट तस्वीरों को लेकर फिर सुर्खियों में हैं. ईशा अपने हॉट और बोल्ड अंदाज को दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं. स्लिट गाउन हो या हॉट बिकिनी, ईशा अपने हर आउटफिट में छा जाती हैं. ईशा ने बार-बार अपनी बोल्डनेस से फैंस को दीवाना बनाया है. एक बार फिर एक्ट्रेस ने गहरे रंग के नेकलाइन ब्लाउज और लहंगे में अपनी शानदार तस्वीरों से सभी को हैरान कर दिया.

ईशा गुप्ता ने कच्चे रेशम से बना लाल बेज प्रिंटेड लहंगा पहना, जिसके साथ उन्होंने कढ़ाई वाले प्लंजिंग नेकलाइन ब्लाउज कैरी किया. नेट के दुपट्टे में चारों तरफ एक ही लहंगे के कपड़े का प्लीटेड बॉर्डर था. ईशा गुप्ता लाल रंग के लहंगे में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. बताया जा रहा है कि उन्होंने इस ड्रेस को अपनी दिवाली पार्टी के लिए चुना है. जहां लहंगे की डिटेल और डिजाइन आंखों को भा रही है, वहीं इसकी कीमत आपके होश उड़ा सकती है! ईशा गुप्ता का लाल लहंगा डिज़ाइनर रिद्धी मेहरा के चारमाने कलेक्शन का है, जिसकी कीमत करीब 94,800 रुपये है. अपने लुक को पूरा करने के लिए ईशा गुप्ता ने एथनिक वियर को डायमंड नेकलेस, मैचिंग इयररिंग्स, स्लीक बन, लाल बिंदी और डार्क रेड लिपस्टिक के साथ मेकअप किया. वर्कफ्रंट की बात करें तो ईशा गुप्ता को आखिरी बार एक्टर बॉबी देओल के साथ वेब सीरीज 'आश्रम 3' में देखा गया था. अपने निजी जीवन में एक्ट्रेस हाल ही में स्पेन में अपनी छुट्टियां बिताकर लौटी हैं, जहां वो अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ गई थीं.



# भारत की ताकत देखती दुनिया

## 16 देश मांगें एलएसी तेजस की जानकारी; ये है तैयारी

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एलसीए तेजस एमके2 बनाने का काम जारी है। फिलहाल, इस रफ्तार को बढ़ाए जाने की योजना तैयार की जा रही है। खबर यह भी है कि दुनियाके 16 देशों ने तेजस के बारे में जानकारी मांगी है। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की तरफ से एलसीए एमके2 को सितंबर में मंजूरी मिली थी। फिलहाल, इस लड़ाकू विमान की डिजाइन और विकास पर काम जारी है। एलसीए एमके2 प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉक्टर वी मधुसूदन राव कहते हैं, 'पहले ही 16 देशों की तरफ से विमान को लेकर जारी पूछताछ के बीच केंद्र सरकार की तरफ से उत्पादन दर बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।' उन्होंने बताया कि इसके लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अलावा अन्य एजेंसियों की भी पहचान की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार ने कीमत में कमी और निर्यात के लिए बेहतर मौकों के लिए अच्छी कीमत सुनिश्चित करने की मांग की है। भारतीय वायुसेना से मिग-29, मिराज 2000 और जगुआर बेड़े के विमानों की विदाई के बाद एलसीए तेजस एमके2 स्क्वाड्रन में उनकी जगह लेगा। राव ने बताया कि भारतीय वायुसेना को दो चरणों में इसके 10 स्क्वाड्रन मिलेंगे।

**कब तक आएंगे**

राव का कहना है कि विमान दिसंबर 2023 तक सामने आ जाएंगे और इसके पहले प्रोटोटाइप की पहली उड़ान दिसंबर 2024 तक हो सकती है। इसके बाद तीन और प्रोटोटाइप तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2027 तक एलसीए मार्क2 की फ्लाइट टेस्टिंग के साथ डिजाइन और डेवलपमेंट का काम पूरा जाएगा। सभी चारों प्रोटोटाइप की टेस्टिंग के साथ ही भारतीय वायुसेना के लिए उत्पादन शुरू हो जाएगा।

**कैसा होगा तेजस**

अधिकारी ने जानकारी दी कि फ्लाइट टेस्टिंग से पहले डिजाइन के जरिए हथियारों के शुरुआती हिस्से को भी विमान में शामिल किया जाएगा। इनमें पंखों में मिसाइल, दो से चार बीवीआर मिसाइल और स्मार्ट बॉम्ब शामिल हैं। खास बात है कि एलसीए तेजस के एमके2 वर्जन में एफ414 जीई फाइटर जेट इंजन होंगे। उन्होंने बताया, 'अमेरिका की जनरल इलेक्ट्रिक की तरफ से ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी के बात इंजन का निर्माण पूरी तरह भारत में ही होगा।'

## केरल में युवती की गला रेत कर हत्या

कन्नूर (केरल), 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तरी केरल के कन्नूर जिले के पनूर के पास शनिवार को एक 21 वर्षीय महिला फार्मासिस्ट की कथित तौर पर उसके पूर्व प्रेमी ने उसके घर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान विष्णुप्रिया के रूप में हुई है, जो दोपहर के करीब वलययिल स्थित अपने आवास पर खून से लथपथ और गले और हाथों पर गहरे घाव के निशान के साथ मृत पाई गई थी। पुलिस ने इस नृशंस हत्या के कुछ घंटे के भीतर ही पास के मननथेरी निवासी 25 वर्षीय आरोपी श्यामजीत को गिरफ्तार कर लिया।

## भगवान बिरसा की जयंती पर झारखंड में होंगी राष्ट्रपति



रांची, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू धरती खूंटी के उलिहातू आएंगी। यहां वे भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी और सभा को संबोधित करेंगी। झारखंड की राज्यपाल रहते हुए द्रौपदी मुर्मू एक बार उलिहातू आ चुकीं हैं। बता दें कि उलिहातू भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है। द्रौपदी मुर्मू खूंटी आनेवाली पहली राष्ट्रपति होंगी। 22 साल पहले इसी दिन झारखंड राज्य का गठन हुआ था। इस दिन को केंद्र ने पिछले वर्ष आदिवासी दिवस भी घोषित किया है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। डीसी शशि रंजन, एसपी अमन कुमार शनिवार को उलिहातू पहुंचे व तैयारियों का जायजा लिया। आप को बता दें की झारखंड राज्य का गठन 15 नवंबर 2000 को हुआ था। इसी दिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी मनाई जाती है। राष्ट्रपति उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने उनकी जन्मस्थली उलिहातू जाएंगी।

# पीएम मोदी की राह पर एकनाथ शिंदे

## महाराष्ट्र में 75000 सरकारी नौकरियों का किया ऐलान

मुंबई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने अगले एक साल में राज्य के युवाओं को 75,000 सरकारी नौकरियां देने का ऐलान किया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार एक साल में 75 हजार सरकारी नौकरियां देगी। फडणवीस ने युवाओं को 10 लाख रोजगार देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की भी प्रशंसा की। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'प्रधानमंत्री की ओर से शुरू की गई इस पहल के साथ महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हमारी सरकार ने भी नौकरी देने का फैसला किया है। 75,000 नौकरियों में से 18,000 रिक्तियां पुलिस विभाग में होंगी। इसके लिए अगले 5 से 7 दिनों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।'



**डेढ़ साल में 10 लाख नौकरियां देने की बात**

प्रधानमंत्री ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से कहा था कि वे अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को 'मिशन मोड' पर नौकरियां दें। वहीं, मोदी ने शनिवार को सरकारी नौकरी के 75,000 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि केंद्र युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने के लिए कई मोर्चों पर काम कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा, 'आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। 7-8 साल के भीतर हमने 10वें से 5वें नंबर तक की छलांग लगाई है। ये इसलिए संभव हो पा रहा है, क्योंकि बीते 8 वर्षों में हमने देश की अर्थव्यवस्था की उन कमियों को दूर किया है, जो रुकावटें पैदा करती थीं। स्टार्टअप इंडिया अभियान ने तो देश के युवाओं के सामर्थ्य को पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है। साल 2014 तक जहां देश में कुछ 100 ही स्टार्टअप थे, आज ये संख्या 80,000 से अधिक हो चुकी है।'

# विधानसभा उपाध्यक्ष आनंद ममानी का निधन

**गंभीर बीमारी से थे पीड़ित**

बेंगलुरू, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक विधानसभा के उपाध्यक्ष आनंद ममानी का आज निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। परिवार के लोगों ने बताया, ममानी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उन्हें डायबटीज थी और लीवर में संक्रमण था। रविवार को उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

उनके निधन की सूचना के बाद मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई अस्पताल पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बोम्मई ने ट्वीट किया, हमारी पार्टी के विधायक और राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष आनंद चंद्रशेखर ममानी के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें और



भगवान उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें। ओम शांति। बता दें, ममानी सौदत्ती विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। वह तीसरी बार इस विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे । उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। आनंद ममानी के पिता चंद्रशेखर एम ममानी ने भी 1990 के दशक में डिप्टी स्पीकर के रूप में काम किया था।

## प्रतिबंधित पशु ले जाने के शक में बवाल, एक की जमकर पिटाई, आगजनी

कोलकाता, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में भीड़ ने कथित तौर पर एक पशु तस्कर की पिटाई की और उसके वाहन में आग लगा दी। मारपीट करने के बाद भीड़ ने आरोपी को पुलिस को सौंप दिया है। पकड़े गए आरोपी पर वाहन में प्रतिबंधित पशु ले जाने का आरोप है। स्थानीय लोगों ने कुछ पशु तस्करों को उनके वाहन में एक बैल को ले जाते हुए देखा था। जिसके बाद भीड़ उग्र हो गई और वाहन को घेर लिया। वाहन में सवार कई आरोपी भागने में कामयाब हो गए, जबकि एक आरोपी की पकड़ लिया गया।

# 'बच्चों ! कभी अपने आप को अकेला मत समझना

## 'मामा' आपके साथ है', कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चों संग शिवराज ने मनाई दिवाली



भोपाल, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेरे प्यारे भांजे-भांजियों एवं बेटा बेटियों, कभी अपने आपको अकेला मत समझना। उन्होंने बच्चों से कहा कि हर परिस्थिति में आपका यह 'मामा' और मध्यप्रदेश सरकार सदैव आपके साथ है। चौहान कोविड काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों के साथ मुख्यमंत्री निवास में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे बच्चों आपकी मुस्कुराहट और उज्ज्वल भवष्यि के लिए मध्य प्रदेश सरकार दिन-रात काम कर रही है।

आपके जीवन में ये खुशियां, चेहरे पर यह मुस्कान सर्वदा विद्यमान रहे, यूं ही हंसते-मुस्कुराते रहो, यही मेरा संकल्प है। मुख्यमंत्री चौहान ने 'दीपोत्सव' कार्यक्रम में मधुर गीतों की प्रस्तुति देने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया और बच्चों के साथ गीत गाकर उनके आनंद में सम्मिलित हुए। उन्होंने 'दीपोत्सव' कार्यक्रम में बच्चों के साथ दीप प्रज्वलित कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

## महिला द्वारा पैर छूने पर गुस्से से तमतमाए मंत्री जी सबके सामने जड़ दिया थप्पड़



बेंगलुरू, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक की बसवराज बोम्मई सरकार एक बार फिर विवादों में घिर गई है। इस बार इसकी वजह सरकार में मंत्री वी. सोमन्ना हैं। जानकारी के मुताबिक, भरी सभा में मंत्री जी ने एक महिला को थप्पड़ जड़ दिया। महिला को दोष सिर्फ इतना था कि वह अपनी समस्या लेकर उनके पास पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक, मामला शनिवार शाम कर्नाटक के चामराजनगर जिले का है। यहां के गुंडलुपेट तालुका में एक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा था। इस दौरान एक महिला जमीन का मालिकाना हक दिलाने की फरियाद लेकर मंत्रीजी के पास पहुंच गई। बताया जा रहा है कि महिला जैसे ही मंत्री जी के पास पहुंची, उसने उनके पैर छू लिए। इस बात से मंत्री जी गुस्से में लाल हो गए और उन्होंने उसको थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना के बाद आसपास मौजूद लोग भी असहज हो गए और महिला भी असहज हो गए। हालांकि, इसके बावजूद महिला अपनी समस्या के लिए मंत्री जी से फरियाद लगाती रही।

## कश्मीर से लाई जा रही बीस किलो हेरोइन बरामद



जम्मू , 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। उधमपुर जिले के चिनैनी पुलिस ने बड़े नारको टेरर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 21 किलो हेराइन बरामद की है। आरोपी ट्रक चालक पंजाब के नवांशहर निवासी कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। एडीजी जम्मू मुकेश सिंह ने बताया कि चिनैनी चेक पोस्ट पर वाहन को चेकिंग के दौरान रोका गया। जो कश्मीर से जम्मू की तरफ जा रहा था। पूछताछ में जब चालक पर संदेह हुआ तो उससे अन्य जानकारी ली गई। टीम को ट्रक से नशे के 18 पैकेट मिले। इसमें हेराइन भरी हुई थी। इसके बाद चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करोड़ों की बताई जा रही है। एसएसपी उधमपुर विनोद कुमार ने बताया कि हेरोइन के पैकेट पर अफगानिस्तान का टैग लगा हुआ है। इससे लगता है कि तस्करों ने इसे वहां से मंगाया हो। बताया जा रहा है कि चालक सेब के पेटियों के बीच में हेरोइन को छिपाकर लाया था।

## साल भर अंधेरे में रहने वाले बंकरों पर जले दीप



पुंछ, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूरे देश के साथ भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा भी भी दिवाली की धूम है। घरों से दूर एलओसी पर तैनात सेना के जवान भी दिवाली मनाने में मस्त हैं। नियंत्रण रेखा पर अंतिम चौकियों में तैनात सेना के जवानों किस प्रकार दिवाली मना रहे हैं। इसके बारे में आपको विस्तार से बताते हैं।

इसको जानने के लिए पुंछ जिले में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर समुद्रतल से दस हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सेना की अंतिम चौकी पर पहुंच कर अमर उजाला ने जायजा लिया। विपरीत परिस्थितियों में प्रतिकूल मौसम क्षेत्र में दो दिन पहले गिरी पहली बर्फ से ढके क्षेत्र और दुश्मन की चौकियों से महज सौ मीटर की दूरी पर तैनात जवानों में भी दिवाली को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला।

## राजनीति से पहले व्यापार में हाथ आजमा चुके हैं कैलाश विजयवर्गीय



इंदौर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। 80 के दशक में पार्षद का चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने वाले कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बनकर केंद्र की राजनीति में स्थापित हो चुके हैं। वे विधायक भी रहे हैं और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। विजयवर्गीय हर साल धनतेरस पर अपनी परंपरागत किराना दुकान पर जाकर मुर्हूत में सामान बेचते हैं। वे हर साल ऐसा करते हैं। बहुत कम लोगों को मालूम है कि विजयवर्गीय राजनीति से पहले कारोबार में भी हाथ आजमाया, लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिली। विजयवर्गीय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व दिवंगत नेता अनिल माधव दवे के साथ साझेदारी में कोल्ड ड्रिंक का बिजनेस किया। उन्होंने पीथमपुर में एक प्लांट भी डाला, लेकिन कारोबार में ज्यादा मुनाफा नहीं हुआ। पटाखे का धंधा सबसे मुनाफे का धंधा माना जाता है। विजयवर्गीय ने इस धंधे में भी हाथ आजमाया और कुछ वर्षों तक पटाखे भी बेचे।



# 'ड्रग्स कैपिटल' के तौर पर पंजाब को पीछे छोड़ता केरल

## लॉटरी और शराब बने राजस्व का जरिया: राज्यपाल खान

तिरुवनंतपुरम, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य में ड्रग के कारोबार में बढ़ोतरी का दावा किया है। उन्होंने कहा कि केरल तेजी से 'ड्रग्स कैपिटल' के रूप में पंजाब की जगह लेता जा रहा है। उन्होंने इस पर शर्मिंदगी जताई कि लॉटरी और शराब इस दक्षिण भारतीय राज्य में राजस्व के 2 मुख्य स्रोत बन गए हैं। खान इन दिनों विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर वामपंथी सरकार के साथ तनातनी में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में जबकि सभी लोग शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं, लेकिन केरल इसके उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। राज्यपाल खान ने कहा, 'यहां, हमने तय कर लिया है कि लॉटरी और शराब हमारे विकास के लिए पर्याप्त हैं। 100 फीसदी साक्षरता वाले राज्य के लिए कितनी शर्मिंदगी की बात है। राज्य का प्रमुख होने के नाते मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है कि मेरे राज्य में राजस्व के दो मुख्य साधन लॉटरी और शराब हैं। लॉटरी क्या है? यहां बैठे आप लोगों में से कभी किसी ने लॉटरी टिकट खरीदी है। सिर्फ बेहद गरीब लोग लॉटरी टिकट खरीदते हैं। आप उन्हें लूट रहे हैं। आप हमारे लोगों को शराब का आदी बना रहे हैं।'

**'केरल शराब की बिक्री को बढ़ावा दे रहा'**

किताब के विमोचन कार्यक्रम में खान ने कहा कि केरल 'ड्रग्स की राजधानी के रूप में पंजाब की जगह ले रहा है, क्योंकि राज्य शराब की बिक्री को बढ़ावा दे रहा है। राज्यपाल ने कहा, 'सभी शराब पीने के खिलाफ अभियान चलाते हैं। यहां शराब पीने को बढ़ावा दिया जा रहा है। कितने शर्म की बात है।'

**'शराब और लॉटरी राजस्व का मुख्य स्रोत'**

गौरतलब है कि केरल के राज्यपाल और राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बीच सितंबर में भी शराब और लॉटरी के राजस्व का मुख्य स्रोत बनने को लेकर काफी कहासुनी हुई थी। खान ने वामपंथी सरकार की बहुत आलोचना भी की थी। खान ने शनिवार को केरल में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि कुलपतियों की नियुक्ति राज्यपाल की जिम्मेदारी है।

**केरल के मंत्रियों पर भी साधा निशाना**

आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि राज्य सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है और अगर राज्यपाल कोई कानून बनाते हैं तो वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रावधानों के तहत होना चाहिए। खान ने उनके अधिकार पर सवाल उठाने वाले केरल के मंत्रियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य के एक मंत्री ने पूछा था कि क्या उत्तर प्रदेश के एक राज्यपाल केरल की शिक्षा व्यवस्था को समझ सकते हैं। खान ने कहा, 'एससी ने कल यह स्पष्ट किया। न्यायालय के माननीय न्यायाधीश के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी ना करें क्योंकि कल उन्होंने भी केरल तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति की आपकी नियुक्ति के खिलाफ फैसला दिया है।'

# जानवरों को खुला छोड़ दिया

## बिलकिस के दोषियों के गांव लौटने पर मोइत्रा ने केंद्र पर साधा निशाना

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। तृणमूल लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने बिलकिस बानो बलात्कारियों के अपने गांवों में लौटने की खबरों के बीच केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। अपने एक ट्वीट में मोइत्रा ने कहा कि मोदी-शाह की सरकार में जानवरों को खुले में छोड़ दिया गया है। महुआ ने बिलकिस केस के एक दोषी के उस बयान का भी जिक्र किया जिसमें उसने कहा था कि हिन्दू रेप नहीं करते। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा उन याचिकाकर्ताओं में से एक हैं जो 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई थीं। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार ने बताया था कि



बिलकिस बानो रेप केस के दोषियों की रिहाई का आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से आया था। बता दें कि छूट के खिलाफ याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई होगी। इस बीच शीर्ष अदालत ने छूट के खिलाफ एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। गौरतलब है कि 15 अगस्त को बिलकिस बानो के बलात्कारियों की रिहाई ने राष्ट्रीय आक्रोश पैदा कर दिया था।

गुजरात सरकार ने दोषियों के अच्छे व्यवहार का हवाला देते हुए 11 की जल्द रिहाई के आदेश जारी किए थे। रोचक तथ्य यह भी है कि इन 11 दोषियों ने 998 से 1576 दिन पैरोल पर बाहर भी गुजारे थे। दोषियों में से एक मितेश चमनलाल भट्ट पर महिला के साथ अभद्र व्यवहार के आरोप में मुकदमा भी दर्ज है। यह घटना उस वक्त की है जब वह पैरोल पर था। बिलकिस बानो रेप केस के दोषियों के रिहाई के बाद गांव लौटने की रिपोर्ट के बीच टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

## भारत-पाक बॉर्डर के पास ड्रोन से जुड़ी हलचल पर सुरक्षाबलों की कड़ी नजर

अमृतसर पंजाब में इस साल भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास ड्रोन के जरिए जो मूवमेंट हुआ है, वह सुरक्षाबलों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। पंजाब में कई जगहों पर ड्रोन के जरिए 150 से अधिक बार मादक पदार्थ, हथियार और गोला-बारूद भेजे जाने के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में मादक पदार्थों, हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के लिए ड्रोन के इस्तेमाल का पहला मामला 2019 में सामने आया था। पाकिस्तान से लगी सीमा के 553 किलोमीटर हिस्से की रक्षा में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने इस साल 10 ड्रोन को मार गिराया,

# मुझे इससे नफरत है, घृणा है

## मीडिया पर अक्सर भड़कने की जया बच्चन ने बताई वजह

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री जया बच्चन ने आखिरकार अपनी पोती नव्या नवेली नंदा के पोडकास्ट 'व्हाट द हेल नव्या' पर मीडिया से नाराज होने की वजह का खुलासा कर दिया है. उन्होंने बताया कि वो मीडिया के बारे में स्ट्रांग ओपिनियन रखती हैं. पॉडकास्ट में जया ने कहा, मुझे इससे नफरत है. मैं इसका तिरस्कार करती हूं. मैं उन लोगों से घृणा करती हूं जो आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप करते हैं और उनसे जुड़े कंटेट को बेचकर अपना पेट भरते हैं. मुझे इससे नफरत है, मुझे ऐसे लोगों से घृणा है. मैं हमेशा उनसे कहती हूं,



'आपको शर्म नहीं आती है?'' उन्होंने कहा कि ये उन्हें परेशान करता है. जया ने कहा, मैं इस चीज को लेकर बहुत स्पष्ट हूं और ऐसा नहीं है कि यह आज है, मैंने इसे पहले दिन से महसूस किया है. अगर आप मेरे काम के बारे में बात करते हैं तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. आप कहते हैं, 'वह एक खराब अभिनेत्री है और उसने फिल्म बुरी तरह से किया, वह अच्छी नहीं दिख रही है, तो ठीक है क्योंकि यह एक विजुअल मीडिया है. लेकिन बाकी मुझे बुरा लगता है, क्योंकि जो लोग देखते हैं वे इसे एक सेकंड के लिए देखते हैं और फिर आगे बढ़ते हैं. ट्रोल्स के बारे में बात करते हुए, जया ने कहा, अगर लोग यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर मेरे सभी गुस्से वाले वीडियो को डालकर अपना जीवन यापन करते हैं, तो लानत है. मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. आप कह सकते हैं, 'वह एक बुरी अभिनेत्री है, एक खराब सांसद है' लेकिन आपके पास कोई अधिकार नहीं है मेरे व्यक्तिगत चरित्र का निर्णय करने का. 'वह केवल गुस्सा करना जानती हैं.

किस बात पर गुस्सा? तुम घुसपैठ कर रहे हो, मेरे व्यक्तिगत जिंदगी में दखल दे रहे हो. जब मैं कहीं चल रही हूं, तुम मेरी तस्वीर ले रहे हो. क्यों? क्या मैं इंसान नहीं हूं ? पॉडकास्ट में, अभिनेत्री ने यह भी कहा कि मीडिया वीडियो पब्लिश करता है और उन्हें विभिन्न प्लेटफार्मों पर पोस्ट करता है. वे क्या रिकॉर्ड करते हैं और क्या पोस्ट करते हैं ये दो अलग-अलग चीजें हैं. अगर उनको ये करने की आजादी है, तो मेरी आजादी के बारे में क्या?

# फिर तबाही मचाएगा चक्रवाती तूफान



भुवनेश्वर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र रविवार देर रात यानी 12 घंटे के भीतर चक्रवात में तब्दील हो सकता है, जिससे पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में भारी बारिश होने और 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि रविवार की सुबह सागर द्वीप के दक्षिण में 700 किमी दूर मौजूद मौसम स्थिति उत्तर-पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ रही है और सोमवार को इसके फिर से उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर लौटने तथा टिंकोना द्वीप और सैंडविप के रास्ते बांग्लादेश तट को पार करने का अनुमान है। इस चक्रवात के 25 अक्टूबर को गहरे चक्रवात में बदल जाने की संभावना है।

**बंगाल में भारी बारिश का अनुमान**

मौसम विभाग ने एक बुलेटिन में कहा कि सोमवार को तटीय जिलों-दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना में भारी से बहुत भारी तथा पूर्वी व पश्चिमी मिदनापुर में भारी बारिश होने का अनुमान है। वहीं, कोलकाता, हावड़ा और हुगली में सोमवार और मंगलवार को मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

**100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा**

बुलेटिन के अनुसार, इस मौसम स्थिति के चलते मंगलवार को बंगाल के तटीय जिलों-उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना में 80-90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है, जो 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार भी पकड़ सकती हैं। इन जिलों और पूर्वी मिदनापुर में सोमवार को 45-55 किमी प्रति घंटे से लेकर 65 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

वर्ष 2018 के बाद यह पहला चक्रवात है, जो अक्तूबर के महीने में बनेगा

बता दें कि वर्ष 2018 के बाद यह पहला चक्रवात है, जो अक्तूबर के महीने में बनेगा। यह नीचे से उत्तरी बंगाल की खाड़ी की तरफ जाएगा। इस चक्रवात का नाम 'शीतरंग'रखा गया है। यह नाम थाईलैंड का दिया हुआ है।

**ओडिशा के आठ जिलों के लिए अलर्ट जारी**

भुवनेश्वर स्थित मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने पुरी, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालेश्वर, मयूरभंज, जाजपुर, क्योंझर, कटक और खुर्दा जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। विशेष राहत आयुक्त पीके जेना ने कहा, हमने आठ जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। राज्य इस चुनौती से निपटने को तैयार है।

**मछुआरों के लिए चेतावनी**

इस बीच, ओडिशा के तटवर्ती क्षेत्रों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान के बाद राज्य सरकार उससे निपटने की तैयारियों में जुट गई है। मौसम विभाग ने मछुआरों को शनिवार को मध्य बंगाल की खाड़ी और गहरे समुद्र क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही 23 से 26 अक्टूबर के बीच उन्हें ओडिशा तट और पश्चिम-मध्य व उत्तरी बंगाल की खाड़ी में जाने से मना किया है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | में | कन्या..05-48 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | में | तुला- 07-58 | बजे |
| मंगल | मिथुन | में | वृश्चिक 10-11 | बजे |
| बुध- | कन्या | में | धनु--- 12-17 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मकर- 14-08 | बजे |
| शुक्र- | तुला | में | कुंभ- 15-46 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मीन... 17-22 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मेष-- 19-06 | बजे |
| केतु- | तुला | में | वृष-- 21-07 | बजे |
| | | | मिथुन..23-19 | बजे |
| | | | कर्क... 01-32 | बजे |
| | | | सिंह... 03-42 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पूर्व -कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी **- 17-27** तक उपरान्त,अमावस्या
मास - कार्तिक कृष्ण पक्ष ,सोमवार, **24 Oct**
नक्षत्र - हस्त - **14 -41** - तक उपरान्त, चित्रा
योग - वैधृति **- 14 - 31** - तक उप- विष्कुंभ
करण- शकुनि **-17 - 27** - तक,उप- चतुष्पाद
विशेष:- अरुणोदय स्नान नरक रुप चतुर्दशी
व्रत -त्योहार - श्री महालक्ष्मी पूजा दीपावली

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 07:40 से 09:06 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत. | **06:15 - 07:40** | शुभ | चंचल | **17:48 - 19:21** | शुभ |
| काल. | **07:40 - 09:06** | अशुभ | रोग | **19:21 - 20:54** | अशुभ |
| शुभ. | **09:06 - 10:33** | शुभ | काल | **20:54 - 22:27** | अशुभ |
| रोग | **10:33 - 12:00** | अशुभ | लाभ | **22:27 - 00:00** | शुभ |
| उत्पात | **12:00 - 13:27** | अशुभ | उत्पात | **00:00 - 01:33** | अशुभ |
| चंचल | **13:27 - 14:54** | शुभ | शुभ | **01:33 - 03:07** | शुभ |
| लाभ | **14:54 - 16:21** | शुभ | अमृत | **03:07 - 04:40** | शुभ |
| अमृत | **16:21 - 17:45** | शुभ | चंचल | **04:40 - 06:15** | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आप जिस असंतुष्टि के दौर से गुजर रहे हैं,अंतत अब उससे बाहर आ पायेंगे ।आपको खुद ही पता चल जाएगा कि आपने जीवन में अपना उत्कृष्ट प्राप्त कर लिया है और अब अपने सपने पूरे करने के लिए भी कोशिश कर सकते हैं ।आप यह भी समझ पायेंगे कि अपने काम और अपनी सेहत दोनों को बेहतर बनाने के लिए कुछ बदलाव करने जरूरी हैं ।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज आप जो भी कुछ शुरू करेंगे ,उसमे चाहे कितनी ही बाधाएं आयें,आपको सफलता मिलनी तय है ।दिन के अंत तक आप दूसरों से फिर से बेहतर सम्बन्ध बना पायेंगे ।अपनी प्रकृति में एक जरुरी बदलाव लायें-हर सम्बन्ध में केवल अधिकार जताने की कोशिश में ना रहें ।सबको बराबरी का दर्जा दें

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी । आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे ।आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आज ग्रहों की दशा आपको शांत तरीके से अपने बारे में सोचने का मौका देगी ।आपने पिछले समय में कई मौकों पर काफी कठोर ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी है लेकिन अब आप मानसिक रूप से काफी शांत स्थिति में हैं ।सुलह करने और सम्बन्ध सुधरने के लिए बहुत अच्छा समय है।ख़ुशी पाने का सबसे अच्छा तरीका यह है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आपके पास पिछले कामों की भरमार रहेगी,आप पिछले कुछ समय से अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाह रहें हैं,आज का दिन आपके उन सब कामों के लिए बहुत अच्छा है ।आपको अपने कामो को पूरा करने के लिए इच्छाशक्ति,अनुशासन और एकाग्रता से काम लेना होगा ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज यह बात सबको जान्ने देने और इससे लाभ उठाने का दिन है ।इससे आपकी छवि एक प्रेरणात्मक वक्ता की बनेगी जिसकी कोशिश आप लम्बे समय से करते आ रहे हो । समाज में आपके सम्बन्ध जिन लोगों के साथ बहुत अच्छे नही हैं,उनके साथ भी आपके संबंधों में अब सुधार आना शुरू हो जाएगा ।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आप ऊर्जा से भरे हैं और बहुत अच्छे मूड में भी हैं ।दोस्तों को पार्टी दे सकते हैं ।अपनी ख़ुशी में खोकर आपका ध्यान भविष्य के खतरों से हट सकता है ।घबराए नहीं किसी आदमी से कोई नुक्सान होने की आशंका नही है,केवल आपका पेट अपच वाला अधिक भोजन करने के कारण खराब हो सकता है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आपमें समर्पण की अद्भुत भावना आ गयी है ।आपको परिवार से जुडी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं और आप ऐसा बहुत अच्छे से करेंगे ।जीवन की चुनातियों से निपटने के लिए आप अपने कौशलों को निखारने और अपनी छुपी हुई क्षमता को बाहर लाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं ।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आप बहुत अच्छे निर्णायक हैं और सब चीजों का आसानी से विश्लेष्ण कर लेते हैं ।आज आपको अपनी इस विशेषता के लिए खूब तारीफ मिलेगी ।लोग अच्छी तरह काम करने के लिए आपकी और देखेंगे और आपसे सीखेंगे ।आपको किसी खतरनाक जगह पर यात्रा करने की जरूरत सम्बन्धी सूचना मिलेगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — एक ऐसा व्यक्ति जो काफी लम्बे समय से आपके आस पास है लेकिन उस पर आप अधिक ध्यान नही दे रहे थे आज से आप उसके बारे में गंभीरता से सोचना शुरू करेंगे ।यह महज एक उभरता हुआ रोमांस नही है,बल्कि मन और आत्मा का मिलन है जिससे आप खासे प्रभावित होंगे ।इसके बारे में अच्छे से सोच लें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आपको आज बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त होंगी।इसीलिए औरों की सुनने और मानने की बजाय अपने आप सोच समझकर फैसले लेना अधिक उपयुक्त रहेगा ।अपने तरीके और अपने नजरिये के आधार पर देखेंगे तो बिलकुल ठीक फैसला ले पायेंगे ।आपकी बहु प्रतीक्षित छुट्टी जल्द ही मिलने वाली है ।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — जीवन में दो ही विकल्प मिलेंगे और दोनों में से किसी एक को भी छोड़ना आपके लिए समान दर्दनाक होगा ।आपको अब अपने दिल की सुननी चाहिए । अपने खाली समय में अपने लक्ष्यों की सूची बनाएं.लेकिन उनकी प्राथमिकताएं भी तय करें ।आपकी महत्वकाक्षाएं बढ़ गई हैं और आप उन्हें जितनी जल्दी हो सके,पूरे कर लेना चाहते हैं ।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# पुणे स्टेशन पर भारी भीड़ की वजह से एक यात्री की मौत

पुणे, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिवाली पर घर जानेवाली भारी भीड़ के बीच पुणे रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की मौत हो गई। भीड़ का बड़ा हिस्सा पूरब की ओर जानेवालों का है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुणे रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर शाम खांसने से एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्टेशन पर भीड़ काफी अधिक थी जिसकी वजह से यह हादासा हुआ है। अधिकारी ने कहा कि निर्माण मजदूर के रूप में काम करने वाले और कथित तौर पर तपेदिक से पीड़ित व्यक्ति को दो दोस्तों के साथ पुणे-दानापुर एक्सप्रेस में सवार होना था। इंस्पेक्टर प्रमोद खोपीकर ने कहा, 'रात 9 बजे सुरक्षा द्वार से प्लेटफॉर्म नंबर 1 में प्रवेश करते समय साजन मांझी खांसने लगे और प्लेटफॉर्म के बाहर गिर पड़े। उन्हें ससून सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।' यात्रियों की दिवाली की भीड़ के कारण स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति की अफवाहों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा कि मांझी की मृत्यु मुख्य प्लेटफॉर्म से कम से कम 200 मीटर की दूरी पर हुई। बता दें कि दिवाली के अवसर पर मुंबई, पुणे समते अन्य स्टेशनों पर शनिवार को भारी भीड़ देखने को मिली। भारतीय रेलवे की ओर से इन स्टेशनों से बिहार समेत कई राज्यों में जाने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है।

दूसरी ओर ओडिशा में पुरी-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के दो खाली डिब्बे शनिवार को उस समय पटरी से उतर गए, जब ट्रेन पुरी रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ क्योंकि ट्रेन खाली थी और हावड़ा रवाना होने के लिए पुरी स्टेशन जा रही थी। ट्रेन के सुबह पहुंचने के बाद उसे पुरी से करीब नौ किलोमीटर दूर मालतीपतपुर स्टेशन पर साफ-सफाई और धुलाई के लिए भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई, जब ट्रेन शाम को पुरी स्टेशन लौट रही थी।

# पिता ने नाबालिग बेटी के साथ किया दुष्कर्म, घटना का खुलासा करने पर दी जान से मारने की धमकी

दमोह, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। दमोह जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र में पिता-पुत्री के रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपनी 15 साल की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कियाय़ आरोपी पिता पिछले कई दिनों से बेटी के साथ गलत काम कर रहा था। पीड़ित बेटी ने परिजनों के साथ शनिवार रात महिला थाने में मामले की पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं के साथ ही अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। महिला थाना प्रभारी सुषमा सिंह ने बताया कि बचपन में ही पीड़ित की मां की मौत हो गई थी, और उसके पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। पीड़िता अपने दादा, दादी के पास रहती थी। आरोपी पिता ने दो माह पूर्व, करवा चौथ की रात एवं दो दिन पहले नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग परेशान हो गई तो फिर अपने दादा-दादी को घटना की जानकारी दी। शनिवार की रात दादा अपनी पोती को लेकर महिला थाने आए और पिता के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। हिंडोरिया पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# रेवड़ी से टैक्सपेयर दुखी; केजरीवाल को फिर चुभ गई पीएम मोदी की बात

## सवाल दाग बोले- मत करिए अपमान



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। रेवड़ी बांटने से टैक्सपेयर्स दुखी होते हैं... पीएम नरेंद्र मोदी की यह बात एक बार फिर दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुभ गई है। केजरीवाल ने पीएम मोदी के वीडियो को ट्वीट करते हुए कई सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई से परेशान है और उन्हें नेताओं की तरह मुफ्त सुविधाएं क्यों नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने मुफ्त रेवड़ी को जनता का अपमान भी बताया। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, "लोग महंगाई से बहुत ज्यादा परेशान हैं। जनता को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज, मुफ़्त दवाइयां, बिजली क्यों नहीं मिलनी चाहिए? नेताओं को भी तो इतनी फ्री सुविधायें मिलती हैं। कितने अमीरों के बैंकों के क़र्जे माफ कर दिए। बार-बार मुफ्त रेवड़ी बोलकर जनता का अपमान मत कीजिए।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में 'रेवड़ी संस्कृति' की आलोचना करते हुए कहा कि देश में एक बड़ा वर्ग इससे मुक्ति दिलाने के लिए कमर कस रहा है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा कि जब टैक्सपेयर्स को लगता है कि उसका पैसा सही जगह पर लग रहा है तो वह खुश होता है और ज्यादा टैक्स देता रहता है। आज देश के टैक्सपेयर्स को यह संतोष है कि कोरोना काल में करोड़ों लोगों की मदद करके वह कितनी बड़ी सेवा का काम कर रहा है।

पीएम मोदी ने किसी पार्टी या नेता का नाम लिए बिना आगे कहा कि टैक्सपेयर जब यह देखता है कि उससे वसूले गए रुपयों से मुफ्त की रेवड़ी बांटी जा रही है, तो करदाता सबसे ज्यादा दुखी होता है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर अनके करदाता उन्हें खुलकर चिट्ठी लिख रहे हैं। मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि देश में एक बड़ा वर्ग रेवड़ी संस्कृति से मुक्ति दिलाने के लिए कमर कस रहा है।

# पंजाब में डेरा खोलने का ऐलान

## भड़की एसजीपीसी बोली- राम रहीम का चरित्र असामाजिक



चंडीगढ़, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम के पंजाब के सुनाम में डेरा खोलने की घोषणा की है. इसके बाद बवाल मचा हुआ है. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी ) राम रहीम को असामाजिक चरित्र का बताते हुए सरकार से उनकी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है. वारिस पंजाब दे संस्था के जत्थेदार अमृपाल सिंह ने भी डेरामुखी के ऐलान पर कड़ी आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा है कि सरकार राम रहीम को डेरा खोलने से रोके. उन्होंने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उन्हें नहीं रोका तो वे अपने समर्थकों के साथ डेरामुखी को रोकेंगे. एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने कहा कि डेरा सिरसा प्रमुख गुरमीत राम रहीम का चरित्र असामाजिक है और उन पर लगे आरोप जघन्य हैं. बलात्कार और हत्या के मामलों में दोषी राम रहीम बेअदबी के मामलों में भी मुख्य आरोपी हैं. एडवोकेट धामी ने कहा कि इस विवादास्पद व्यक्ति द्वारा पंजाब में डेरा खोलने की घोषणा से सिख भावनाओं को ठेस पहुंची है और इससे पंजाब का शांतिपूर्ण माहौल खराब हो सकता है. उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस बेहद गंभीर मामले यह सुनिश्चित करे कि पंजाब में डेरा सिरसा की कोई भी शाखा न खोली जाए.

एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि अपने खराब चरित्र और अपराधों के कारण जेल में बंद राम रहीम को बार-बार पैरोल देकर सिख मानसिकता को आहत किया जा रहा है और यह अब सुनाम में अपना डेरा खोलने की घोषणा करने की साजिश है. उन्होंने कहा कि सिख समुदाय उनके इस कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. सरकार को जघन्य कृत्यों के दोषियों को लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं करने देना चाहिए. एडवोकेट धामी ने स्पष्ट किया कि पंजाब में डेरा सिरसा प्रमुख राम रहीम की किसी भी गतिविधि को स्वीकार नहीं किया जाएगा. उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से पैरोल के दौरान राम रहीम के ऑनलाइन भाषणों को रोकने की मांग की भी मांग की है.

# सिरसा के होटल में पूर्व फौजी ने किया सुसाइड

सिरसा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा में हिसार रोड स्थित पीवीआर के एक होटल में 23 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुसाइड के बाद होटल स्टाफ में हडकंप मच गया। सूचना पाकर डिंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर जांच में जुटी। मृतक अवतार सिंह फौज में रहा है और एक साल पहले आर्मी से रिजाइन दे दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले के जांच अधिकारी अभय ने बताया कि मृतक अवतार सिंह निवासी पन्नीवाला मोटा ने होटल में रूम लिया था। वह 21 अक्टूबर से वहां होटल में रुका हुआ था। होटल में ही अवतार सिंह ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से उतारा और नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

# एमपी में चुनाव के लिए कश्मकश तेज, कांग्रेस सिर्फ 'कमलनाथ' के भरोसे



भोपाल, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में अगले विधानसभा के चुनाव है। इसे लेकर दोनों प्रमुख पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस ने अपनी अपनी ओर प्रचार के लिए कमर कस ली है। बीजेपी जहां आदिवासी वोट और सौगातों के साथ वापस सत्ता वापसी की कोशिश कर रही है। वहीं कांग्रेस सरकार जो कि कमलनाथ के नेतृत्व में पिछले विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता पर आसीन हो चुकी थी। लेकिन जिस तरह से सरकार गिरी उसका बदला वह बीजेपी से लेना चाहती है। दोनों ही ओर कश्मकश का दौर शुरू हो गया है। इसी बीच कांग्रेस का जहां तक सवाल है एमपी की राजनीति में कांग्रेस कमलनाथ के बल पर ही चुनाव लड़ेगी। चुनाव लड़ने के दौरान कमलनाथ ही कांग्रेस का बड़ा चेहरा होंगे। उन्हीं के कंधों पर पार्टी का सारा दारोमदार रहने वाला है। राज्य में वर्ष 2018 में डेढ़ दशक बाद कांग्रेस के हाथ में सत्ता आई थी। मगर अपनों की दगाबाजी ने कांग्रेस को फिर विपक्ष में लाकर खड़ा कर दिया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ तत्कालीन 22 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी थी और अब तक यह आंकड़ा 29 पर पहुंच गया है। कमलनाथ दल बदलकर फिर विधायक बने एमएलए को शिकस्त देने की तैयारी में है।

**जिस इलाके के विधायकों ने दल बदला, वहां कमलनाथ सक्रिय**

कांग्रेस ने दल-बदल कर विधायक बनने वालों के इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और कमलनाथ ने इसका आगाज भी कर दिया है। बीते दिनों छतरपुर जिले के बड़ा मलहरा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे और जमकर गरजे भी। इस क्षेत्र से वर्तमान में भाजपा के विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी हैं। लोधी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। बड़ा मलहरा विधानसभा सीट से वर्ष 2003 में उमा भारती भी विधायक निर्वाचित हुई थी।

**छतरपुर जिले की बड़ा मलहरा सीट से की शुरुआत**

कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि कमलनाथ का सबसे ज्यादा जोर उन विधानसभा क्षेत्रों में है जहां के वर्तमान विधायक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और चुनाव जीत गए। इन क्षेत्रों के लिए कमलनाथ ने एक खास रणनीति बनाई है और उस पर अमल भी शुरू हो गया है। शुरूआत छतरपुर जिले के बड़ा मलहरा विधानसभा से उन्होंने कर भी दी है और आने वाले समय में उन क्षेत्रों तक वे पहुंचेंगे जहां के विधायकों ने कांग्रेस को धोखा किया था।

**एकजुट होकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही कांग्रेस**

पार्टी पूरी तरह कांग्रेस के नेतृत्व में एकजुट होकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। गुटों में बंटी कांग्रेस को कमल नाथ ने एक बार फिर एक जुट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद वर्तमान में कांग्रेस में गुट तो नजर नहीं आ रहे है मगर कई बड़े नेता सक्रिय भी नहीं है। कुल मिलाकर कांग्रेस में सिर्फ एक नाथ के तौर पर कमलनाथ ही दिखाई दे रहे हैं।

**चुनाव में कश्मकश से भरी होगी दोनों पार्टियों में टक्कर**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। इस चुनाव में दोनों ही राजनीतिक दलों के संगठन की बड़ी भूमिका रहने वाली है। भाजपा लगातार बूथ स्तर पर पहुंचने के अभियान में जुटी है तो वहीं कांग्रेस को भी बूथ स्तर पर अपनी पहुंच को मजबूत बनाना होगा।

# 'केजरीवाल धर्म विरोधी'

## दिल्ली में पटाखा बैन को लेकर गुजरात भाजपा ने साधा निशाना



राजकोट, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात भाजपा प्रमुख सी आर पाटिल ने दिल्ली में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। पाटिल ने केजरीवाल को धार्मिक विरोधी करार दिया है। पाटिल ने कहा कि केजरीवाल नागरिकों को उनके त्योहार मनाने से रोक रहे हैं जो कि एक धार्मिक विरोधी कृत्य है। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने पिछले महीने दिवाली सहित 1 जनवरी, 2023 तक सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर फिर से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

**दिल्ली सरकार ने तय किया था जुर्माना**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने हाल ही में कहा था कि दिल्ली में दिवाली पर पटाखे फोड़ने पर छह महीने तक की जेल और 200 रुपये का जुर्माना लगेगा। राय ने कहा था कि राजधानी में पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर 5,000 रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की जेल की सजा होगी।

**धर्म विरोधी लोगों की पहचान करें: सी आर पाटिल**

इस साल के अंत में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले, आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपनी पार्टी के लिए समर्थन हासिल करने के लिए हाल के दिनों में कई बार राज्य का दौरा किया है। शनिवार को यहां एक सभा को संबोधित करते हुए, गुजरात भाजपा प्रमुख पाटिल ने कहा कि आज मैंने कुछ समाचार पढ़ा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वह गुजरात में आएंगे तो आप पटाखे कैसे फोड़ेंगे। पाटिल ने कहा कि इसलिए कृपया ऐसे धर्म-विरोधी लोगों और पटाखों के खिलाफ पहचान करें जो हमें हमारे त्योहारों को मनाने से रोकते हैं।

# टीम इंडिया ने पाकिस्तान को धो डाला

## पाकिस्तान के ट्रंप कार्ड को ध्वस्त किया ; पंड्या, अर्शदीप के बाद कोहली ने लगाई जीत पर मुहर

मेलबर्न, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। रविवार को टीम इंडिया ने पाकिस्तान के हाथों पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में मिली हार का हिसाब-किताब चुकता कर दिया। एमसीजी स्टेडियम में 1 लाख और पूरी दुनिया में टीवी और डिजिटल प्लेफॉर्म्स पर करीब 25 करोड़ दर्शकों ने यह नायाब मुकाबला देखा। भारत ने 4 विकेट से जीत हासिल की। मैच में 5 फैक्टर्स ऐसे रहे, जिसने मेलबर्न की हवा का रुख भारत के नाम कर दिया। आइए इन 5 फैक्टर्स पर नजर डालते है।

**जिन बल्लेबाजों को पूरे मैच में आउट नहीं कर पाए थे, उन्हें 4 ओवर के अंदर निपटाया**

रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा- यहां सर्दी भी है और ओवरकॉस्ट कंडीशन्स भी।

अब आगे चलते है। दरअसल, हमारी टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान थे। यही दोनों पाकिस्तान के एक्स फैक्टर हैं। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप इन्होंने भारत के खिलाफ बिना आउट हुए 152 का टारगेट चेज कर डाला था। भारत को 10 विकेट से शर्मनाक हार मिली थी।

बहरहाल, दिन नया था और मुकाबला भी। टीम इंडिया नए जोश और खामोश जोश के साथ उतरी। लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने अपनी पहली ही गेंद पर बाबर को गोल्डन डक पर LBW कर दिया। यह पाकिस्तान की पारी का दूसरा ओवर था। अर्शदीप ने अपने दूसरे और पाकिस्तान की पारी के चौथे ओवर में मोहम्मद रिजवान को भी चलता कर दिया।




दुनियाभर के गेंदबाजों के लिए टेंशन बनने वाले दो बल्लेबाज पूरी पारी खेलना तो छोड़िए पांचवें ओवर का मुंह भी नहीं देख पाए।

**मोहम्मद शमी ने कराया कमबैक**

शुरुआती 2 विकेट गंवाने के बाद शान मसूद और इफ्तिखार अहमद ने पाकिस्तान को मैच में वापस ला दिया था। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों पर 76 रन जोड़े। 12.1 ओवर तक पाकिस्तान का स्कोर 2 विकेट पर 91 रन था। इफ्तिखार 33 गेंदों पर 51 रन बना चुके थे। इसमें 4 छक्के शामिल थे।

इसी दौरान मोहम्मद शमी ने इफ्तिखार को आउट कर भारत को राहत दिलाई। उन्होंने पाकिस्तानी मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज को LBW आउट कर दिया।

**पंड्या ने दोहराया एशिया कप का कमाल**

शमी ने इफ्तिखार को चलता किया तो हार्दिक पंड्या कहां पीछे रहने वाले थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को हुए एशिया कप के मुकाबले में किए अपने बेहतरीन प्रदर्शन को दोहरा दिया। उस मैच में हार्दिक ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए थे। इस बार उन्होंने 30 रन देकर 3 विकेट लिए। पंड्या ने शादाब, हैदर अली और मोहम्मद नवाज को आउट कर पाकिस्तान के मिडिल ऑर्डर की कमर तोड़ दी।

**पाकिस्तान के खिलाफ फिर कोहली ही बने विराट**

हालात को देखते हुए 160 का टारगेट भी छोटा नहीं था। उस पर हमारी खराब शुरुआत। 31 रन पर चार विकेट गंवा दिए। मैच पाकिस्तान के फेवर में जाता दिख रहा था। लेकिन, कहा जाता है न..क्रिकेट में आखिरी गेंद फेंके जाने तक मुकाबला खत्म नहीं मानना चाहिए।

विराट कोहली ने मोर्चा संभाला। और इसके बाद जो हुआ, वो क्रिकेट मुकाबलों के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। किंग कोहली ने 53 गेंद पर 82 की पारी खेली। फिर साबित किया कि फॉर्म टेम्परेरी और क्लास परमानेंट होती है।

**पंड्या फिर सबसे बड़े मैच विनर**

विराट ने पारी संभालने पर जोर दिया तो हार्दिक पंड्या ने रन रेट को बढ़ाने पर फोकस किया। 10 ओवर में भारत ने सिर्फ 45 रन बनाए थे। इसके बाद पंड्या ने पाकिस्तानी स्पिनर्स शादाब खान और मोहम्मद नवाज को निशाना बनाया। हार्दिक की पारी की बदौलत भारत ने आखिरी 10 ओवर में 11 से ऊपर के रन रेट को हासिल कर लिया।

# सुनील गावस्कर ने सचिन से की बाबर आजम की तुलना

## बोले– उनके शॉट्स ने तेंदुलकर की याद दिलाई


खेल डेस्क, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में 22 अक्टूबर से सुपर-12 के मुकाबले शुरू हो चुके हैं। 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत-पाकिस्तान एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। भारत-पाक के इस मैच से कुछ दिन पहले पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम से जो बातचीत की इसका खुलासा उन्होंने हाल ही में किया है।सुनील गावस्कर जब पाकिस्तानी टीम के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे थे तो इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इस वीडियो में सुनील गावस्कर बाबर आजम से बात करते और पाकिस्तान टीम को टिप्स देते नजर आ रहे थे। हालांकि, वीडियो में इस बातचीत को साफ तौर पर नहीं सुना जा सकता था। अब


गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर खुद ही इसका खुलासा किया है।

# जय हे...जय हे...गाते भावुक हुए रोहित


## राष्ट्रगान के दौरान आंखें बंद कर इमोशंस काबू किए

खेल डेस्क, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेलबर्न स्टेडियम में रविवार को राष्ट्रगान के दौरान रोहित शर्मा भावुक हो गए। जय हे...जय हे... गाते हुए अपने इमोशन को काबू किया और आंखें बंद कर खुद को रोका। इस इमोशनल मोमेंट के फोटोज वायरल हो रहे हैं। इनमें रोहित को आंखें बंद करते हुए देखा जा



सकता है। मैच में भारत पहले गेंदबाजी कर रहा है और उसका पलड़ा भारी है। बहरहाल, यहां देखिए रोहित के वो फोटोज जो इस वक्त टॉक ऑफ द टाउन यानी चर्चा में हैं।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा वर्ल्ड कप में पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। इससे पहले 2021 में हुए वर्ल्ड कप में विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया खेली थी और पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार वर्ल्ड कप के इतिहास में टीम इंडिया को हार मिली थी। रोहित शर्मा की कप्तानी में ही 2018 एशिया कप में टीम इंडिया को जीत मिली थी। इस टूर्नामेंट में भारत ने पाकिस्तान को दो बार हराया था।




दिपावली की हार्दिक बधाई



Distributors in:
SINTEX ACTIVE THINKING
ashirvad by aliaxis WATER STORAGE TANKS

Ganesh Marketing
The home of trust...
Narsaiah Colony, Dammaiguda Main Road
ताराराम गेहलोत 9491381689, 9246572214



प्रबंधक:

ashirvad by aliaxis
शुभ दीवाली
दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
Water Storage Tank
Built on quality, trust, and a legacy spanning over two decades.



*T&C Apply
दुनिया के सबसे अधिक बिकने वाले
CPVC पाईप्स एवं फिटिंग्स uPVC कॉलम पाईप्स
Ashirvad Distribution Partner:
SRI JAI BHAVANI MARKETING®
HYDERABAD & WARANGAL
महेन्द्र चौधरी, Ph.No: 94400 67447
96761 36053, 89775 25975



प्रबंधक:

दिपावली की हार्दिक बधाई
जसवंत देवड़ा
कोषाध्यक्ष सीरवी समाज पारसीगुटा
J.N.Paints & Hardware
TowliChoki
Tirupathi Electro Vision
Manikonda 8008443388



(प्रबंधक)

दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
श्री भवानी मार्केटिंग
जिलेलगुड़ा, आर.सी.आई.रोड़, बालापुर
CERA Style Gallery



------: प्रबंधक :------



भारमल वरपा
प्रकाश आगलेचा
Ph:8790693392, 9177167753



दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
Swastik FOODS & BEVERAGES
sadava neer Packaged Drinking Water
स्वस्तिक फूड्स एंड बेवरेजेज
वेरा सदावा, जाणुन्दा, मारवाड़ जंक्शन जिला-पाली 306021(राज.)



शादी-विवाह, इवेन्ट्स एवं अन्य अवसर पर ऑर्डर के लिए सम्पर्क करे:
राजेन्द्र (रामलाल) सीरवी- 9602086258, 9521646258
: शुभकामनाओं सहित : किसान इन्टरप्राईजेस, प्लॉट नं.8, शापुरनगर, जीड्मिटला, हैदराबाद 9440842115, 9440222078,

दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ



वेनाराम वरपा
पूर्व अध्यक्ष-सीरवी समाज
करमनघाट अलमासगुडा
CERA Style Hub



kuch pal ghar ke naam
वी.के.चौधरी ट्रेडर्स
बालापुर एक्स रोड़, हैदराबाद 9849515025, 9492429091



दिपावली की हार्दिक बधाई
प्रभुराम परिहारियां
संरक्षक, सीरवी समाज कोरेमुला
महालक्ष्मी ज्वैलर्स, घटकेसर

सभी शुभचिंतक ग्राहकों को



दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
किशनलाल राठौड़
(Managing Director)
" SARASWATI GROUP "
SARASWATI GOLD
WHOLESALER OF : GOLD ORNAMENTS
KISHANLAL RATHORE- 09494252517
DURGESH PARIHARIYA- 07382120916
SSP Saraswati SILVER PALACE
WHOLESALER OF: ALL SILVER ARTICLES, LEGCHAINS
SRAVAN BARFA- 09985547162
JITENDRA BARFA- 09293909693
SARASWATI JEWELS
WHOLESALER OF GOLD & SILVER ORNAMENTS
JABAR CHAND- 09494587181
DILIP RATHORE - 09494587170
Pot Market, Secunderabad.

दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
दूदाराम बाबल
अध्यक्ष जाट समाज ट्रस्ट हैदराबाद तेलंगाना



पन्नालाल बाबल किशनलाल बाबल (प्रबंधक)
SRI BALAJI SHOPPING MALL
A Complete Family Showroom
Vanasthalipuram * Choutuppal * Ibrahimpatnam
P.Solankey


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 12+8 मूल्य : 8 रुपये

epaper.vaartha.com

# स्वतंत्र वार्ता

वर्ष-27 अंक : 2020 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ . 14, 2079 सोमवार, 24 अक्टूबर 2022

## मेरी भारत जोड़ो यात्रा को कोई नहीं रोक सकता : राहुल गांधी



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज स्पष्ट कर दिया कि उनकी चल रही भारत जोड़ी यात्रा को कोई भी ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी यात्रा देश की अखंडता की रक्षा के लिए है। कर्नाटक सीमा के पास नारायणपेट जिले के गुडाबल्लूर में राज्य में प्रवेश करने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने राज्य की धरती पर मकताल विधानसभा क्षेत्र के गुडाबल्लूर गांव के पास कृष्णा चेकपोस्ट पर अपना पैर रखा। गांधी ने भाजपा और दक्षिणपंथी संगठन आरएसएस पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि दोनों संगठन देश को नष्ट करने और बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि वह दिवाली त्योहार को ध्यान में रखते हुए अपनी पदयात्रा से तीन दिनों का ब्रेक ले रहे हैं और कहा कि वह 27 अक्टूबर को उसी स्थान से इसे फिर से शुरू करेंगे। बाद में राहुल गांधी विशेष हेलिकॉप्टर से शमशाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना हुए। राहुल एयरपोर्ट पहुंचकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पहले, एआईसीसी राज्य प्रभारी और पार्टी सांसद मनिकम टैगोर, टीपीसीसी प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी, सीएलपी नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क, सांसद, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, टीपीसीसी प्रचार समिति के अध्यक्ष मधु यास्की, एआईसीसी कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ए महेश्वर रेड्डी, विधायक डी. श्रीधर बाबू और अन्य ने राज्य में राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया। 50,000 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पदयात्रा में भाग लिया, जिसने राज्य में पहले दिन 4 किमी की दूरी तय की।

## अगले महीने भारत आएंगे सऊदी के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान

## पीएम मोदी ने दिया था निमंत्रण



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान अगले महीने भारत की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर सऊदी क्राउन प्रिंस नवंबर के मध्य में भारत आ सकते हैं। इसके बाद वह इंडोनेशिया के बाली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, मोहम्मद बिन सलमान 14 नवंबर की जल्दी सुबह भारत पहुंचेंगे और बाद में रवाना हो जाएंगे। बता दें, सऊदी क्राउन प्रिंस की यह यात्रा प्रधानमंत्री के उस निमंत्रण पत्र के बाद हो रही है, जो उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर के माध्यम से भिजवाया था।


### सऊदी के ऊर्जा मंत्री ने किया भारत दौरा

बिन सलमान की भारत यात्रा से पहले सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री अब्दुल अजीज ने भारत का दौरा किया। उनकी यह यात्रा ओपेक संगठन की ओर से तेल उत्पादन में कटौती के निर्णय के बाद थी। इस दौरान उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी और बिजली मंत्री आरके सिंह से उन्होंने मुलाकात की।

## एससी: न्यायिक आदेशों के बावजूद यूपी के जन स्वास्थ्य रक्षकों को नहीं मिल रहा हक

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। चार दशक से अधिक समय पहले भारत सरकार द्वारा शुरू की योजना के तहत नियुक्त हुए उत्तर प्रदेश के जन स्वास्थ्य रक्षकों ने अपने हक के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन लोगों को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण(कैट) और हाईकोर्ट से सकारात्मक राहत मिली है, बावजूद इसके वे अपने हक से वंचित हैं। एक नई उम्मीद लिए जन स्वास्थ्य रक्षकों ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए गुहार लगाई हैं कि सबंधित अथॉरिटी को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 2013 में दिए आदेश का पालन करने का निर्देश दिया जाए। वकील पुष्कर शर्मा के माध्यम से छेदी लाल सहित अन्य जन स्वास्थ्य रक्षकों द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 1977 में भारत सरकार द्वारा जन स्वास्थ्य रक्षक योजना शुरू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत जन स्वास्थ्य रक्षको की नियुक्ति की गई, जिन्हें 50 रुपए प्रति माह मानदेय भुगतान किया जाता था। याचिका में कहा गया है कि इस मानदेय की बढ़ोतरी के लिए इन लोगों ने कैट याचिका दायर की थी, जहां उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए मानदेय में बढ़ोतरी की मंजूरी भी दी गई लेकिन राज्य सरकार द्वारा आपेक्षित कार्यवाही नही की गई। जिसके बाद 1996 अखिल भारतीय जन स्वास्थ्य रक्षक समिति ने हाईकोर्ट का रुख किया। इस बीच वर्ष 2002 में केंद्र ने यह योजना वापस लिया गया और कहा गया कि जो राज्य इसे जारी रखना चाहते हैं वे जारी रख सकते हैं। यूपी सरकार ने इस योजना को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया।



स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सोमवार, 24 अक्टूबर, 2022 2


सुविचार: ईर्ष्या जन्म लेती है- दूसरों से नहीं, अपने में विश्वास के अभाव में।

# हैदराबाद में एक और हवाला रैकेट गिरोह का पर्दाफाश

## 63.50 लाख रुपए के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने एक और हवाला रैकेट का भंडाफोड़ किया है और 63.50 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि ट्रूप बाजार स्थित 'रानूजा मार्केटिंग' के बिजली के गोदाम से हवाला रैकेट चलाने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए कमिश्नर टास्क फोर्स, सेंट्रल जोन की टीम ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से नकदी, एक दोपहिया वाहन, पांच मोबाइल फोन और एक कैश काउंटिंग मशीन जब्त की गई है। गिरफ्तार लोगों में गोदाम के मालिक कांति लाल (39), किशोर सिंह (42), पेप सिंह (47), मोहम्मद अब्दुल फरीद (38) और संदीप सिंह (31) शामिल है। छापेमारी तब की गई जब हवाला के पैसे जमा कर बांटे जा रहे थे। आरोपियों के पास से बेहिसाब पैसा बरामद हुआ है। यह पिछले कुछ दिनों के दौरान शहर में पर्दाफाश किए गए हवाला रैकेट की एक श्रृंखला में नवीनतम है। पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में करीब 10 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। बीते 3 नवंबर को पड़ोसी नलगोंडा जिले की मुनुगोड़े विधानसभा सीट पर उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस ने कड़ी निगरानी के दौरान नकदी जब्त की थी। पुलिस ने 20 अक्टूबर को चार लोगों के पास से 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की थी। शाहइनायतगंज थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से नकदी जब्त की गई थी। पुलिस ने कमलेश कुमार, अशोक कुमार, राहुल अग्रवाल और रतन सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी कमलेश कुमार ने दूसरों के साथ हवाला का धंधा चलाना शुरू कर दिया क्योंकि उसे प्लास्टिक बैग के कारोबार में पर्याप्त मुनाफा नहीं मिल रहा था।




10 अक्टूबर को, 3.5 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जिसे कथित तौर पर मुनुगोड़े ले जाया जा रहा था, जब्त कर लिया गया। कमिश्नर की टास्क फोर्स की टीम ने कैश के साथ दो कारों में यात्रा कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया। 7 अक्टूबर को चंद्रयानगुट्टा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 79.25 लाख रुपये जब्त कर उत्तर प्रदेश के दो मूल निवासियों समेत चार लोगों को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया। इससे पहले 29 सितंबर को मेरठ के एक कबाड़ व्यापारी को हैदराबाद में 1.24 करोड़ रुपये नकद के साथ पकड़ा गया था। उसने पुलिस को बताया था कि उसने अपने चाचा के निर्देश पर नकदी एकत्र की और उसे शहर में रहने वाले चार लोगों तक पहुंचाना था।

# तेलंगाना में इस साल से चालू हो जाएंगे आठ नए मेडिकल कॉलेज : हरीश



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के स्वास्थ्य और वित्त मंत्री टी हरीश राव ने रविवार को कहा कि तेलंगाना में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से आठ मेडिकल कॉलेज चालू हो जाएंगे। इनमें से एक मेडिकल कॉलेज भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले के आदिवासी क्षेत्र कोत्तागुडेम में स्थापित किया गया है। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना के प्रति केंद्र के भेदभाव के बावजूद, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सभी 33 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की ऐतिहासिक पहल की। हरीश राव ने बताया कि पिछले सात दशकों में तेलंगाना में केवल पांच मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए थे, लेकिन तेलंगाना के गठन के बाद पिछले आठ वर्षों में 12 नए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए गए। सोलह नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे यह प्रति जिले में एक मेडिकल कॉलेज बन जाएगा।

मंत्री ने दावा किया कि तेलंगाना ने मेडिकल कॉलेजों के लिए केंद्र को कई अभ्यावेदन दिए, लेकिन एक भी मेडिकल कॉलेज को मंजूरी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि तेलंगाना को एक भी मेडिकल कॉलेज स्वीकृत नहीं किया गया था, उत्तर प्रदेश को 27 नए मेडिकल कॉलेज मिले और मध्य प्रदेश को 19 कॉलेज मिले। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों में कुल 157 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए गए हैं।

तेलंगाना के उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के टी रामाराव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया हाल ही में मेडिकल कॉलेजों के मुद्दे पर वाकयुद्ध में लगे हुए थे।







## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी दीपावली की बधाई

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल डॉ. तामिलसाई सुंदरराजन तथा मुख्यमंत्री केसीआर ने रंज्य के लोगों को दीपावली के शुभअवसर पर बधाई दी।

अपने-अपने संदेशों में उन्होंने बताया कि रोशनी का त्योहार बुराई पर धर्म की जीत का प्रतीक है। मुझे यकीन है कि इस तरह के अवसर हमें आधुनिक समय की बुराइयों पर विजय पाने और एक ऐसे समाज का निर्माण करने के लिए प्रेरित करते हैं जिसमें शांति, सौहार्द और सांप्रदायिक सद्भाव कायम हो। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि इस त्योहार को मनाने के लिए स्थानीय उत्पाद खरीदें ताकि आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना के साथ स्वदेशी निर्माताओं के जीवन में नई रोशनी आ सके। यह दीपावली हमारे चारों ओर के लोगों के जीवन में चमक, सुख और समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए नए विचारों की शुरूआत करे और नए आदर्शों को बढ़ावा दे।

# हथकरघा पर जीएसटी लाखों लोगों के लिए खतरा : केटीआर

## मंत्री ने 'रोलबैक हैंडलूम जीएसटी' अभियान को आगे बढ़ाया

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हथकरघा जीएसटी मुद्दे पर अपने 'पोस्टकार्ड टू मोदी' अभियान के तहत आईटी और उद्योग मंत्री केटी रामाराव ने रविवार को इसे दुनिया भर में लोकप्रिय गैर-लाभकारी याचिका वेबसाइट चेंज डॉट आर्ग पर पोस्ट करके अभियान को आगे बढ़ाया। मंत्री ने बताया कि हथकरघा पर जीएसटी उन लाखों लोगों के लिए एक सीधा खतरा है जो हथकरघा क्षेत्र में अपनी आजीविका कमाते हैं। देश भर के बुनकर सर्वसम्मति से हथकरघा पर करों का विरोध करते हैं, क्योंकि इससे भारी नुकसान हुआ है, जिससे कई लोग पारंपरिक शिल्प से दूर हो गए हैं। ट्वीट में कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार से हथकरघा उत्पादों पर जीएसटी को हटाने की भी अपील की। मंत्री ने बताया कि हथकरघा उत्पादों पर जीएसटी लगाने का केंद्र सरकार का निर्णय भारतीय हथकरघा क्षेत्र के लिए एक गंभीर झटका है जो पहले से ही अनिश्चित स्थिति में है। भारत में हथकरघा क्षेत्र कोविड महामारी के प्रभाव से जूझ रहा है और कर बढ़ाने का कोई भी कदम इस क्षेत्र के लिए मौत की घंटी बजाएगा।



हथकरघा बुनाई भारतीय सांस्कृतिक विरासत के सबसे समृद्ध और सबसे जीवंत पहलुओं में से एक का प्रतिनिधित्व करती है। सदियों के पोषण के माध्यम से बुनकरों की उत्कृष्ट शिल्प कौशल को कायम रखा गया है। भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विशिष्टता को प्रतिबिंबित करने के अलावा, हथकरघा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आज, हथकरघा क्षेत्र सबसे बड़े असंगठित क्षेत्रों में से एक है और ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक अभिन्न अंग है। अत्यधिक विकेन्द्रीकृत और ग्रामीण-आधारित हथकरघा उद्योग में ज्यादातर महिलाएं हैं। हथकरघा और कपड़ा क्षेत्र हमारे देश में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है। इस सेक्टर पर जीएसटी लगाने से यह सेक्टर पंगु हो जाएगा।

### कविता ने 'मोदी को पोस्टकार्ड' अभियान को दिया समर्थन

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हथकरघा और कपड़ा मंत्री केटी रामाराव द्वारा हथकरघा जीएसटी मुद्दे पर शुरू किए गए 'पोस्टकार्ड टू मोदी' अभियान को अपना समर्थन देते हुए, टीआरएस एमएलसी के. कविता भी बुनकरों के समूह में शामिल हुईं और लोगों से इसका समर्थन करने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर, उन्होंने कहा कि अधिकांश बुनकर ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे हैं और आर्थिक रूप से बहुत गरीब हैं। ऐसे में हथकरघा उत्पादों पर जीएसटी लगाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसले से बुनकरों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

कविता ने कहा कि केंद्र सरकार को हथकरघा कच्चे माल और उसके उत्पादों पर जीएसटी को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 करने के अपने फैसले पर विचार करना चाहिए और अपने फैसले को तुरंत वापस लेना चाहिए।


CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, MOHAMMED NOOR AHMED, R/o.20-1-450, Fatima Cly, Hussaini Alam, Hyd, T.S, Changed My Name As "MOHAMMED NOOR UDDIN" S/o. MOHAMMED RAHEEM UDDIN"

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे है या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


जन्मदिन की शुभकामनाएं



भाविक

माता : दीप्ति

पिता : साईकुमार




## सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत

जगतियाल, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वेलगटूर मंडल के किशनरावपेट के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार ने विपरीत दिशा से आ रहे ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। जब कार करीमनगर से वेलगाटूर की ओर जा रही थी, ऑटोरिक्शा धर्मपुरी से धर्मराम की ओर जा रहा था। 35 से 40 साल की एक महिला और ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रही दो किशोरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो और एक अन्य महिला घायल हो गईं। पीड़ित धर्मपुरी के रहने वाले थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को अस्पताल भेज दिया है।







## मधुमक्खी के हमले में एक की मौत, दो घायल

मंचेरियल, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोतापल्ली मंडल के बब्बराचेलुका गांव में रविवार को एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान मधुमक्खियों की एक कॉलोनी के हमले में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। कोतापल्ली पुलिस ने कहा कि पीड़ित बोल्लमपल्ली बापू (62) कोतपल्ली मंडल के पाठ देवुलावाड़ा गांव का निवासी था। तीनों एक अंतिम संस्कार में भाग लेने गये थे कि तभी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। घायलों को चेन्नूर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी हालत स्थिर बताई गई है। इस बीच, अंतिम संस्कार को अन्य लोगों के साथ रोक दिया गया था, इस डर से कि मधुमक्खियां फिर से हमला कर सकती हैं। शाम पांच बजे तक अंतिम संस्कार नहीं किया गया।




श्री गुजराती प्रगति समाज
4-3-259, गुजराती गली, बैंक स्ट्रीट, सुलतान बाज़ार, हैदराबाद
की ओर से सभी को दीपावली, नव-वर्ष एवं
लाभ पंचमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
SHREE GUJARATI PRAGATI SAMAJ
Atithi Gruh "Deepak Bhavan" : 040-24753716
Kalyan Mandapam : 040-24754657
PRAGATI MAHAVIDYALAYA DEGREE & PG COLLEGE
PRAGATI MAHAVIDYALAYA JUNIOR COLLEGE
Sri Gujarati Vidya Mandir High School
SRI GUJARATI VIDYA MANDIR
JUNIOR, DEGREE COLLEGE FOR GIRLS
PRAGATI NUTAN VIDYALAY
LKG to Vth Class
Education institute for KG to PG, Guest House,
Girls Hostel & BHAGINI Mahila Mandal etc.,
दीपावली स्नेह सम्मेलन
बुधवार 26 अक्तूबर 2022, सायं 6 बजे से
स्थान : पटेल घनश्याम भवन
लिंगमपल्ली, काचीगुडा, हैदराबाद
गुजरात के संतों, महंतो की भूमि से सुप्रसिद्ध डॉयलॉग कलाकार,
हास्य कलाकार, लोकगीत एवं साहित्यकार द्वारा प्रस्तुति
कोशिक चुडासमा, अशोक केतिया, मनीषा प्रजापति
इस अवसर पर सभी समाज बंधु सादर आमंत्रित हैं।
अध्यक्ष
महेश पटेल
मंत्री
जिग्नेश दोशी
अम्बालाल पटेल
गोविन्ददास शाह
गोपाल ओ. पटेल
भारतीबेन पटेल
घनश्याम पटेल
हेमेन्द्र शाह
उदय मेहता
हरजीवन के. पटेल
जे.डी. पटेल
संतोषी मेहता
अनिल पटेल
भूदरलाल पटेल
हरिलाल के. पटेल
नलीन खारा
लालजी पटेल
अरविन्द पटेल
राहुल के. छेडा
योगेश तुरखिया
शैलेश पटेल

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 12+8 मूल्य : 8 रुपये

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 2020 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ . 14, 2079 सोमवार, 24 अक्टूबर 2022

# सिविल सेवा के पोषित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त मेहनत करें : श्रीनिवास

## एलबीएसएनएए निदेशक ने प्रशिक्षु सिविल सेवकों को सलाह दी



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) मसूरी के निदेशक श्रीनिवास ने डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान में अपने फाउंडेशन कोर्स में भाग लेने वाले अखिल भारतीय सेवाओं और केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारियों को संबोधित किया। इस मौके पर के श्रीनिवास ने कहा कि सिविल सेवकों को देश के विकास में योगदान देने और समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर इसके कमजोर समकक्षों की भलाई के लिए योगदान देने का दुर्लभ सौभाग्य मिला है। अपने संबोधन को जारी रखते हुए के श्रीनिवास ने कहा कि वैश्विक मानदंडों की तुलना में सिविल सेवकों को उनकी कम संख्या को देखते हुए अतिरिक्त मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, "सिविल सेवकों को भारत की विशाल आबादी की सेवा करने की चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करना चाहिए, जो दुनिया की आबादी का लगभग पांचवां हिस्सा है।"

के. श्रीनिवास ने कहा कि प्रशासनिक पदानुक्रम के विभिन्न स्तरों पर काम कर रहे 20 मिलियन कर्मचारियों को सिविल सेवकों द्वारा अच्छा नेतृत्व प्रदान करने से इसके कई लाभकारी परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने "पंच प्राण लक्ष्य" (पांच संकल्प) का उल्लेख किया, जिस पर प्रधान मंत्री मोदी ने 15 अगस्त, 2022 को चर्चा की थी ताकि भारत को 25 वर्षों में अपना 100 वां स्वतंत्रता दिवस मनाने तक एक विकसित देश बनाया जा सके।



रूप चौदस पर केबीआर पार्क में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाग लेते हुए राजेंद्र अग्रवाल, समाजसेवी गोपाल बल्दवा, मुन्नालाल अग्रवाल, सुभाष कुमार अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विजय कुमार, सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार व अन्य।






गो सेवा मित्र मंडल द्वारा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला, जियागुड़ा में दीपावली पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रभुदत्त महाराज, मनोज अग्रवाल व अन्य श्रद्धालु।









**VIJAY KUMAR**

(Appointed Jewellery valuer by Govt of India)

# VITHALDAS
## JEWELLERS PVT LTD

**HANDCRAFTING FINE JEWELLERY SINCE 1864**

Vithaldas Chambers
6-3-1090/2, Rajbhavan Road
Somajiguda, Hyderabad-500082
Telangana, India

+91 78 9396 9900
+91 91 3333 0147
+91 40 6610 1654
+91 40 6610 4642

8-2-293/82/NG/A
Nandagiri Co-op. Society Ltd.
Nandagiri Hills, Jubilee Hills
Hyderabad-500033,Telangana, India

+91 40 6529 3029

# H. Vithaldas
## JEWELLERS

**SATISH KUMAR - RAHUL JHAVERI**

**VITHALDAS CHAMBERS**
**# 6-3-1090/2, Rajbhavan Road,**
**Somajiguda, Hyderabad-82, T.S. Ph: 040- 66103079**
**Email: vithaldasjewellers@gmail.com**

# अग्रवाल शिक्षा समिति में हुआ लक्ष्मी पूजन



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल शिक्षा समिति में लक्ष्मी पूजन समिति के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया, मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. मोहन गुप्ता, कारेस्पांडेट मनीष कुमार अग्रवाल, शेष कुमार गोयल ने संयुक्त रूप से भगवाग गणेश, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती का विधिवत पूजन किया। अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया में सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर अकादमिक निदेशिका डॉ. सरोज जैन, गोर्वधनदास, सीसी पांडेय, डॉ. बाबूराव, अर्चना शाह, उमेश कुमार, माधुरी, मालती, नेहा अग्रवाल, डॉ. पल्लवी, आरधना मोदानी, एम. नागराज, राजेश, विनोद, सुभाष, स्टेनली तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



**नगर स्थित शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वैलर्स में धनतेरस पर खरीददारी करते हुए ग्राहक । गौरतलब है कि दीपावली के उपलक्ष्य में ज्वैलर्स द्वारा दिये जा रहे भारी ऑफर के करण शोरूम में ग्राहकों की भारी भीड रही।**

## नेता जी के बिना सूनी रहेगी दीवाली

### पूर्व विधायक राम गोविंद चौधरी बोले-इस बार नहीं मनाएंगे त्योहार

बांसडीह, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांसडीह के पूर्व विधायक राम गोविंद चौधरी ने इस बार दीवाली नहीं मनाने का फैसला किया है। उनका कहना है कि नेताजी स्व.मुलायम सिंह यादव समाजवादी विचारधारा के जीवनभर ध्वज वाहक रहे। अब उनके बिना दीवाली भी प्रकाशहीन महसूस हो रही है।

पूर्व विधायक ने कहा कि इस बार वे दीवाली का त्योहार नहीं मनाएंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और बांसडीह के पूर्व विधायक ने मुलायम सिंह यादव से जुड़े यादों को साझा किया।

पूर्व विधायक ने कहा कि हम लोगों के लिए तो नेता जी का साथ सदा दीवाली सा लगता था। आज उनके बिना दीपावली सूनी है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नेताजी के निधन से देश और समाज में विचार की जो रिक्तता आई है, उसकी भरपाई करना मुश्किल है। वह पथ प्रदर्शक रहे। राम गोविन्द चौधरी ने कहा कि मेरा उनका संबंध 1977 से था। मैं उनके साथ विधानसभा सदस्य और उनके मंत्रिमंडल का सदस्य भी रहा हूं।

# फतेहपुर में पटरी से उतरी मालगाड़ी

## 29 डिब्बे एक-दूसरे पर चढ़े, सुबह साढ़े 10 बजे से दिल्ली-हावड़ा रूट बंद, वंदे भारत समेत 36 ट्रेनें प्रभावित

फतेहपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। फतेहपुर में आज सुबह करीब साढ़े 10 बजे मालगाड़ी पटरी से उतर गई। ये ट्रेन आगरा से चलकर कानपुर होते हुए प्रयागराज जा रही थी। रामवा स्टेशन पर 29 डिब्बे ट्रैक से उतरकर एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गए। इसके बाद इंजन के साथ 6 डिब्बे 1 किलोमीटर आगे तक चले गए। जिसके बाद ट्रेन को रोका गया। हादसे के बाद से दिल्ली-हावड़ा रूट पूरी तरह से बंद है। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर रूट क्लियर कराने में जुटे हैं। फतेहपुर रेलवे स्टेशन के रामवा स्टेशन पर सुबह करीब 10:25 बजे मालगाड़ी के 29 डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन को महिला लोको पायलट कानपुर से लेकर प्रयागराज जा रही थीं। हादसे के कारण दिल्ली-हावड़ा रूट की वंदे भारत, राजधानी ट्रेन समेत 36 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

**रामवा गांव के लवकुश ने बताई आंखों देखी**

रामवा गांव के लवकुश ने बताया, ₹ मैं सुबह दिवाली का सामान लेने घर सेए निकला ही था कि करीब साढ़े 10 बजे अचानक धामके की आवाज आई। ये आवाज 3 मिनट तक रुक रुक आती रही। मैं घर से करीब 400 मीटर दूर दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर पहुंचा तो देखा कि 6 डिब्बे लेकर इंजन काफी तेजी से आगे जा रहा था, जबकि पीछे कई डिब्बे रेल की पटरी से उतरकर एक दूसरे पर चढ़ गए थे। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग भी ट्रैक की तरफ दौड़े चले आ रहे थे। करीब एक किमी दूर जाकर मालगाड़ी का इंजन रुका। उसके बाद गांव के लोगों के साथ रेलवे के अफसर मौके पर पुहंच गए।



**महिला लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन**

बताया जाता है कि ट्रेन की रफ्तार तेज थी। इस कारण 29 डिब्बों के पटरी से उतरने का पता लोको पायलट को नहीं चल पाया और ट्रेन बाकी के डिब्बे लेकर एक किमी आगे चली गई। इसके बाद महिला लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी।

**क्लिप टूटने का अंदेशा**

मौके पर मौजूद रेलवे अफसरों के मुताबिक प्रथम दृष्टया डिरेल होने के पीछे मालगाड़ी के छठवे डिब्बे की अंतिम क्लिप टूटने या रेल की पटरी टूटी होने का अंदेशा है। फिलहाल जांच के बाद ही हादसे का सही कारण पता चल पाएगा।

**एक किमी दूर तक बिखरे पड़े डिब्बे**

29 डिब्बे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं जो रमवा रेलवे स्टेशन से लेकर एक किमी दूर फैले पड़े हैं। हादसे की सूचना पर रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रूट को क्लियर कराने में जुट हैं। हादसे के बाद से दिल्ली-हावड़ा रूट पूरी तरह बंद है।

**कई ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट, कुछ के बदले रूट**

दिल्ली हावड़ा रूट प्रभावित होने से ट्रेन संख्या 15004 चौरी चौरा एक्सप्रेस को खागा में शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया है। 15003 प्रयागराज से गोरखपुर तक चलाया जाएगा। गाडी सं 04076 अमृतसर-पटना और गाड़ी सं 22436 वंदेभारत को डीएफसी मार्ग से निकालकर प्रयागराज के रास्ते ले जाया जाएगा।

# धन्वंतरी जयंती पर की गई विशेष पूजा-अर्चना



राबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आयुष मंत्रालय और केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद के निर्देशों पर राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, सीसीआरएएस), हैदराबाद में डॉ. जीपी प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक की अध्यक्षता में 7वां आयुर्वेद दिवस-2022 और धन्वंतरी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में आज 6 सप्ताह के अभियान के समापन के रूप में संस्थान ने धन्वंतरि पूजा और धन्वंतरि यज्ञ के साथ सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयुर्वेद दिवस मनाया गया।

आयुर्वेद उन्नति के लिए किए गए कार्य के बारे में हर दिन हर घर आयुर्वेद₹थीम के माध्यम से संस्थान ने इस कार्यक्रम में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों और रेवेन्यू बोर्ड कॉलोनी वासियों को आमंत्रित किया और आयुर्वेद दिवस की गतिविधियों, आयुर्वेद की विशिष्टता, आयुर्वेद सिद्धांतों, आयुर्वेद आहार, और आयुर्वेदिक नवरत्नों आदि के बारे में प्रभारी सहायक निदेशक जी ने व्याख्यान दिया।संस्थान के परिसर में औषधीय पौधे और कच्ची औषधियों का प्रदर्शन किया गया।

तत्पश्चात सुबह 10:30 बजे के बाद आयुर्वेद भोजन महोत्सव के रूप में आयुर्वेद अहार जैसे कुट-पोंगल, चित्रन्ना, गुडन्ना, केसरी, दधोजन, फल आदि प्रदान किए गए्।इस दौरान संस्थान में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिबिर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के डॉ. वी. श्रीदेवी, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), डॉ. बिश्वोरंजन दास, अनुसंधान अधिकारी (होमियोपैथी), डॉ. रमेश कुमार के.एल. अनुसंधान अधिकारी (आयु.), के.श्रीनिवास राव, पुस्तकालयाध्यक्ष, केपी. रेड्डी, सहायक, संस्थान के वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता आयुर्वेद और अन्य कर्मचारी, 50 विद्यार्थी, लगभग 200 कॉलोनी वासियों ने भाग लिया और इस आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाया गया।

# श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर में दीपावली महोत्सव आज से



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर, चारमीनार, हैदराबाद में आज से पांच दिवसीय दीपावली महा-महोत्सव की आज से शुरूआत हो गई। यह कार्यक्रम 23 से 27 अक्टूबर पांच दिनों तक चलेगा। मंदिर की ट्रस्टी सुश्री शशिकला मिश्रा ने बताया कि माता के भव्य पूजा और धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत रविवार से हो गई है। पूरे अनुष्ठान की रूपरेखा तय है। 24 अक्टूबर नरक चतुर्दशी एवं दीपावली को प्रातः 7 बजे से मां भाग्यलक्ष्मी की महाआरती के साथ प्रथम दर्शन शुरू होगा। शाम 7 बजे से माता के भक्तों को मनमोहक दर्शन मिलेगा और खजाना वितरण का शुभारम्भ होगा। खजाना वितरण 25 अक्टूबर प्रातः 3 बजे तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि 25 अक्टूबर को प्रातः 2.30 बजे दर्शन की कतारों को रोक दी जाएंगी। इसमें भक्तों को मंदिर प्रशासन का सहयोग करना होगा। सूर्य ग्रहण की सूचना के अनुसार 25 अक्टूबर को ग्रहण सूतक के कारण प्रातः 3 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे और ग्रहण समाप्त होने के बाद रात्रि 9 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। इसके बाद महाआरती से प्रथम दर्शन आरंभ कर दिए जाएंगे। रात्रि 9 बजे की महाआरती के बाद सभी भक्तों में खजाना वितरित किया जाएगा। यह वितरण कार्यक्रम 26 अक्टूबर बुधवार गोवर्धन पूजा दर्शन समय रात्रि 12 बजे तक जारी रहेगा।

# तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने आश्रिता होम में मनाया दीपावली पर्व



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने इस बार दीपावली पर्व आश्रिता होम के बच्चों के बीच मनाया। प्रादेशिक अध्यक्ष रमेश कुमार बंग ने अपने सहयोगियों के साथ दूध बावली स्थित रेनबो आश्रिता होम में रहने वाले नन्हे अनाथ एवं परिवार से दूर रह कर पढ़ रही बालिकाओं के साथ मनाया। बच्चों को नये मिठाई एवं फटाके वितरित किये गये। साथ ही आश्रिता होम के कर्मचारियों को भी उनके परिवार के नन्हें बच्चों के लिये मिठाई व वस्त्र दिये गये। तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष रमेश कुमार बंग ने बच्चों के साथ वार्तालाप करते हुए कहा कि बिना लगन और बिना समर्पण के कोई उपलब्धि नहीं प्राप्त होती और मानसिक एकाकिता की भावना को भूल कर मन की एकाग्रता से किये गये कार्य से ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। त्यौहार की उपहार सामग्री के अतिरिक्त आश्रिता होम में रहने वालों के लिये नित्य इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री दी गयी। वस्त्रादि वितरण के कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए रेनबो आश्रिता होम के प्रबंधन मण्डल से सक्रियता से जुडी महेश बैंक की निदेशिका पुष्पा बूब, आरजीए के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनिवास जाजू और भगवानदास बूब भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। संचालक ने प्रादेशिक सम्मेलन के इस उदार कार्य एवं बच्चों को उत्साहित करने के लिये मारवाड़ी सम्मेलन का आभार व्यक्त किया ।

# किसानों की प्राणवायु है न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून : डॉ राजाराम त्रिपाठी

छत्तीसगढ़, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले 'किसान, कृषि की वर्तमान दशा और सभी कृषि उपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून की आवश्यकता क्यों' विषय पर कृषि उपज मंडी प्रांगण महासमुंद में किसान महाबइठका का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व डौंडीलोहारा के पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा) के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी थे। स्वागत वक्तव्य छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य तेजराम विद्रोही व संचालन जिला पंचायत सदस्य महासमुंद जागेश्वर जुगनु चन्द्राकर ने किया। तेराम भेजो ही नहीं तेजराम विद्रोही ने सभा को बताया कि यह डॉक्टर राजारामजी त्रिपाठी ही थे जिन्होंने तीनों कृषि कानूनों की खामियों के बारे में देश में सर्वप्रथम ना केवल देश को बताया बल्कि देश की सभी किसान नेताओं को भी समझाया जोकि भ्रमवश इन कानूनों का स्वागत कर रहे थे। तब जाकर किसान आंदोलन खड़ा हुआ और आखिरकार किसानों को इसमें ऐतिहासिक जीत मिली इसमें डॉ राजाराम त्रिपाठी तथा



छत्तीसगढ़ की बहुत बड़ी भूमिका रही है।

मुख्य वक्ता राजाराम त्रिपाठी यह दुर्भाग्य रहा है कि राज्य तथा केंद्र सरकारों के होते हुए यानी कि दो-दो माताओं के होते हुए भी पिछले 75 वर्षों से किसान की हालत अनाथ की भांति बनी हुई है। किसान खेती-किसानी की नानाविध समस्याओं से तो सदैव परेशान रहा ही है , परन्तु उसके खून पसीने की कमाई, उसके उत्पादन की हर साल बाजार में होने वाली सामूहिक खुल्ला लूट से अब किसान की कमर टूट गई है, और उसका दम घुट रहा है, सांसे टूट रही हैं। इसलिए, इससे पहले कि देश की खेती किसानी और किसान का दम टूट जाए, न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून खेती और किसानों की जान बचाने के लिए ऑक्सीजन अथवा प्राणवायु की तरह जरूरी है। उन्होंने ने कहा कि केंद्र सरकार 28 प्रकार की कृषि उपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का केवल निर्धारण या घोषणा भर करती है, जोकि केवल दीवार पर लिखे नीति वाक्य या सुभाषितानि की भांति है जिसे पालन करने के लिए व्यापारी या खरीददार बाध्य नहीं है। अव्वल तो सरकार का मूल्य निर्धारण करने की नीति ही किसान विरोधी है। और फिर जिन फसलों का दाम तय भी होता है उनकी भी कुल उत्पादन का मात्र 7 से 10 प्रतिशत ही खरीदी तय मूल्य पर होती है शेष 90 से 93 प्रतिशत उत्पादन की हर साल बाजारों में लूट होती है, जिसे किसान हर साल 25 से 30 प्रतिशत घाटा उठा कर बेच रहा है। इससे किसानों को हर साल 7 से 10 लाख करोड़ का घाटा हो रहा है। इस किसान-महाबइठका को गेंदसिंह ठाकुर अध्यक्ष जिला किसान संघ बालोद, पवन सक्सेना कृषक बिरादरी, अजय कुमार साहू, किसान भुगतान संघर्ष समिति सांकरा, लक्ष्मी नारायण चंद्राकर अध्यक्ष, श्रीमती शारदा श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ अभिकर्ता निवेशक कल्याण संघ, पवन चन्द्राकर,पंकज चन्द्राकर, किसान भुगतान संघर्ष समिति महासमुंद, श्याम मूरत कौशिक हम भारत के लोग बिलासपुर, गिरधर पटेल प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़, मदन लाल साहू उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा छत्तीसगढ़,भाई पारसनाथ साहू , गजेंद्र कोसले, श्रीमती चंद्रकांती सागर, श्रीमती संतोषी साहू संचालक मंडल सदस्य, पदम नेताम आदिवासी भारत महासभा, नवाब जिलानी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, लल्लू सिंह जिला किसान संघ रायगढ़, लोकनाथ नायक किसान संघर्ष समिति कसडोल बलौदाबाजार, पलविंदर सिंह पन्नू, हरिंदर सिंह संधू सिक्ख संगठन गुरुद्वारा कमेटी रायपुर, छन्नू कोसरे राजधानी प्रभावित किसान संघर्ष समिति नया रायपुर, योगेश चन्द्राकर, तामेश्वर साहू आदि ने संबोधित किया।

इसी विषय पर 10 नवंबर को दिल्ली में किसान नेताओं की एक और महा बैठक होने वाली है इसमें छत्तीसगढ़ की भी सक्रिय भूमिका रहने वाली है। इस बैठक में आगे की इस कानून को जल्द से जल्द लागू करवाने हेतु सभी किसान नेताओं ने सर्वसम्मति से आगे की रणनीति का खाका तैयार किया।

# शहर के प्रायः सभी क्षेत्रों में छठ पूजा की तैयारी जोरों पर

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक नई जोश के साथ बिहार एसोसिएशन के कर्मठ कार्यकर्ता शहर के सभी भागों में महापर्व छठ की तैयारी में जुट गया है, छठ घाटों की सफाई हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा हैं। एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति को जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि इस बार बिहार एसोसिएशन हैदराबाद राज्य के प्रशासनिक विभाग एवं ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के सहयोग से हैदराबाद के समस्त भागों में संस्था अपने सभी सदस्यों के साथ मिल कर छठ घाटों को सौंदर्यीकरण करना शुरू कर दिया है, जैसा कि हम सभी जानते हैं टैंक बॉन्ड, उप्पल छठ घाट, एलबी नगर, काटेदान, मियांपुर, अयोध्या नगर, सुभाष नगर इत्यादि जगहों पर छठ महापर्व का तैयारी अपने चरम पर है। एसोसिएशन मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकारिणी द्वारा टैंकबंड छठ पूजा हेतु चल रहे तैयारियों पर गहन चर्चा की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह के नेतृत्व में भरत सिंह, विजय झा, अजय ओझा, अनंत ओझा, श्यामसुंदर झा, हृदय नारायण झा, आदित्य नारायण झा, जितेंद्र ओझा, मुरली, मनोहर चौधरी, प्रभात मिश्रा, पिंटू ओझा, सतीश चंद्र झा, जितेंद्र सिंह, भाग्य नारायण दास इत्यादि। बिहार फाउंडेशन चेयरमैन मानवेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एसोसिएशन उपाध्यक्ष, उत्तम यादव, विजय झा, सौरभ सिंह, दिनेश सिंह इत्यादि कार्यकारिणी सदस्यों नालगणडला बतुकम्मा घाट का दौरा कर पूजा तैयारी का निरीक्षण किया गया।


# योग से स्वस्थ रहना संभव : जेपी




हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्राचीन आयुर्वेदिक पद्घत्ति को बढावा देने के लिए बोइनपल्ली में एक निःशुल्क पतंजलि योग व आयुर्वेद किंद्र शुरू किया गया। इस केंद्र के माध्यम से सभी को योग के द्वारा स्वस्थ रहने की पद्घत्ति बताई जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित छावनी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जंपन्ना प्रताप ने कहा कि योग पद्धति में पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए उपलब्ध है। एक प्रमुख व्यवसायी त्यागी द्वारा आयुर्वेदिक प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना काबिले तारीफ है। प्रख्यात प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. भार्गव ने कहा कि वेलनेस सेंटर में लोगों को स्वस्थ रहने के तरीके बताये जाएंगे। उन्होंने कहा कि अन्य सेवाएं उपलब्ध हैं और बीमारी के आधार पर तीन दिन से एक महीने तक इलाज मुहैया कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉ. वेंकट स्वामी, अमन और अन्य ने भाग लिया।

# शी जिनपिंग तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बने

## बोले- दुनिया को चीन की जरूरत है; टॉप लीडरशिप में एक भी महिला नहीं






बीजिंग, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। शी जिनपिंग तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बन गए हैं। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में हुई बैठक के दौरान उन्होंने कहा- दुनिया के बिना चीन का विकास नहीं हो सकता और दुनिया को भी चीन की जरूरत है। 40 साल के अथक प्रयासों के बाद हमारी इकोनॉमी तेजी से बढ़ी है और देश में सामाजिक स्थिरता भी आई है। अगले पांच सालों के लिए हमने ठोस रणनीति तैयार की है। जिनपिंग ने इस दौरान अपनी नई टीम का ऐलान भी किया। उन्होंने सारे विरोधियों को हटाते हुए अपने भरोसेमंद लोगों को एंट्री दी है। लेकिन किसी भी महिला को जगह नहीं दी। 25 साल में पहली बार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी पोलितब्यूरो में कोई महिला नहीं है। इसके पहले सुन चुनलान पोलितब्यूरो में एकमात्र महिला मेंबर थीं, जो अब रिटायर हो गई हैं।

### स्टैंडिंग कमेटी के 7 मेंबर्स का ऐलान


शी जिनपिंग ने पोलितब्यूरो की स्टैंडिंग कमेटी के 7 मेंबर्स के नाम का भी ऐलान किया है। इसमें शी जिनपिंग के साथ ली कियान्ग, झाओ लेजी, वांग हुनिंग, काई की, ली शी और डिंग शुशियांग शामिल हैं। ली कियान्ग को नया प्रधानमंत्री बनाया गया है। शी जिनपिंग ने 22 अक्टूबर को चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ली केकियांग को पार्टी लीडरशिप से हटा दिया था। उनके साथ तीन और टॉप ऑफिशियल्स को हटाया गया था।

### कैसे चुने गए मेंबर्स

सीसीपी की बैठक के दौरान पार्टी के मेंबर्स ने नई सेंट्रल कमेटी के लिए वोटिंग की। इसमें 205 मेंबर्स हैं जिनमें 11 महिलाएं हैं। यही कमेटी पोलितब्यूरो मेंबर्स का सिलेक्शन करती है। बैठक खत्म होने के बाद सेंट्रल कमेटी की मीटिंग होती है। इसमें पोलितब्यूरो के 25 मेंबर्स और स्टैंडिंग कमेटी के 7 मेंबर्स चुने जाते हैं।

### चीन में अब पूरी तानाशाही

चीन में अब मौजूदा राष्ट्रपति शी जिनपिंग को चुनौती देने वाले तमाम नेताओं पर नकेल कसी जा रही है। कम्युनिस्ट पार्टी की मीटिंग के आखिरी दिन यानी 22 अक्टूबर को देश के पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ को मीटिंग हॉल से जबरन बाहर निकाल दिया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के हवाले से जारी एक वीडियो में शी जिनपिंग के बाजू में बैठे हू जिंताओ को दो सुरक्षाकर्मियों ने कुर्सी से उठाया और एस्कॉर्ट कर मीटिंग हॉल से बाहर ले गए।




### 1. भारत-चीन बॉर्डर पर टकराव बढ़ सकता है

भारत और चीन के बीच चार हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबा बॉर्डर है। इसमें कई जगह पर विवाद है। डोकलाम और गलवान घाटी के विवाद भी इसी तरह के थे। जिनपिंग को आजीवन प्रेसिडेंट बने रहने की आजादी से असीमित ताकत मिल जाएगी। ऐसे में चीन बॉर्डर के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल पर अपनी ताकत दिखा सकता है। इससे भारत की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

### 2. बीआरआई और पाकिस्तान में कॉरिडोर को बढ़ावा

जिनपिंग के प्रेसिडेंट रहने के दौरान ही चीन का बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव यानी बीआरआई प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। इसके जरिए वन बेल्ट वन रोड के जरिए चीन दुनिया भर के देशों को जोड़ रहा है। भारत के पड़ोसी देशों में इस सड़क से चीनी सैन्य बलों की आवाजाही आसान हो जाएगी। वहीं, जिनपिंग की अगुआई में चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर को बढ़ावा मिलेगा, जिसका भारत विरोध करता रहा है।

### 3. भारत को तीन तरफ से घेरने की रणनीति

चीन के कर्ज तले दबकर श्रीलंका बदहाल हो चुका है। अब चीन उसका हंबनटोटा पोर्ट इस्तेमाल कर रहा है। हाल ही में चीन का जासूसी जहाज भी वहां पहुंचा था। इधर, पाकिस्तान को चीन लगातार सैन्य सहायता दे रहा है। इनमें आधुनिक हथियार भी शामिल हैं, जिनका सीधा टारगेट भारत ही है। वहीं, नेपाल में भी चीन बीआरआई के जरिए अपना दखल बढ़ा रहा है। इससे भारत की तीन तरफ से घेराबंदी होने का खतरा बढ़ गया है।

### 4. इंडो-पेसिफिक और हिंद महासागर में दखल

हिंद महासागर में चीनी नौसेना का दखल तो है ही, साथ ही साउथ चाइना सी (दक्षिण चीन सागर) में उसका जापान, वियतनाम, फिलिपींस और मलेशिया से भी टकराव है। शेनकाकू आईलैंड्स को लेकर उसका जापान से पुराना टकराव है। चीन इन आईलैंड्स पर कब्जा करके वहां फाइटर जेट्स और मिसाइल तैनात करना चाहता है। इससे भारत की सुरक्षा को बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।




### 1. जिनपिंग के खिलाफ बयान देने पर सजा

पिछले साल यानी 2021 में चाइना कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) का कॉनक्लेव हुआ था। इसमें 'ऐतिहासिक संकल्प-पत्र' जारी किया गया था। तमाम प्रस्तावों के अलावा इस मीटिंग की खास बात यह रही कि जिनपिंग के खिलाफ बयानबाजी को अपराध की कैटेगरी में डाल दिया गया। यानी जिनपिंग के खिलाफ बोलने पर सजा का प्रावधान है।

### 2. दो टर्म ही राष्ट्रपति रहने की कंडीशन खत्म

जिनपिंग 2012 में सत्ता में आए थे। उनसे पहले राष्ट्रपति रहे सभी नेता पांच साल के दो कार्यकाल या 68 साल की उम्र होने पर रिटायर होते रहे हैं। 2018 में चीन ने राष्ट्रपति पद के लिए दो टर्म की बाध्यता खत्म कर दी। ऐसे में जिनपिंग पूरी उम्र राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। जिनपिंग का दूसरा कार्यकाल 2023 में खत्म हो रहा है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि वे तीसरा कार्यकाल भी लेंगे।

### 3. चीन के सबसे ताकतवर नेता बने जिनपिंग

शी जिनपिंग 2012 में पहली बार चीन के राष्ट्रपति चुने गए थे। पहला टर्म खत्म होने के बाद सीसीपी की बैठक में उन्हें दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया गया। राष्ट्रपति के लिए दो कार्यकाल की सीमा खत्म होने के बाद जिनपिंग अब माओत्से तुंग के बाद चीन के सबसे शक्तिशाली नेता बन गए हैं।

### 4. जिनपिंग के विचार संविधान में शामिल किए

चाइना कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) कांग्रेस ने जिनपिंग के लिए अधिकतम दो बार राष्ट्रपति बनने की शर्त तो हटाई ही, उन्हें दूसरी बार पार्टी प्रमुख भी चुना गया। वहीं, सीसीपी ने उनके विचारों को संविधान में शामिल करने का फैसला किया था। सीसीपी की बैठक में गलवान झड़प का वीडियो दिखाया गया। इस दौरान गलवान में लड़ने वाले कमांडर को भी बुलाया गया था। इसे जिनपिंग सरकार की उपलब्धि के तौर पर दिखाया गया। मीडिया रिपोर्ट्स में इसे भारत को लेकर जिनपिंग का एजेंडा बताया गया।

# उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने वाशिंगटन में मनाई दीपावली



वाशिंगटन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति डग एम्होफ ने शनिवार को राजधानी वाशिंगटन में अपने आवास पर दीवाली मनाई. ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, उप-राष्ट्रपति हैरिस और मिस्टर एम्होफ हाथों में फुलझड़ियां लेकर इस अवसर का दीवाली का आनंद लेते देखे जा सकते हैं, यहां तक कि मेहमान और आगंतुक भी इसमें शामिल हैं और रोशनी का भारतीय त्योहार दीपावली मना रहे हैं. भारतीय मां और जमैका के रहने वाले पिता के घर जन्मी, कमला हैरिस पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और अमेरिका की पहली एशियाई-अमेरिकी उप-राष्ट्रपति हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका में न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर में दीवाली सेलिब्रेशन शुरू हो गया है. अमेरिका के उपराष्ट्रपति के अलावा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने आवास पर दीवाली सेलिब्रेशन किया. गुरुवार को यह घोषणा की गई कि अगले साल से न्यूयॉर्क शहर में दीवाली पर पब्लिक स्कूल की छुट्टी होगी. मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि इससे शहर की समग्रता को उजागर करने में मदद मिलेगी और बच्चों को रोशनी के त्योहार के बारे में अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. साढ़े चार मिलियन से अधिक की आबादी के साथ भारतीय-अमेरिकी, अमेरिका की आबादी का 1.4 प्रतिशत बनाते हैं और देश में दक्षिण एशियाई लोगों का सबसे बड़ा समूह बनाते हैं. दीवाली इस साल 24 अक्टूबर को मनाई जाएगी. हालांकि भारत और दुनिया भर में ये पहले से ही मनाई जा रही है.

# केन्या में 4 महीने से लापता दो भारतीयों की हत्या

## राष्ट्रपति के करीबी का दावा

केन्या, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो के एक करीबी ने दावा किया है कि पिछले चार महीने से लापता दो भारतीयों को डीसीआई की इकाई ने मार दिया है। इनमें से एक जुल्फिकार खान हैं जो बालाजी टेलीफिल्म्स के पूर्व सीओओ और स्टार टीवी के पूर्व कार्यकारी थे। वह केन्या में राष्ट्रपति विलियम रुटो के क्वांजा डिजिटल अभियान टीम का हिस्सा थे।



जुल्फिकार और उनके दोस्त को ढूंढने के लिए इससे पहले फिल्म डायरेक्टर एकता कपूर और परिवारवाले भारत सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मदद मांग चुके हैं। द नेशन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, जुल्फिकार अहमद खान और मोहम्मद जैद सामी ने राष्ट्रपति रूटो के विशेष अभियान में बहुत योगदान दिया था। दो भारतीयों के लापता होने के पीछे टीम का हाथ होने का संदेह है। दोनों जुलाई महीने में मोम्बासा रोड से टैक्सी ड्राइवर निकोडेमस मवानिया के साथ लापता हो गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूनिट से जुड़े दो भारतीयों के लापता होने की जांच के बाद राष्ट्रपति रुटो ने पिछले शनिवार को एसएसयू को भंग करने का आदेश दिया था।

इसमें कहा गया है कि ऐक्शन से एक दिन पहले यूनिट के लिए काम करने वाले 21 जासूसों को शुक्रवार को नैरोबी में आंतरिक मामलों की इकाई (आईएयू) मुख्यालय में बुलाया गया था। केन्याई राष्ट्रपति के करीबी डेनिस इटुम्बी ने अपनी फेसबुक पोस्ट के जरिए दावा किया कि दो भारतीय और उनके ड्राइवर की मौत हो सकती है। उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया, केवल इस बात की प्रबल आशंका जताई है। उन्होंने कहा, "हमेशा की तरह उन्होंने (जैद और खान) राष्ट्रपति के क्वंजा डिजिटल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, उन तक नहीं पहुंचा जा सका। बस दूसरे दिन, मुझे आखिरकार लोगों के बारे में दुखद जानकारी मिली। मुझे पता लगा है कि उन्हें नुकसान पहुंचाने वालों जिनका एकमात्र मिशन यह सुनिश्चित करना था कि डॉ रुटो राष्ट्रपति न बनें, भले ही लोगों को मारना ही क्यों न पड़े।

# हिजाब पर तुर्की में होगा जनमत संग्रह

## राष्ट्रपति एर्दोगन ने रखा प्रस्ताव, विपक्ष से कहा- देश को लेने दें फैसला



, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने शनिवार को राज्य के संस्थानों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में महिलाओं के हिजाब पहनने के अधिकार को लेकर एक रेफरेंडम करवाने का प्रस्ताव दिया है. 2013 में सत्तारूढ़ पार्टी ने हिजाब पर से प्रतिबंध हटा दिया था. ऐसे में एर्दोगन का रेफरेंडम करवाने का प्रस्ताव और भी महत्वपूर्ण हो जाता है.2023 में आम चुनावों से पहले हाल के महीनों में हेडस्कार्फ का मुद्दा राजनीतिक बहस पर हावी हो गया है, जो एर्दोगन के तुर्की के दो दशक के नियंत्रण के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है. राष्ट्रपति एर्दोगन ने मुख्य विपक्षी दल के नेता केमल किलिकदारोग्लू पर निशाना साधते हुए कहा, अगर आपमें हिम्मत है, तो आइए, इस मुद्दे को एक जनमत संग्रह में डालते हैं. देश को निर्णय लेने दें.

### किलिकडारोग्लू ने की थी गारंटी कानून बनाने की मांग

किलिकडारोग्लू धर्मनिरपेक्ष सीएचपी का नेतृत्व करता है, जो धर्मनिरपेक्ष आधुनिक तुर्की गणराज्य के संस्थापक मुस्तफा केमल अतातुर्क की स्थापित एक पार्टी है. सीएचपी नेता ने अपनी पार्टी की ओर से प्रतिबंध को बहाल करने के किसी भी डर को कम करने के लिए हिजाब पहनने के अधिकार की गारंटी देने के लिए एक कानून का प्रस्ताव रखा था.

### 'हमने अतीत में गलतियां की थीं'

1990 के दशक में हेडस्कार्फ बहस के केंद्र में था, लेकिन आज कोई भी पार्टी मुस्लिम बहुल तुर्की में प्रतिबंध का प्रस्ताव नहीं रखती है. किलिकडारोग्लू ने इस महीने की शुरुआत में स्वीकार किया, हमने अतीत में हेडस्कार्फ के संबंध में गलतियां की थीं. यह उस मुद्दे को हमारे पीछे छोड़ने का समय है. विशेषज्ञों का कहना है कि किलिकदारोग्लू धार्मिक मतदाताओं को दिखाना चाहते हैं कि उन्हें अगले साल अपनी धर्मनिरपेक्ष पार्टी को चुनने से डरने की कोई बात नहीं है. जवाब में, एर्दोगन ने एक संवैधानिक परिवर्तन का प्रस्ताव रखा जो जल्द ही संसद को अनुमति के लिए भेजा जाएगा जहां उनकी पार्टी अपने राष्ट्रवादी गठबंधन सहयोगी के साथ सरकार चला रही है.

### 'हम इसे लोगों के सामने पेश करेंगे'


हालांकि, तुर्की कानून के तहत, इस बदलाव (गारंटी का कानू) के लिए कम से कम 400 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी. ऐसे में एर्दोगन की पार्टी को सीएचपी से भी समर्थन लेना होगा, नहीं तो 360 वोटों के साथ लोगों के सामने प्रस्ताव रखा जा सकता है. एर्दोगन ने कहा, अगर इस मुद्दे को संसद में हल नहीं किया जा सकता है,

### टेक्सास के मेडिकल सेंटर में फायरिंग, दो कर्मचारियों की मौत, हिरासत में आरोपी

वॉशिंगटन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। टेक्सास के मेथोडिस्ट डलास मेडिकल सेंटर में गोलीबारी की घटना सामने आई है. इस गोलीबारी में आरोपी ने दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी युवक को गोलीमार कर घायल कर दिया गया. पुलिस का कहना है कि फिलहाल मरने वालों की पहचान नहीं हुई है. डलास पुलिस ने आरोपी की पहचान 30 वर्षीय नेस्टर हर्नांडेज़ के रूप में की. हर्नान्डेज को मेथोडिस्ट हेल्थ पुलिस ने इससे पहले भी गिरफ्तार किया था. डलास पुलिस ने कहा कि हर्नान्डेज का एक आपराधिक रिकॉर्ड है और गोलीबारी के समय वह पैरोल पर था. उसकी स्थिति के बारे में जानकारी नहीं दी गई है. यह भी नहीं पता लग पाया है कि उसे कितने समय के लिए अस्पताल में भर्ती रखा गया था.

# इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं जियॉर्जिया मेलोनी

## मुसोलिनी की समर्थक हैं, अप्रवासियों-समलैंगिकों के विरोध पर मिला समर्थन




इटली में नए प्रधानमंत्री के लिए 25 सितंबर को चुनाव हुआ था। ब्रदर्स ऑफ इटली की नेता जॉर्जिया मेलोनी ने अपने राष्ट्रवादी एजेंडे की वजह से विरोधियों से भारी बढ़त बनाई।

### 77 साल में 70वीं बार बदली इटली सरकार

रोम, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। राइट विंग नेता जियॉर्जिया मेलोनी इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। इसी के साथ इटली में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी की नई सरकार का गठन हो गया है। 45 साल की जियॉर्जिया और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने शनिवार को शपथ ली। चार साल पहले मात्र 4.13% वोट पाने वाली मेलोनी की पार्टी को इस बार 26% वोट मिले। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद इटली में ये पहली बार है जब राइट विंग का कोई नेता प्रधानमंत्री की गद्दी संभालेगा। जॉर्जिया की पार्टी इटली के तानाशाह रहे मुसोलिनी की समर्थक हैं। अप्रवासियों को शरण नहीं देना और समलैंगिकों का विरोध और उन्हें हक नहीं देना जॉर्जिया के चुनावी एजेंडे थे।

### कौन हैं जियोर्जिया मेलोनी

जियोर्जिया मेलोनी का जन्म 15 जनवरी 1977 को हुआ। वह एक इतालवी पत्रकार और पॉलिटिशियन हैं। सेकंड वर्ल्ड वॉर के बाद तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी के समर्थकों ने एक आंदोलन शुरू किया था। इसे इटालियन सोशल मूवमेंट नाम दिया गया था। 15 साल की उम्र में मेलोनी ने इसके यूथ विंग में काम किया। मेलोनी के पिता अकाउंटेंट थे। रोम में जन्मीं मेलोनी अंग्रेजी, स्पेनिश और फ्रेंच बोलती हैं। उनकी एक बेटी है, जिसका जन्म 2006 में हुआ।

### कमजोर प्रधानमंत्री सबित हो सकती हैं मेलोनी

ऐसा माना जा रहा है कि मेलोनी देश की इकोनॉमी सुधारने पर कम ध्यान देंगी। इटली पर 2100 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। ये कर्ज उसकी जीडीपी का 150% है। ईयू को डर है कि इटली में स्थिति और खराब हो जाएगी।

इटली में राजनीतिक अस्थिरता हो सकती है, क्योंकि जॉर्जिया की पार्टी के पास सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है। इसके अलावा मेलोनी जिन दो पार्टियों के साथ सरकार बनाएगी वो भरोसेमंद नहीं हैं। दोनों पार्टी के मुख्य नेता सिल्वियो बर्लुस्कोनी और माटेओ साल्विनिक का ईयू के साथ अच्छा इतिहास नहीं है। सिल्वियो बर्लुस्कोनी और माटेओ साल्विनिक महत्वाकांक्षी नेता है जो खुद को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं।

### रेप का वीडियो पोस्ट करने पर मचा था इटली में बवाल

अगस्त में जॉजिया मेलोनी ने एक रेप वीडियो पोस्ट किया था। इसके बाद वो विवादों में फंस गईं। वीडियो पीसेंजा शहर का था। इसमें एक अश्वेत व्यक्ति यूक्रेन की एक रिफ्यूजी महिला का रेप कर रहा था। मेलोनी ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया कि वो इस तरह की घटनाओं से सख्ती से निपटेंगी।

### छोड़ सकती हैं यूरोपियन यूनियन

राष्ट्रवादी जॉजिया मेलोनी से यूरोप डरा हुआ है। वो कभी भी यूरोपियन यूनियन छोड़ सकती हैं। यूरोपीय संघ की नीतियों से मेलोनी पूरी तरह सहमत नहीं हैं। वे ईयू को शरणार्थी समस्या का कारण मानती हैं।

अपने कैंपेन में उन्होंने कहा था- मुस्लिम देशों में गृहयुद्ध में त्रस्त महिलाओं और बच्चों की तस्वीरें दिखाई जाती हैं, लेकिन हमारे देश में पुरुष शरणार्थी बन जाते हैं। मैं इन पुरुषों को शरणार्थी नहीं मानती। वह यूरोपीय संघ पर इटली की एथनिसिटी (नस्ल) बदलने का भी आरोप लगाती हैं। मेलोनी ने डोनाल्ड ट्रम्प की कंजरवेटिव पार्टी की तर्ज पर कहा था- माइग्रेंट्स, खासकर मुस्लिम माइग्रेंट्स खतरा साबित होते हैं।





Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.